हिन्दी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, मंगलवार 01 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 180, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news



## संक्षिप्त खबरें

### कोडरमा-गया-डीडीयू-वाराणसी-प्रयागराज-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन




हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी त्यौहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 03309/03310 एक्सप्रेस स्पेशल का परिचालन दिनांक 01 अक्टूबर से 01 जनवरी 2025 तक धनबाद से प्रत्येक मंगलवार को तथा जम्मूतवी से प्रत्येक बुधवार को किया जायेगा। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 20 कोच होंगे। विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 01.10.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को धनबाद से 10.10 बजे खुलकर 10.35 बजे गोमो, 10.50 बजे पारसनाथ, 11.12 बजे हजारीबाग रोड, 11.42 बजे कोडरमा, 13.30 बजे गया, 14.24 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 14.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 14.54 बजे सासाराम, 15.35 बजे भभुआ रोड एवं 17.00 बजे डीडीयू रूकते हुए बुधवार को 21.30 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 02.10.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जम्मूतवी से 23.30 बजे खुलकर शुक्रवार को 05.00 बजे डीडीयू, 06.25 बजे भभुआ रोड, 06.48 बजे सासाराम, 07.10 बजे डेहरी ऑन सोन, 07.32 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 08.55 बजे गया, 10.35 बजे कोडरमा, 11.10 बजे हजारीबाग रोड, 12.05 बजे पारसनाथ एवं 12.30 बजे गोमो रुकते हुए 14.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

### सरायगढ़ और देवघर के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार, अब चलेगी 31 दिसंबर तक

हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी त्यौहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु सुपौल-सहरसा-सिमरी बख्तियारपुर-मानसी-खगड़िया-मुंगेर-भागलपुर-बांका के रास्ते सरायगढ़ और देवघर के मध्य चलायी जा रही 05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल के परिचालन अवधि में कुल 92 फेरे का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान में 05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल सरायगढ़ एवं देवघर से 30.09.2024 तक प्रतिदिन परिचालित की जा रही है। इसके परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब 01.10.2024 से 31.12.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

## मोदी जी 100 सालों तक हैं, तब तक राहुल गांधी बूढ़े हो जाएंगे

### खड़गे के हालिया बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कसा तंज

पटना,(ईएमएस)। बेगूसराय से बीजेपी सांसद और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान जिसमें खड़गे ने कहा था कि मैं तब तक नहीं मरूंगा, जब तक मोदी को सत्ता से हटा ना दूं। इस पर गिरिराज ने कहा कि इस बयान से साफ है कि खड़गे साहब राहुल गांधी के विरोधी हैं। मोदी जी 100 सालों तक हैं, और तब तक राहुल बूढ़े हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में राहुल गांधी को इस पद तक पहुंचने का मौका ही नहीं मिलेगा। गिरिराज ने खड़गे को चेतावनी देते हुए कहा कि पीएम मोदी का शासन देश की जनता के दिलों पर होगा और कोई भी सत्ता परिवर्तन करने में सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि खड़गे साहब, एक बात समझ लीजिए, पीएम मोदी हजार सालों तक देश की जनता के दिलों पर राज करेंगे। कोई जिंदा रहे या मर जाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मोदीजी गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। बता दें मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने जसरोटा गए थे, जहां मंच पर ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उनकी उम्र 83 वर्ष है, और उन्होंने स्वास्थ्य को लेकर अपनी टिप्पणी की थी। इस बयान ने राजनीतिक माहौल में हलचल मचा दी है, जहां बीजेपी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है।

## दुर्लभ प्रजाति का तक्षक सांप रेस्क्यू

बगहा (ईएमएस)। यहां गंडक नदी से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के विभिन्न क्षेत्रों में पानी फैल गया है। जिससे जंगली जानवर बाहर आने लगे हैं। ताजा घटना वाल्मीकि नगर की है जहां फील्ड असिस्टेंट के जूते में दुर्लभ प्रजाति का तक्षक सांप भी रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि जब वे जूता पहनने जा रहे थे। तब उन्होंने जूते को पहले जांचा और पाया कि उसके अंदर एक सांप बैठा है। उन्होंने खुद को सुरक्षित रेस्क्यू किया। बाढ़ के कारण जंगल में पानी भर गया है। जिससे सांप सूखी जगह की तलाश में घरों में घुस रहे हैं। उन्होंने लोगों से जूता पहनने से पहले उसे जांचने और सोने से पहले बिस्तर को झाड़ने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने वन विभाग को ऐसे मामलों की सूचना देने की अपील की है। वीटीआर में बाढ़ के कारण बाहर निकले 2 अन्य सांपों का भी सफल रेस्क्यू किया गया है। इनमें एक तक्षक सांप शामिल था।

# शराब माफिया के समर्थकों ने पुलिस टीम पर किया हमला, छह घायल



पटना,(ईएमएस)। बिहार के बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र में कथित तौर पर देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के समर्थकों के हमले में एसएचओ और एसआई समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बेगूसराय पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब लाखो पुलिस थाना के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की एक टीम देर रात बहादपुर मुसहरी टोला इलाके में कथित तौर पर देसी शराब बनाने में शामिल कुछ लोगों के घर पर छापा मारने पहुंची।

पुलिस कर्मी जब मौके पर पहुंचे, तब अवैध शराब बनाने वालों के समर्थकों ने पुलिस को देखा तो पथराव कर दिया। घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही आसपास के थानों की भी पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित में किया। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल पुलिसकर्मियों में थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार और एसआई रविशंकर कुमार शामिल हैं। अधिकारियों ने चार अन्य घायल पुलिसकर्मियों के नाम का खुलासा नहीं किया। पुलिस ने बताया कि मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है। बिहार में अप्रैल 2016 से ही शराब की बिक्री और पीने पर प्रतिबंध है।

## जेल में बंद कैदी की मौत, उठ रहे सवाल

बेगूसराय (ईएमएस)। यहां जेल में बंद कैदी की मौत हो गई है। युवक का शव शौचालय के पीछे फंदे से लटका मिला। वो अपनी नाबालिग गर्लफ्रेंड की किडनैपिंग के केस में जेल में बंद था। वहीं मृतक के पिता का कहना है कि बेटे की साजिश के तहत जेल में ही हत्या करवाई गई है। प्रशासन इसे आत्महत्या बता रहा है। किडनैपिंग के केस में मृतक की मां भी जेल में बंद है।मृतक की पहचान रणवीर के रूप में हुई है। रणवीर का पड़ोसी गांव की एक नाबालिग लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की गायब हो गई। लड़की के पिता ने थाने में रणवीर, उसकी मां और पिता पर बेटी के अपहरण का आरोप लगा शिकायत की थी। रणवीर के परिवार का दावा है कि लड़की अपनी मर्जी से बेटे के साथ गई थी। लड़की का परिवार दबंग है। परिजनों ने लड़के के परिजनों पर दबाव बनाया कि लड़की को भेज दो। ऐसा करने पर वे कंप्रोमाइज करवा देंगे। बार-बार दबाव बनाए जाने पर रणवीर ने लड़की को उसके गांव पहुंचा दिया था।



## पर्यटक घर बैठे ही रोप-वे का ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे

नालंदा (ईएमएस)। बिहार के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में रोपवे का आनंद लेने वाले पर्यटकों के लिए एक खुशखबरी है। अब वे घर बैठे ही ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। यह सुविधा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने शुरू की है। इससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की उम्मीद है। रोपवे प्रबंधक ने कहा कि इस नई व्यवस्था से पर्यटकों को लंबी कतारों में खड़े होने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। अब वे नेचर सफारी और जू सफारी की तरह ही रोपवे का टिकट भी ऑनलाइन खरीद सकेंगे। पर्यटक विभागीय वेबसाइट पर जाकर आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि जो लोग ऑनलाइन बुकिंग नहीं करना चाहते हैं उनके लिए ऑफलाइन टिकट की सुविधा भी जारी रहेगी।



## किडनैप बच्चा यूपी से बरामद

गोपालगंज (ईएमएस)। यहां के मजिरवा कला गांव से किडनैप बच्चा पुलिस ने यूपी से बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने किडनैपर को भी गिरफ्तार किया है। बच्चे को उसकी मां के हवाले कर दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी युवक देवरिया का रहने वाला है। उसने बच्चे को किडनैप किया था और फिरौती मांगी थी।पुलिस ने कहा कि आरोपी ने अपने भाई के साथ किडनैपिंग की प्लानिंग की ताकि यूपीएससी की तैयारी के लिए पैसे जुटा सके। फिछले दिनों बच्चे से किडनैपर ने मां का नंबर लिया और फोन कर फिरौती की मांग की। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिर पुलिस की टीम बच्चे की मां के साथ किडनैपर के बताए हुए ठिकाने पर सादे लिबास में पहुंची। किडनैपर के मोबाइल पर मां ने संपर्क किया, लेकिन उसे शक हो गया कि पुलिस उसके साथ है। वह अपने बताए ठिकाने पर नहीं पहुंचा। वह डर गया और बच्चे को छोड़ दिया। तब बच्चे ने अपने परिजन से संपर्क किया।

## गया में पितृपक्ष मेला की धूम...



गया (ईएमएस)। मोक्ष की नगरी गया जी धाम में इन दिनों पितृपक्ष मेला की धूम है। देश के कोने-कोने में इस बात को लेकर गजब की उत्सुकता है। बड़ी संख्या में हर दिन तीर्थ यात्री अपने पूर्वजों का पिंडदान करने आ रहे हैं। यह मेला 2 अक्टूबर तक चलेगा।

हिन्दू पंचांग के तहत द्वादशी तिथि थी। इस दिन भीम गया, गो प्रचार और गदालोल पिंडवेदी पर पिंडदान करने का विधान है। ये 3 वेदियां 54 वेदियों में शुमार हैं। इन तीनों वेदियों पर तीर्थ यात्री पिंडदान करने जुटे थे। अन्य वेदियों पर भी बड़ी संख्या में पिंडदानी पिंडदान कर रहे थे। सभी पिंडदानी अपने पूर्वजों को जन्म मरण से मुक्ति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। हरि विष्णु के मंदिर के गर्भ गृह में भगवान के चरणों के दर्शन करने के लिए भीड़ लगी है। शास्त्रों के अनुसार पिंडदान के बाद विष्णुपद मन्दिर भगवान के चरण दर्शन लाभदायी माने गये हैं। यही वजह है कि बड़ी संख्या में पिंडदान कतार बद्ध होकर भगवान विष्णु का दर्शन कर रहे हैं।

## अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत

सासाराम (ईएमएस)। बिहार में अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। रोहतास में राजस्थान से गया जा रहे लोगों से भरी बस ट्रक से टकरा गई और इसमें 3 लोगों की जान चली गई। बेगूसराय में काम से लौट रहे 3 युवकों को ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें एक ने मौके पर और बाकी दो ने अस्पाल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र में जीटी रोड फोरलेन पर सुबह एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी यात्री राजस्थान के झालावड़ जिले के रहने वाले हैं और पिंडदान के लिए गया जा रहे थे। बस ड्राइवर को नींद आने से ये हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस ट्रक में पीछे से फंस गई। मौके पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। जबकि घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। फिर पुलिस ने क्रेन बुलाकर बस को ट्रक से निकाला। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मृतकों की पहचान बालू सिंह, नरेंद्र सिंह और गोरधन सिंह के रूप में हुई हैं। जबकि घायलों में जालिम, नुम्मू, फतेह सिंह, नारायण सिंह, ब्रजराज सिंह, नेपाल सिंह, राजेंद्र सिंह और कई महिलाएं हैं।

## दुल्हन को अगवा करने की कोशिश...

कैमूर (ईएमएस)। बिहार के कैमूर से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के भगवानपुर में एक शादी के बाद दुल्हन को अगवा करने की कोशिश की गई। इस दौरान बदमाशों ने दूल्हे के परिवार वालों को भी पीटा। वहीं पुलिस के आने पर बदमाश भाग गए। दूल्हा राजस्थान से आया था उसने दुल्हन के परिवार को हजारों रुपये दिए थे। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना भगवानपुर थाने के माता मुंडेश्वरी धाम में हुई। जानकारी के अनुसार राजस्थान के पाली जिले से बारात आई थी। शादी के बाद जब दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर से कृष्णापुर जा रहा था। तभी 3 बाइकों पर सवार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने दुल्हन को छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर दूल्हे के परिवार वालों को पीटने लगे। तभी सरैयां गांव के रहने वाले ग्रामीण चिकित्सक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने शोर-शराबा सुनकर अपनी बाइक रोकी और बदमाशों को डांटा। तभी सामने से पुलिस की डायल 112 आती दिखी तो बदमाश भाग गए। दूल्हे का नाम विनोद है और वह राजस्थान के पाली जिले के एक गांव का रहने वाला है। उसके पिता ने कहा कि शादी 2 दिन पहले ही एक महिला के माध्यम से तय हुई थी। उन्होंने हजारों रुपये कपड़ों की खरीदारी के लिए दुल्हन पक्ष को दिये थे। इस घटना के बाद से ही शादी पर सवाल उठ रहे हैं। थाना अध्यक्ष ने कहा कि दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए बुलाया है। दोनों के आने के बाद ही मामले का पर्दाफाश होगा। वधू की आयु का भी सत्यापन भी करायेंगे। किन शर्तों पर विवाह किया है इसका भी पता किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोसी नदी का कहर जारी, तटबंध टूटा

दरभंगा (ईएमएस)। बिहार के दरभंगा में कोसी नदी ने एक बार फिर कहर बरपाया है। यहां एक गांव के पास कोसी नदी का तटबंध टूट गया है। जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बताया जा रहा है कि कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। दरअसल देर शाम से ही जिला प्रशासन और खुद डीएम इस तटबंध को बचाने की कोशिश कर रहे थे, पर पानी के तेज बहाव के आगे किसी की एक न चली और देर रात तटबंध टूट गया। कहा जा रहा है कि गांव के पास करीब एक किलोमीटर तक तटबंध टूटा है। इससे एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। तटबंध टूटने से लोग दहशत में हैं।

## नककटों ने तिरुपति के प्रसाद में मछली का तेल मिलाया




गया (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में मिलावट को लेकर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि नककटों ने वैष्णव धर्म को बर्बाद करने के लिए तिरुपति महाराज के प्रसाद में मछली का तेल मिलाया है। बोधगया में अपने भक्तों से उन्होंने कहा कि अब शांति नहीं बल्कि सनातनी क्रांति की आवश्यकता है। ताकि देश से जात-पात व छुआछूत का भेदभाव मिट सके। हमारा उद्देश्य यह है कि हिंदुओं की बेटी-बहन पर अत्याचार न हो। पाल घर जैसा कांड भी नहीं हो। रामायण नहीं जलाई जाए। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जैसा व्यवहार हुआ वैसा भारत में न हो। इस दौरान उन्होंने बिहार और बिहार के लोगों की काफी तारीफ की और कहा कि मैं बिहार आता हूं तो दिल में बहार आ जाती है। उन्होंने 160 किलोमीटर पदयात्रा करने की बात कही है।

## पोल्ट्री फॉर्म कारोबारी की हत्या

समस्तीपुर (ईएमएस)। यहां एक पोल्ट्री फॉर्म कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बदमाशों ने कारोबारी के हाथ पैर और गले की हड्डी तोड़ दी। अपराधियों ने उसके सिर और हाथ में कई गोलियां मारी हैं।यह घटना एक गांव की है। आक्रोशित परिजनों और गांव वालों ने समस्तीपुर-पटना मार्ग को जाम कर दिया और जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई ने कहा कि उनके भायी रोजाना की तरह रात का खाना खाने के बाद घर से कुछ दूर पोल्ट्री फॉर्म पर सोने के लिए जा रहे थे। पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हाथ पैर और गले की हड्डी तोड़ने के बाद गोली मारकर हत्या कर लाश को खेत में फेंक दिया। परिवार को काफी देर बाद मामले की जानकारी मिली। परिवार के लोग उन्हें उठाकर पटना के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बाढ़ के चलते कई जिलों में मची तबाही करीब 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित

पटना, (ईएमएस)। बिहार में बाढ़ के चलते कई जिलों में तबाही मची है. राज्य के 16 जिलों में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. बाढ़ के चलते करीब 16 लाख से अधिक लोगों के प्रभावित होने की खबर है. उधर कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं. राज्य जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) की ओर से बताया गया है कि बागमती नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि और पानी के बढ़ते दबाव से सीतामढ़ी जिले के बेलसंड, परसौनी, बरगैनिया और रसलपुर प्रखंडों तथा शिवहर जिले के पिपराही, पुरनहिया और शिवहर प्रखंडों में बागमती नदी के बाएं और दाएं तटबंध पर कई जगह रिसाव की सूचना के बाद तत्काल दुरूस्त किया गया है. तटबंध क्षतिग्रस्त होने, कार्य में लापरवाही बरतने एवं जिला प्रशासन से उचित समन्वय न रखने के आरोप में बगहा के कार्यपालक अभियंता (बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल) निशिकांत कुमार को निलंबित कर दिया है. सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में जहां दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध रविवार शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया. इससे बाढ़ का पानी पश्चिमी



चंपारण जिले के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में भी घुस गया. इससे वहां के वन्यजीवों को खतरा उत्पन्न हो गया है. राज्य जल संसाधन विभाग की ओर से कहा गया है कि बिहार की अन्य नदियों में भी इस साल का अधिकतम जलस्तर दर्ज किया गया. कमला बलान नदी के झंझारपुर मापक स्थल पर जलस्तर 52.10 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से 2.10 मीटर अधिक है. ललबेकिया नदी के गोवाबाड़ी मापक स्थल पर जलस्तर 72.70 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से 1.55 मीटर अधिक है. जल संसाधन विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, महानंदा नदी के तैयबपुर एवं ढ़ेगराघाट मापक स्थलों पर क्रमशः 66.81 मीटर एवं 37.22 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से क्रमशः 0.81 मीटर एवं 1.57 मीटर अधिक है. कमला बलान, ललबेकिया एवं महानंदा नदी के तटबंध एवं संरचनाएं सुरक्षित है. बताया गया है कि छोटी नदियों में जलस्तर में कमी आई है लेकिन कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और करीब 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. हालांकि बाढ़ के चलते अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है. उधर नेपाल के तराई क्षेत्रों में हुई बारिश से मुजफ्फरपुर की नदियों में जलस्तर बढ़ गया है. कई इलाकों में पानी घुस गया है. बाढ़ के जैसे हालात हैं. कटरा स्थित बकुची पावर ग्रिड परिसर में पानी घुस गया है. इस बीच सुपौल में कोसी के बढ़ते जलस्तर में सोमवार की सुबह कमी आई है. कोसी बैराज से निकलने वाले पानी का डिस्चार्ज लगातार कम हो रहा है. इससे प्रभावित क्षेत्रों में पानी धीरे-धीरे घटने लगा है. हालांकि जिले के छह प्रखंड बसंतपुर, भपटियाही, मरौना, निर्मली, किसनपुर और सुपौल की करीब 25 से 30 पंचायतें अब भी बाढ़ की चपेट में हैं. पानी कम होने से कुछ हद तक राहत मिली है, लेकिन नदी के कटाव का खतरा अब भी बना हुआ है.

- करीब 16 जिले बाढ़ से प्रभावित

बिहार के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं. प्रभावित जिलों की बात करें तो सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, दरभंगा, सीवान किशनगंज, गोपालगंज, सारण, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण आदि शामिल हैं. राहत बचाव के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगी हैं.

- लोगों को घबराने की जरूरत नहीं- जल संसाधन मंत्री

बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि, जल संसाधन विभाग की टीम तटबंधों की 24 घंटे निगरानी कर रही है ताकि कटाव या खतरे का पता चलते ही त्वरित कार्रवाई की जा सके. विभाग के तीन अधीक्षण अभियंता, 17 कार्यपालक अभियंता, 25 सहायक अभियंता और 45 कनीय अभियंता 24 घंटे काम कर रहे हैं. वे हमेशा सतर्क रहते हैं. इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है.

# कोयलांचल संवाद

हिंदी दैनिक

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 01 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 180, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news


## संक्षिप्त खबरें

### मंजूनाथ भजंत्री बने रांची डीसी, झारखंड के 4 जिलों के डीसी बदले



रांची(ईएमएस)। राज्य सरकार ने छह आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया।इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदल दिया है। मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी गई है।वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ के उपायुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गई है। पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है।रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### जेएसएससी ऑफिस के बाहर जुटे काफी संख्या में अभ्यर्थी, सीजीएल परीक्षा रद्द करने कर रहे मांग

रांची(ईएमएस)।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सोमवार को हजारों अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय के समक्ष पहुंचे। यहां आक्रोशित अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ में जमकर विरोध किया है। उनका कहना है कि जेएसएससी पेपर लीक किया गया है।लाखों रूपए लेकर जेएसएससी सीजीएल का सीट बेचने का भी आरोप लगाया। सबका कहना है कि पैसा लेकर प्रश्न पत्र बांटा गया है।21-22 सितंबर को हुई जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को अविलंब रद्द करना होगा।क्योंकि इस परीक्षा में पूरी तरह से धांधली हुई है।बिना सीबीआई जांच कराये ही जेएसएससी सीजेएल परीक्षा की उत्तर कुंजी पत्र जारी किया गया।सिस्टम का पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है।परीक्षा में दो साल का प्रश्न पत्र पूछा नहीं जाता है।इसके बाद भी इस बार की परीक्षा में वो प्रश्न पूछा गया।सबका कहना है कि 21 सितंबर की रात को ही प्रश्न पत्र लीक किया गया था।सुबह नेट बंद कर छात्रों को बेवकूफ बनाने का काम किया गया है।नेट बंद होने से हजारों छात्र परीक्षा से भी वंचित हो गए और नेट बंद होने की वजह से परीक्षा स्थल पर नहीं पहुंच पाए।झारखंड में बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है।यह लड़ाई राजनितिक लड़ाई नहीं है।यह चार से पांच साल की तैयारी करने वाले छात्रों की लड़ाई है।

### हाईकोर्ट ने कहा : महिलाओं की सुरक्षा के मामले को गंभीरता से लेना होगा

रांची(ईएमएस)।झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है।राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

### झारखंड में नहीं बढ़ेगी बिजली दर मीटर रेंट भी हुआ माफ

रांची(ईएमएस)।झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा उपहार दिया है।झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की बैठक में फैसला लिया गया है कि बिजली के दर में कोई वृद्धि नहीं होगी।साथ ही उपभोक्ताओं के लिए दूसरी राहत की बात ये है कि उन्हें अब मीटर का रेंट भी नहीं होगा।आयोग का कहना है कि बिजली की सप्लाई में सुधार नहीं होने की वजह से बिजली दर में बढ़ोत्तरी नहीं की गयी है।यहां बता दें कि झारखंड बिजली वितरण निगम ने बिजली दर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा था। जिसपर आज झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने फैसला लिया।जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है।आयोग के सचिव ने नियामक आयोग जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर सुनवाई की और वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बिजली दर बढाने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया।

### पीएम के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर,दो अस्पताल में पीएम के ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव के चार यूनिट रिजर्व मोड में

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग में दो अक्टूबर को अलग-अलग दो जगह पर आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अपनी तैयारी कर लिया है।सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने कार्डियक एम्बुलेंस के साथ चार चिकित्सकीय टीम का गठन किया है।वही इन चार टीम का मॉनिटरिंग के लिए भी सात सदस्यीय प्रबंधकीय टीम बनाया गया है।वही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को उपायुक्त ने पूरी तरह से अलर्ट कर दिया है।इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव को रिजर्व रखा गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्डियक एम्बुलेंस के साथ चार चिकित्सकीय टीम का गठन किया गया है।प्रत्येक टीम में चार-चार चिकित्सक, चार-चार पारा कर्मी, फूड इंस्पेक्टर, ब्लड से जुड़े चिकित्सक शामिल हैं। इन चार टीम में दो टीम को विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रखा गया है जबकि दो टीम गांधी मैदान के कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### आईआईएम रांची के मेन गेट पर हटिया विस्थापित परिवार समिति ने किया प्रदर्शन

रांची(ईएमएस)।सोमवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले नगड़ी प्रखंड स्थित आईआईएम के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आईआईएम का मुख्य द्वार को लगभग तीन घंटे तक बाधित रखा। बाद में आईआईएम प्रबंधन ने हटिया विस्थापित परिवार समिति के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन कार्यालय में वार्ता की। इस दौरान ग्रामीणों की सभी छह मांगो पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और प्रबंधन की ओर से नियुक्त अधिकारी आनंद ने कहा कि आपकी सारी मांगों को आईआईएम प्रबंधन समिति के पास रखी जाएगी। इस संदर्भ में समिति को जल्द सूचित करने कि बात भी कही गई। वार्ता में विस्थापितों की ओर से समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, कलाम आजाद, महावीर मुंडा, विनय उरांव ,अनिल महतो, अख्तर हुसैन, जहाना परवीन और किरण देवी शामिल थी।प्रदर्शन में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि भविष्य में हमें इसी प्रकार निरंतर संघर्ष को जारी रखना है जब तक विस्थापितों को हक और अधिकार की प्राप्ति नहीं हो जाती और तब तक हमें इसी प्रकार की एकजुटता को कायम रखनी है।प्रदर्शन के समर्थन करने आए भाजपा नेता शशि भूषण भगत ने कहा की लड़ाई सिर्फ आपकी नहीं यह लड़ाई हम सब नगड़ी प्रखंड के लोगों की है और आगे इस लड़ाई को पूरे प्रखंड का लड़ाई बनाते हुए पार्टी स्तर पर भी प्रयास होगी।

**मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 178 करोड़ रुपए से अधिक की दी सौगात, 129 करोड़ की 133 योजनाओं की रखी आधारशिला**

# सरकार की योजनाओं से लाभान्वित युवा पीढ़ी खुले आसमान में उड़ने को है तैयार : हेमन्त

धनबाद : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नें बलियापुर स्थित एरोड्रम ग्राउंड, , धनबाद में आयोजित झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 – जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण, समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा की आज झारखण्ड प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है। इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक -युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है। देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आज आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा की अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराशकर रोजगार अर्जित करें। विभिन्न कंपनियों के सी.ई.ओ तथा एम.डी अब राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है। मेरी ओर से भी आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल थे ।




मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के नौजवानों को हमारी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार विशेष कर युवाओं के मार्ग प्रशस्त हेतु काम करने में सफल रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि श्रम विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिला में श्रम स्कूल खोला जाएगा। राज्य के सभी जिलों में गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित कर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहें हैं l मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इसी के मद्देनज़र हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले। ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले नौजवानों से कहा कि आज आपसभी का यह पहला पड़ाव है। आने वाले समय में आप एक बड़ा लक्ष्य और उद्देश्य के साथ तेज गति से आगे बढ़ते हुए लम्बा छलांग लगाने में जरूर कामयाब होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के बहुत से नौजवानों ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 20 से 25 हजार रुपए की सैलरी से काम करना शुरू किया था, आज वही नौजवान लाखों रुपए की सैलरी में देश-विदेश की कई जाने-माने कंपनियों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं को इस प्रकार सुदृढ़ और मजबूत बनाया जाए कि बदलते वक्त के अनुसार गरीब, मजदूर, किसान सभी वर्ग समुदाय के बच्चे भी कदम से कदम मिलाकर चल सकें, इस निमित्त हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

#### रोजगार उपलब्ध कराने का निरंतर हुआ है प्रयास

मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से लोगों को ऋण उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेती-बाड़ी की नई और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है, ताकि पढ़े लिखे नौजवान भी खेती से जुड़कर आय का स्रोत ढूंढ़ सकें। आगे उन्होंने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करते हुए लोगों को निरंतर रोजगार के कई योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया गया है। मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से कहा कि आप सभी के लिए आज अपने परिजनों के साथ खुशी मनाने का दिन है। निश्चित रूप से आपके घर में आज मुस्कान आएगी। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जोहार।

#### विभिन्न योजनाओं का हुआ उद्घाटन, व शिलान्यास

इस अवसर पर मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन ने 129 करोड़ 30 लाख 29 हजार 63 रुपए की 133 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं 48 करोड़ 81 लाख 90 हजार 836 रुपए की 84 योजनाओं का उद्घाटन भी किया। जिसमें धनबाद नगर निगम की 44 करोड़ से अधिक की 83, ग्रामीण कार्य विभाग की 52.73 करोड़ की 20, पेयजल एवं स्वच्छता (यांत्रिक प्रमंडल) की 3.85 करोड़ की 10, झारखंड शिक्षा परियोजना की 9.93 करोड़ की 8, कल्याण विभाग की 1.29 करोड़ की 7, भवन प्रमंडल की 91 लाख की 3, पथ निर्माण विभाग की 5.50 करोड़ की एक एवं जे.एस.बी.सी.सी.एल. पी.आई.यू. की 11 करोड़ की एक योजना का शिलान्यास किया। वहीं धनबाद नगर निगम की 46.27 करोड़ की 76, भवन प्रमंडल की 2.09 करोड़ की 7 तथा पेयजल एवं स्वच्छता, यांत्रिक प्रमंडल, की 44.93 लाख की एक योजना का उद्घाटन किया।

## झारखंड राज्य में पहली दफा ड्रोन से होगी ट्रांसमिशन लाइनों की निगरानी

रांची (ईएमएस)। अत्याधुनिक तकनीक झारखंड राज्य की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने में मददगार साबित होगी। इससे जहां कई दशक पहले बने भारी-भरकम ट्रांसमिशन लाइनों की अद्यतन स्थिति का अनुमान लग सकेगा, वहीं पुनरुद्धार के लिए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम पूरी योजना तैयार कर सकेगा। इस सिलसिले में राज्य में पहली दफा ड्रोन पेट्रोलिंग का इस्तेमाल करने की योजना है। पूरी तरह वैज्ञानिक तरीके से संपन्न होने वाली इस कवायद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के जरिए संचरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। ये उपकरण बताएंगे कि टावर कितना क्षतिग्रस्त हुआ है और इसका ग्राउंड क्लीयरेंस किस स्तर का है? दुर्गम पहाड़ियों से गुजर रही ट्रांसमिशन लाइनों की अद्यतन स्थिति जानने के लिए एआई का इस्तेमाल होगा। झारखंड की सबसे पुरानी ट्रांसमिशन लाइनों में फरक्का-ललमटिया, ललमटिया-साहिबगंज और मैथन-जामताड़ा ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं, जिसका निर्माण 60-70 वर्ष पूर्व हुआ था। तीनों बिजली ट्रांसमिशन लाइन और इसमें लगे टावरों की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। ये ट्रांसमिशन लाइन और इसमें लगे बिजली टावर इसतरह के स्थानों से गुजरते हैं, वहां मानव का जाना काफी कष्टप्रद और जोखिमों से भरा है। इसके रखरखाव के दौरान सबसे ज्यादा घटनाएं सर्पदंश की होती है। एक बार अगर लाइन डिस्टर्ब होने पर फाल्ट ढूंढ़ने और फाल्ट को दुरुस्त करने में कई दिन लग जाते हैं। इन अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से तीनों ट्रांसमिशन लाइन को बदलने में मदद मिलेगी। इससे संताल परगना इलाके में बिजली की आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत हो सकेगी। योजना के मुताबिक एक दिन में 10 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का विजुअली निरीक्षण इस माध्यम से संपन्न होगा। पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद इसके पुनरुद्धार की फूलप्रूफ योजना तैयार होगी। झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के पूर्व भारत सरकार की पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया (पीजीसीआइएल) ने इस योजना पर सफलतापूर्वक कार्य किया है।

### चांडिल रेलवे फाटक के पास मालगाड़ी बेपटरी, आवागमन बाधित

सरायकेला (ईएमएस)। चांडिल-टाटानगर रेलखंड पर चांडिल बाजार रेलवे फाटक गुमटी नंबर दो के पास सोमवार को डाउन लाइन पर एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी कांड्रा की ओर से चांडिल की ओर जा रही थी। घटना में लोहे की पत्ती ले जा रही मालगाड़ी के पीछे का इंजन पटरी से नीचे उतर गया। घटना दोपहर 12.10 बजे की है। घटना के बाद से इस रेल मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया।इस घटना में रेलवे का ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के वक्त रेल पटरी ऊपर उठ गया था।इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मालगाड़ी जब पटरी से ऊतरी उस वक्त फाटक के दोनों ओर काफी संख्या में लोग खड़े थे।बाजार का फाटक होने के कारण यहां हर वक्त लोगों की भीड़ रहती है।फाटक के पास बच्चों से भरी स्कूल बस भी खड़ी थी। बताया जा रहा है कि घटनास्थल सीकेपी रेल मंडल के अंतर्गत आता है, जबकि चांडिल रेलवे स्टेशन आद्रा डिवीजन के अंतर्गत आता है। इस घटना में आधा फाटक पार करने के बाद मालगाड़ी रूक गई। इसके बाद फाटक को खोलकर सड़क पर रूकी वाहनों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। मालगाड़ी के डीरेल होने के सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी हरकत में आ गए और तत्काल रेलवे लाइन को दुरुस्त करने और यातायात बहाल करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

### आईआईएम रांची के मेन गेट पर हटिया विस्थापित परिवार समिति ने किया प्रदर्शन

रांची(ईएमएस)। सोमवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले नगड़ी प्रखंड स्थित आईआईएम के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आईआईएम का मुख्य द्वार को लगभग तीन घंटे तक बाधित रखा। बाद में आईआईएम प्रबंधन ने हटिया विस्थापित परिवार समिति के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन कार्यालय में वार्ता की। इस दौरान ग्रामीणों की सभी छह मांगो पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

## सुप्रीम कोर्ट का आईआईटी आईएसएम धनबाद को निर्देश, अतुल का दाखिला लें, प्रतिभावान छात्र को दाखिले से वंचित नहीं कर सकते

धनबाद : सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए समय पर फीस नहीं भरने के कारण एडमिशन से वंचित छात्र का दाखिला लेने का निर्देश झारखंड के प्रतिष्ठित आईआईटी आईएसएम धनबाद को दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 142 के तहत निहित अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आईआईटी आईएसएम को आदेश दिया है कि वह उत्तर प्रदेश के दलित छात्र का दाखिला ले.

#### उत्तर प्रदेश के छात्र ने आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास कर ली थी

दरअसल उत्तर प्रदेश के एक छात्र ने आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास कर ली थी. लेकिन समय पर फ़ीस नहीं भरने के कारण उसका दाखिला आईआईटी धनबाद में नहीं हो पाया. जिसके बाद यह मामला शीर्ष



अदालत पहुंचा जहां सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी धनबाद को निर्देश दिया कि ऐसे मेधावी छात्र को दाखिले से वंचित नहीं किया जाना चाहिए.

#### मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई हुई

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि छात्र समयसीमा के भीतर फीस जमा करने में विफल रहा, लेकिन उसे हर हाल में आईआईटी धनबाद में दाखिला मिलना चाहिए. पिछड़े समूह से आने वाले किसी भी प्रतिभावान छात्र को दाखिले से वंचित नहीं किया जाना चाहिए.इस मामले में छात्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की. इस केस के लिए प्रज्ञा सिंह बघेल ने एक रुपए भी फीस नहीं ली.इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच में हुई.

## गांधी जयंती के दिन झारखंड का दौरा करेंगे पीएम, 83300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती के दिन झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे। इस दौरान वह दोपहर करीब 2 बजे 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, इस दौरान प्रधानमंत्री 59,150 करोड़ रुपये से अधिक के धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे।

#### पांच करोड़ आदिवासियों को मिलेगा सीधे लाभ

पीएमओ के मुताबिक, यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉक के 63,000 गांवों को कवर करेगा, जिससे करीब पांच करोड़ से अधिक आदिवासियों को सीधे लाभ मिलेगा। इसमें किया जाएगा। यह पहल सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खामियों को दूर करने के लिए 25 लक्ष्यों पर आधारित है, जिसे भारत सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा चलाया जाएगा।

#### एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उद्घाटन करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह 2,800 करोड़ रुपये की लागत से 25 और स्कूलों की आधारशिला रखेंगे। ये स्कूल आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखें, जिनकी कुल लागत 1,360 करोड़ रुपये से अधिक है। इन परियोजनाओं में 1,380 किलोमीटर से अधिक की सड़कें, 120 आंगनवाड़ी केंद्र, 250 बहुद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का निर्माण शामिल है।



# संक्षिप्त खबरें

## पलामू में जिप सदस्य ने रखी पंचायत सचिवालय भवन की आधारशिला

पलामू(ईएमएस)।जिले के उंटारी रोड प्रखंड के सिडहा में जेपी यादव पब्लिक स्कूल के बगल में सरकारी मद से 99 लाख की लागत से बनने वाली पंचायत सचिवालय भवन की आधारशिला सोमवार को उंटारी रोड जिला पार्षद अरविंद सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़ कर किया।यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में बने पंचायत सचिवालय का भवन लहर बंजारी ग्राम में है, लेकिन वहां तक सड़क नहीं रहने के कारण पंचायत वासी को काफ़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता था।जिसे देखते हुए जिला पार्षद अरविंद ने नए पंचायत सचिवालय भवन निर्माण कराने की मांग जिला पार्षद की बैठक में किया था।शिलान्यास के उपरांत लहर बंजारी मुखिया अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिला पार्षद के अथक प्रयास से पंचायत सचिवालय भवन निर्माण का कार्य की आधारशिला रखी गई।

## परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा ने निकाली बाइक रैली

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।गुवा में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के आवास से परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत पूर्व सांसद गीता कोड़ा के साथ भाजपाइयों ने बाइक रैली निकाली।यह बाइक रैली गुवा स्थित कोड़ा आवास से शुरू होकर रेलवे मार्केट होते हुए गुवा बाजार पहुंची। गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।इस परिवर्तन संकल्प यात्रा में पूर्व सांसद गीता कोड़ा, मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरु चरण नायक, ओडिशा क्योंझर के भाजपा जिला अध्यक्ष राधाकांत नायक, जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद पाठक, रितेश प्रसाद, कैलाश दास, रविंद्र प्रधान, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एके 47 के साथ गिरफ्तार जेजेएमपी उग्रवादी को हाईकोर्ट से मिली बेल

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट ने एके 47 हथियार के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के उग्रवादी शिवपूजन भूमिहार उर्फ शिवपूजन मुंडा को जमानत दे दी है।शिवपूजन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। शिवपूजन की ओर से अधिवक्ता तन्नु सिंह ने बहस की।शिवपूजन को गढ़वा जिले के रंका थाना से पिछले वर्ष गिरफ्तार किया गया था।हाईकोर्ट ने उसे इस शर्त पर जमानत दी है कि उसे ट्रायल कोर्ट में सभी तारीखों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

## धनबाद में कोयला चोरों से निबटने को सीआईएसएफ ने किया मॉक ड्रिल

धनबाद(ईएमएस)।ईसीएल मुगमा क्षेत्र में कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर सीआईएसएफ ने सोमवार को कापासारा कोलियरी परिसर में मॉक ड्रिल किया। इस मॉक ड्रिल में ईसीएल की शीतलपुर, मुगमा व बैजना की सीआईएसएफ टीम व ईसीएल के सुरक्षा कर्मी शामिल थे। सीआईएसएफ शीतलपुर पोस्ट के अधिकारी पीएस पात्रा ने बताया कि कोयला चोरों के खिलाफ सीआईएसएफ की छापेमारी के दौरान टीम को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान कोयला चोर व ग्रामीण सीआईएसएफ पर अक्सर पत्थरबाजी भी कर देते हैं, जिसमें जवान घायल हो जाते हैं। खदान के आसपास तैनाती के दौरान भी कई तरह की परेशानियां आती हैं।मॉक ड्रिल में इन चुनौतियों से निबटने के लिए जवानों क्षमता व तैयारी का आकलन किया गया।इसमें एंबुलेंस को भी शामिल किया गया, ताकि घायल होने की स्थिति में जवानों को एंबुलेंस से कैसे जल्दी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को दो केस में राहत

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 28 अक्टूबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है।जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई।निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की।वहीं दूसरा मामला लोकसभा चुनाव के दौरान जेएमएम का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ा हुआ है।इस मामले में भी अदालत ने सांसद के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। इस संबंध में बुढ़इ थाना में मामला दर्ज है।

## दुमका में परिवर्तन यात्रा का हुआ समापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा पिछले 5 सालों में लूट और हुई बेईमानी

दुमका(ईएमएस)।दुमका में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री लुइस मरांडी सहित अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा की झारखंड की हेमंत सरकार ने पिछले 5 सालों में केवल लूट और बेईमानी की। इसने लोगों के साथ के छल किया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड राज्य निर्माण के मुद्दे के साथ भी सौदा किया था और अब यहां के लोगों के हितों के साथ सौदा कर रहा है। उन्होंने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर भी लोगों को आगाह किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में शामिल लोगों ने पिछले 5 सालों में जमीन और खनिज संपदाओं को लूट कर अपने खजाने को भरने का काम किया है। यहां के मंत्री, अफसर और उनके नौकर के घरों से भी अकूत संपत्ति मिली है। इससे यह साबित हुआ है कि इस राज्य में जनता के लिए कोई काम नहीं हुआ, बल्कि सब ने मिलकर प्रदेश को लूटा है।

## जमशेदपुर में चुनाव को लेकर थाना स्तर पर लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन का निर्देश

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।एसएसपी कौशल किशोर व सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने सोमवार को जिला सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी की। इस दौरान पर्व त्यौहार एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस को सदैव मुस्तैद रहने की जरूरत पर बल दिया गया।इसके लिए अभी से खुफिया तंत्र को मजबूत कर अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया गया। एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है।वहीं नवंबर में विधानसभा चुनाव होना है।इसके मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सदैव मुस्तैद रहने की जरूरत हैं।उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार में बेहतर पुलिसिंग करना और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।इसके लिए जरूरी दिशा-निर्देश सभी डीएसपी और थाना प्रभारी को दिए गए।सभी थाना प्रभारियों से कहा गया कि जिले में जितने भी लाइसेंसी हथियार धारक है उनका सत्यापन कार्य प्रारंभ करें। साथ ही जितने भी आर्म्स एक्ट, अवैध शराब कारोबार और आपराधिक मामले है, उनका तत्काल निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को बताया गया है कि वे खुफिया तंत्र को मजबूत करें, ताकि पर्व-त्योहार के समय में किसी को भी कोई परेशानी ना हो।एसएसपी ने कहा कि चिन्हित अपराधकर्मियों पर सीसीए लगाने की भी कार्रवाई की जाएगी।त्योहार के दौरान जो छोटी-मोटी चोरी या फिर चेन छिनतई के मामले हैं, उन पर विशेष तौर पर नजर रखा जाएगा।बैठक के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ही कांग्रेस को हराता है, इस कहावत को गलत साबित करें नेता कार्यकर्ता : मीर



रांची(ईएमएस)। मिशन विधानसभा चुनाव को केंद्र में रखकर कांग्रेस का संवाद विधानसभा चुनाव 2024 का आयोजन सोमवार को ललगुटवा में हुआ। कार्यक्रम में सभी जिला के पंचायत, मंडल, ब्लॉक, जिला अध्यक्ष, डेलीगेट्स, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक,पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद शामिल हुए. मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संवाद आपके साथ कार्यक्रम के कारण पूरे झारखंड के लोगों और जमीनी हकीकत से संगठन रूबरू हुआ, यह समय की जरूरत थी।कभी-कभी चुनावी रणनीति और समीकरण अपने पक्ष में होने के बाद भी बूथ स्तर पर कार्य नहीं होने से चुनाव में हार हो सकती है, एक प्रतिशत मत भी सरकार बना बिगाड़ सकते हैं। कांग्रेस को कांग्रेस ही हराती है, इस मुहावरे को गलत साबित करना।पार्टी जिसे उम्मीदवार बनाए उसकी जीत तय करें।हम आने वाले दिनों में गठबंधन दलों के साथ मिलकर प्रमुख मुद्दों को गारंटी में बदलने की बात करेंगे।छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने सीएए और एनआरसी को मुद्दा बनाया, लेकिन आज वह मुद्दे हवा हो गए हैं।पिछले चुनाव में झारखंडी जनता ने भाजपा के मुद्दों को करारा जवाब दिया और यहां की सत्ता बदल दी। मोदी सरकार में ऐसी कोई पार्टी नहीं है, जिसके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई हो। भाजपा की सोच है कि कोई भ्रष्टाचारी दूसरी पार्टी में नहीं भाजपा में रहना चाहिए।जम्मू कश्मीर में अमित शाह वादा करते हैं कि ईद में दो सिलेंडर मुफ्त देंगे और झारखंड में मुसलमान का विरोध करते हैं।जम्मू कश्मीर और हरियाणा भाजपा निश्चित रूप से हार रही है, महाराष्ट्र, झारखंड हारी तो मध्यावधि चुनाव तय है और यदि यह हुआ तो भाजपा 20 वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगी।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अंग्रेजों को भगाने के लिए बापू ने दांडी यात्रा की सांप्रदायिक और विध्वंसकारी ताकतों को भगाने के लिए राहुल जी ने कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक यात्रा की जिसका फल है कि मजबूत विपक्ष के रूप में हम देश में उभरे हैं। चुनाव के लिए बहुत से लोगों ने आवेदन दिया। लेकिन टिकट किसी एक को मिलेगा बाकी लोगों को उस उम्मीदवार को जिताना है. जिस तरह आवेदन निष्ठा के साथ दिया, उसी निष्ठा के साथ कार्य करना है।कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि चुनाव में जाने के लिए आपके झोले में सरकार की उपलब्धि है। बाधाओं के बावजूद हमने उपलब्धि हासिल की है। भाजपा के लोग बाहर से आ रहे हैं।झारखंड की जनता सबको पहचानती है। भाजपा ने अपने शासित राज्य में कोई उपलब्धि हासिल नहीं की और इसका जवाब नहीं दे पा रहे हैं।पिछली सरकार में झारखंड में परिवारों की आय शून्य थी।इस सरकार में परिवार की आय समस्त योजनाओं को मिलाकर 5 से छह हजार प्रतिमाह है। हमारा जो मकसद था, हम उसमें कामयाब रहे, हम इसे और आगे बढ़ाएंगे हम झारखंडी जनता को आर्थिक रूप से सबल बनाएंगे। इस मौके पर सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर, सिरी बेला प्रसाद, कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत कई ने अपने विचार रखे।

मौके पर राजेश ठाकुर,प्रदीप बलमुचु,सुखदेव भगत,कालीचरण मुंडा,धीरज साहू, दीपिका पांडे सिंह,बन्ना गुप्ता, प्रदीप यादव ,राकेश सिन्हा,सतीश पॉल मुंजनी, गुलफाम मुजीबी,सोनाल शांति,मदन मोहन शर्मा, मानस सिन्हा, कमल अशोक चौधरी, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, रविंद्र सिंह,संजय पासवान मोहम्मद तौसीफ, विक्सल कौनगारी,भूषण बाड़ा,शिल्पी नेहा तिर्की, गजेंद्र सिंह ,सोनाराम सिंकू ,रामचंद्र सिंह, बद्रीराम जयशंकर पाठक,के एन त्रिपाठी, गुंजन सिंह, नेली नाथन, विनय सिन्हा दीपू, ममता देवी, गीताश्री, उरांव सहित कई उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही हैः बैद्यनाथ राम

लातेहार(ईएमएस)।शिक्षा एवं उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम सोमवार को जिला मुख्यालय के विद्युत प्रमंडल कार्यालय में मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण शिविर पहुंचे।वहां मंत्री राम ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए काम रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की जनता को ध्यान मे रखते हुए कई कल्याण कारी योजना शुरू की है। जिसके तहत 200 यूनिट से कम बिजली बिल आने पर बिजली बिल माफी योजना शुरू की है।इसके तहत जिले के 93 हजार 839 उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया है।इसके एवज मे राज्य सरकार ने 73 करोड़ 36 लाख 73 हजार 43 रुपया बिजली विभाग को दिया है। इससे पहले विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता आईटी प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता राजदेव भगत व कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मंत्री राम को बुके देकर स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि जितने उपभोक्तओं का बिजली बिल माफ हुआ है सभी को प्रमाण पत्र मिलेगा।

## किसानों के बीच एक करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

गिरिडीह(ईएमएस)।बेंगाबाद के पेसराटांड़ खेल मैदान में सोमवार को गिरिडीह जिला कृषि विभाग की ओर से किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रमंडल स्तरीय प्रदर्शन सह मेले का उद्घाटन राज्य की मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, रामगढ़ से बड़ी संख्या में किसान आए हुए थे।किसानों के बीच एक करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का रांची में हुआ आगाज

रांची : रांची में 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का रांची में आगाज हुआ. 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि खेल निदेशक संदीप कुमार, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, उपनिदेशक खेल विभाग राजकिशोर खाखा, साई के हाई परफोर्मेंस निदेशक पियूष दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गुब्बारा उड़ाकर किया.

## 18 और 19 अक्टूबर को आर्ट 81 कार्यक्रम से मतदाताओं को किया जायेगा जागरूक

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखण्ड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम का 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखण्ड की कलाकृति, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वे आज निर्वाचन सदन में आर्ट 81 कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिले एवं मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो दिवसीय कला महोत्सव का जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं के बीच वृहत प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का संपूर्ण तैयारी ससमय कर लें।

### सातवां राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन

## राज्यपाल ने ग्यारह हजार सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन किया उद्घाटन



रांची(ईएमएस)।देशभर में पोषण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक से तीस सितम्बर तक चले सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का आज समापन हो गया। इस मौके पर रांची में आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई।सही पोषण देश रौशन के संकल्प के साथ पूरे एक महीने चला सातवाँ राष्ट्रीय पोषण माह का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर रांची में आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने ग्यारह हजार सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथिद्वय ने राज्य की कई आंगनबाड़ी संचालिकाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की और उनकी गतिविधियों को जाना। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा कि हमारी अगली पीढ़ी सशक्त बने इसके लिए सही पोषण को अपनी दैनिक आदत में शामिल करना जरुरी है। उन्होंने पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरुरत पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक रूप से छह माह की आयु पूरा कर चुके पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही, दोनों अतिथियों ने गर्भवती माताओं को उपहार देकर उनकी गोद भराई की रस्म भी पूरी की। शौर्य सभागार में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कुपोषण रूपी दानव को समाज से मिटाना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य ही इसके लिए शहर से लेकर सुदूरवर्ती गाँवो तक जागरूकता फैलाना है।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आगे कहा कि इस दिशा में देश के सभी वर्गों में अपेक्षित सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की माताओं को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की है, जो हमारे थीम का हिस्सा भी है।पोषण माह के समापन समारोह के दौरान आँगनबाड़ी केंद्रों, महिला समूहों और विभागों ने कई स्टॉल भी लगाए थे, जिसका भ्रमण अतिथियों ने किया और उनके प्रयासों को सराहा। एक महीने तक चले पोषण माह में एनीमिया, पूरक आहार, पोषण भी - पढ़ाई भी और एक पेड़ माँ के नाम जैसे विषयों को शामिल किया गया था। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग का लक्ष्य सक्षम आँगनबाड़ी केंद्रों के जरिए इसमें क्रन्तिकारी रूप से सुधार लाने की है।

# डीपीएस बोकारो की छात्रा दर्शना को सिंगापुर सरकार ने दी छात्रवृत्ति, टॉप यूनिवर्सिटी में मिला दाखिला

बोकारो (ईएमएस)। डीपीएस बोकारो से इसी वर्ष सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली मेधावी छात्रा दर्शना कोपल को सिंगापुर की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (एसयूटीडी) में दाखिला मिला है। वह वहां से कंप्यूटर साइंस एंड डिजाइनिंग में बीटेक करेगी।सिंगापुर की सरकार ने उसे 50 प्रतिशत का ट्यूशन ग्रांट भी बतौर छात्रवृत्ति प्रदान किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने दर्शना कोमल को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।उन्होंने कहा कि दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी में दर्शना का चयन विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा कम्बाईन्ड विल्डिंग, जामताड़ा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 / NREP.JMT/UNTIED/ 2024–25

1. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.10.2024
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दि0–04.10.2024 को अप0 4:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दि0–07.10.2024 को अप0 2:00 बजे तक
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–07.10.2024 को अप0 3:00 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, जामताड़ा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, जामताड़ा।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम– सटकी सदल के नया घर से अंसारूल के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 809600 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 2 | ग्राम– कालीपाथर, महरा टोला में 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2414700 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 3 | तुड़का मध्य विद्यालय से हुड़ीआम टोला, माँझीथान तक, पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1626400 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 4 | मंझलाडीह ग्राम से चड़कादह ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2136200 | 43000 | 5000 | 1 माह |
| 5 | ग्राम–बाबुपुर (नीचे टोला) में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1624300 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 6 | मुख्य सड़क से बुटबाड़ी ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1621900 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 7 | चीताकुडी (प्रधान टोला) में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2418000 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 8 | तांबाजोड़ नवोदय स्कूल से नीचे टोला आंगनबाड़ी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1620400 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 9 | नीमडंगाल (फतेहपुर) आदिवासी टोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1622600 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 10 | ग्राम– विजयपुर में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1624900 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 11 | ग्राम– हरीनाराणपुर में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1622900 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 12 | चड़काडीह ग्राम से मुख्य सड़क तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1627900 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 13 | बेनीगंज गांव से मुख्य सड़क तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 2418000 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 14 | सिद्धू–कान्हु मोड़ से सपसपिया स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2421200 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 15 | सुयापाड़ा में पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 1626600 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 16 | डाबर पुराना प्रा0वि0 से नाड़ीथोल जोड़िया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2421200 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 17 | बेगेजोड़ी से बाँकी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1626600 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 18 | वद्धनडंगाल ग्राम से मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1630900 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 19 | बगदही दयामय पंडित घर से नीचे टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2429600 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 20 | मुख्य सड़क से धसनियाँ अंत तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1619500 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 21 | मुख्य सड़क काजू पुल से केवलजोड़िया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1944300 | 39000 | 5000 | 1 माह |
| 22 | आर0ई0ओ0 मुख्य सड़क से जारकुड़ी ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1949900 | 39000 | 5000 | 1 माह |
| 23 | सूगनीबासा निचेटोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1634200 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 24 | मुख्य सड़क भातुडीह से शिव मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 813200 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 25 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खिजुरिया से काली मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य । | 1632200 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 26 | मुख्य संड़क से चरकमारा ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2436600 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 27 | ग्राम–मंगरायडीह में सामुदायिक विकास भवन निर्माण कार्य। | 739200 | 15000 | 1250 | 3 माह |
| 28 | ग्राम–श्रीमतडीह में सामुदायिक विकास भवन निर्माण कार्य। | 739200 | 15000 | 1250 | 3 माह |
| 29 | तिलाबाद (आ0टो0) सहड़ाटोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1632400 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 30 | संथाल पिपला टोला टेकायडीह मोड़ से कारमा हांसदा घर तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1609800 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 31 | कुसमापहाड़ी टोला पिठुडंगाल से मैन रोड तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1614000 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 32 | हुण्डबेड़ा से कांसजोर दो छोर पर 500–500 का पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1618300 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 33 | जबरदाहा टोला बिरगोड़ा से मुख्य पथ तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1616000 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 34 | रामपुर चौक से सिद्धू कान्हु मोड़ तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1425200 | 29000 | 2500 | 1 माह |
| 35 | चैंगायडीह मैन रोड से गोखलाडीह टोला बड़ा सुरजुटांड़ जोरिया तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1614700 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 36 | पाकडीह सुजित दास घर से सर्खेलडीह मैन रोड तक 1000 फीट नाली निर्माण। | 1506300 | 30500 | 5000 | 1 माह |
| 37 | सतसाल में काली मंदिर से फला महतो के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 801200 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 38 | बोरवा मदरसा आर0ई0ओ0 सड़क से तालाब तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1612200 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 39 | कालीपहाड़ी मदरसा का चाहरदिवारी निर्माण। | 719500 | 14500 | 1250 | 2 माह |
| 40 | पंदनी मदरसा का चाहरदिवारी निर्माण। | 719500 | 14500 | 1250 | 2 माह |
| 41 | मंझलाडीह में गार्डवाल निर्माण सुकदेव मिर्धा से इनुल मियां के घर तक 120 फीट | 480800 | 10000 | 750 | 1 माह |
| 42 | नयाडीह टोला मुण्डूडीह से टोला चैलीडीह तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1612200 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 43 | उ0म0 विद्यालय भगवानपुर का चार दिवारी निर्माण। | 1080600 | 22000 | 2500 | 2 माह |
| 44 | हरिहरपुर आदिवासी टोला से मुख्य सड़क तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1612200 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 45 | जेरूवा टांड़पर मदरसा में दो कमरा निर्माण | 1450300 | 29500 | 2500 | 2 माह |
| 46 | डुमरसिंघा जब्बार मियां घर से इकवाल अंसारी घर तक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 485100 | 10000 | 750 | 1 माह |
| 47 | टोंगोडीह मध्य विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण। | 591400 | 12000 | 1250 | 2 माह |
| 48 | जामताड़ा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंजनिया में आदिवासी कुमार टोला से डोमडीह तक 2000 फीट पी0सी0सी0 निर्माण। | 1619800 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 49 | जामताड़ा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम निताईडीह पंचायत लाधना में मैन रोड से नरेश किस्कु भाया सरिता मुर्मू के घर तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1622100 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 50 | जामताड़ा प्रखण्ड अंतर्गत रामकृष्ण मठ से कंचनबेड़ा ग्राम तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2491800 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 51 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम तुम्बादहा ईदगाह से मुकसुद अंसारी घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1626300 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 52 | जामताड़ा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम खैरवा पंचायत लाधना में खैरवा से काशीडीह तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1618700 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 53 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम डोकीडीह पंचायत डाभाकेन्द्र में मस्जिद से मुस्लिम टोला तक 500 फीट पी0सी0सी0 निर्माण। | 802300 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 54 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बोरवा पंचायत बोरवा से सामुदायिक भवन तक 500 फीट पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 802300 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 55 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम डाभाकेन्द्र, पंचायत डाभाकेन्द्र पहाड़पुर ग्राम तक 500 फीट पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 814600 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 56 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम रूपडीह पंचायत रूपडीह, रूपडीह मुख्य सड़क से मुखिया टोला का शेष भाग पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1626700 | 33000 | 5000 | 1 माह |
| 57 | नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मुचियाडीह पंचायत बांकुडीह में गार्डवाल निर्माण। | 1403500 | 28500 | 2500 | 2 माह |
| 58 | पीपला गांव से जीतपुर तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1624400 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 59 | शहरपुरा से हनुमान मंदिर तक 1200 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1185000 | 24000 | 2500 | 1 माह |
| 60 | गोपालपुर हनुमान मंदिर से शिव मंदिर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1604900 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 61 | दुधकेवड़ा सहरबेड़ा से पहाड़ तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1425200 | 29000 | 2500 | 1 माह |
| 62 | पहाड़पुर मस्जिद से स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1127000 | 23000 | 2500 | 1 माह |
| 63 | कासिटांड़ मुख्य पथ से रघुनाथपुर तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1617500 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 64 | रिंगोचिंगों मेन रोड से सलाउद्दीन मियां के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 का निर्माण। | 1294600 | 26000 | 2500 | 1 माह |
| 65 | आमडीहा आदिवासी ग्राम में 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1133300 | 23000 | 2500 | 1 माह |
| 66 | पोसोई मिडिल स्कुल से शमशान घाट तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1134900 | 23000 | 2500 | 1 माह |
| 67 | भैयाडीह से शमशान घाट तक 1200 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1620000 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 68 | चाहरदिवारी निर्माण उच्च विद्यालय, धोबना। | 2451100 | 49500 | 5000 | 2 माह |
| 69 | न्यू टाउन राजबांध के निकट पुनु के दुकान से लेकर समीर दत्ता के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण। | 1022600 | 20500 | 2500 | 1 माह |
| 70 | श्यामपुर उच्च विद्यालय का चाहार दिवारी निर्माण। | 838900 | 17000 | 1250 | 2 माह |
| 71 | ग्राम हेठभिटरा में क्रब्रिस्थान के सामने तालाब में 200 फीट गार्डवाल निर्माण। | 1403500 | 28500 | 2500 | 2 माह |
| 72 | करमाटाँड़ प्रखण्ड के घौसी मोड़ से गबड़ा स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण 1000 फीट। | 1425200 | 29000 | 2500 | 1 माह |
| 73 | रिंगोचिंगों शिमला मोड से तालाब तक नाली निर्माण। 1000 फीट। | 1506300 | 30500 | 5000 | 1 माह |
| 74 | बगरूडीह अस्पताल के आग्र से कुन्दुवाटांड सिमा तक मस्जिद के बगल में 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 811300 | 16500 | 1250 | 1 माह |
| 75 | चुड़ामिल से बगरूडीह अस्पताल मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 487100 | 10000 | 750 | 1 माह |
| 76 | नारायणपुर प्रखण्ड के बान्दचुवां में फुरकान के घर से बसंत पहाड़िया के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी पथ निर्माण। | 1618300 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 77 | खुटांबॉध प्राथमिक विद्यालय से कब्रिस्तान तक 1000 फीट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माणं। | 1618300 | 32500 | 5000 | 1 माह |
| 78 | करमाटाँड़ प्रखण्ड के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दो कमरा निर्माण। | 1450300 | 29500 | 2500 | 2 माह |
| 79 | करमाटाँड़ प्रखण्ड के सुगापहाड़ी दास टोला से काली मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माणं। | 739200 | 15000 | 1250 | 2 माह |
| 80 | करमाटाँड़ प्रखण्ड के कजरा मध्य विद्यालय में चाहरदिवारी का शेष भाग 400 फीट निर्माणं। | 708000 | 14500 | 1250 | 2 माह |
| 81 | करमाटाँड़ प्रखण्ड के मंझलाडीह में मनोज मंडल के घर से दास टोला तालाब तक 500 फीट ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 760500 | 15500 | 1250 | 2 माह |

9 निविदा की शर्त्ते www.jamtara.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा

PR 337613 (NREP)24-25*D

## संक्षिप्त खबरें

### निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया

रांचीः विश्व हृदय दिवस के अवसर पर, पारस एचईसी अस्पताल, रांची ने रविवार 29 सितंबर 2024 को एक निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। श्री मनोज कौशिक - आईजी (मुख्यालय एवं मानव संसाधन), झारखंड पुलिस ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल हमें जिंदा रखने के लिए एक दिन में 1 लाख से ज्यादा बार धड़कता है। हमें अपने लिए कुछ समय स्वस्थ जीवनशैली के लिए निकालना चाहिए। स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, जिससे अस्पताल जाने से बचा जा सके, लेकिन जब स्वास्थ्य की मांग हो, तो किसी योग्य डॉक्टर से मिलें, अच्छे अस्पताल में जाएँ, बीमार होने पर अस्पताल जाने में देरी न करें। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाह ने कहा, हमें नियमित रूप से व्यायाम करने के साथ-साथ अपने दिल के लिए 20-30 मिनट देने की जरूरत है। पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड श्री मानस लाभ ने कहा कि डॉक्टर और पुलिसकर्मी जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए 24/7 काम कर रहे हैं। यदि हम जीवन की शुरुआती उम्र में स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हैं तो इससे हमें बड़ी उम्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जीवन जीने में मदद मिलेगी। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नितेश ने कहा कि हृदय रोग मूलतः जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। हमें नियमित व्यायाम करके स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए, तली-भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुँवर अभिषेक आर्य ने कहा कि हमें जीवनशैली को स्वस्थ बनाने की जरूरत है। हमें कार, स्कूटर के इस्तेमाल से बचना चाहिए और जहां भी संभव हो साइकिल चलानी चाहिए। यह प्रदूषण को कम कर सकता है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने शिविर का लाभ उठाने के लिए आए मरीजों द्वारा उठाए गए सवालों के भी जवाब दिए। शिविर में सुविधाएं उपलब्ध थीं - हृदय और आहार संबंधी परामर्श, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, इको और टीएमटी।

### दुर्गा पूजा को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की हुई बैठक




बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर थाना में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।बैठक में थाना क्षेत्र के प्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा व संचालन कुंजलाल महतो ने किया। अंचल अधिकारी ने गोरहर थाना क्षेत्र के लोगो से पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।कहा पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। पूजा पंडालों में डीजे का प्रयोग न करें।कहा कि माहोल खराब करने वाले मामले नही होने चाहिए अन्यथा दोषी को चिन्हित कर करवाई की जाएगी। कमिटी के लोग यह प्रयास करे कि कहीं चूक न हो। शराब दुकान पूजा के दिन खुलने पर रोक रहेगी। प्रशासन की तरफ से हर संभव सहयोग किया जाएगा। मूर्ति विसर्जन शाम छः बजे तक तथा पूर्व निर्धारित रूट से ही करने का प्रयास करें। इस बैठक में अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा,कुंज लाल महतो,थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी,शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी,गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,पंसस लखन कुमार,जेएमएम नेता बासुदेव महतो,समाजसेवी नंदलाल महतो,रोहित तिवारी,मौलवी रमजान समेत अन्य कई लोग उपस्थित रहे ।

### प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की हुई बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड मुख्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने कि व संचालन उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी ने किया। इस मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा, बीस सूत्री सदस्य बासुदेव महतो,रधवा देवी, राजाराम मांझी मौजूद थे। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों ने एक-एक कर अपनी कार्यक्रम व योजना के बारे में जानकारी दिया।प्रदीप प्रसाद ने प्रभारी एमओ मिंटू रजक से राशन गोदाम रविवार को बंद रखने कि निर्देश दिया। साथ ही गोरहर पंचायत में निलंबित डीलर पार्वती देवी के जगह पर डीलर लालू मांझी को देने को कहा। अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने सीडीपीओ निलू रानी के द्वारा किसी भी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल नही होने पर उनसे स्पष्टीकरण की मांग किया गया।पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होनहोगा ने बताया कि 119 लाभुकों को पशुपालन की स्वीकृति हेतु चयन किया गया है।बीईईयो अशोक कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा 19 हजार विद्यार्थियों के बीच बैग का वितरण किया जाएगा।साथ ही बच्चों के पोशाक का पैसा उनके खाता में जाएगा।प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर ने बताया कि 11 सौ किसानों का कृषि लोन माफ किया गया है। सीओ को निर्देश दिया गया कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जो भी लोग अतिक्रमण किया है उसे जल्द खाली कराया जाए। बैठक में बीईईयो किशोर कुमार, एमओ मिंटू रजक, बीएओ अशोक ठाकुर, पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होनहागा, बीटीएम चिंताहरण पाठक, स्वास्थ्य केंद्र प्रधान लिपिक सोनी रविदास, संजय यादव, संतोष महतो, महिला पर्यवेक्षक कुमारी निभा, फनी भूषण प्रसाद, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, महेश कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## जंगली हाथियों ने दर्जनों घर तोड़े

# विधायक पीड़ित परिवार के साथ दुख बांटने गांव पहुंचे,दिया सूखा राशन का सहयोग

ओरमांझी :ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों के उत्पात का सिलसिला जारी है। प्रखंड के पश्चिम क्षेत्र के बाद पूर्वी इलाके के चाड़ू, व कुटे पंचायत के कई ग्रामीणों का घर जंगली हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है। जंगली हाथियों के तांडव से लोग काफी परेशान हैं। कुटे पंचायत अंतर्गत मुट्टा के भेलवाटोली गांव में दर्जनों ग्रामीणों के घर में रविवार की रात 22 जंगली हाथियों के झुंड ने घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को खा गए।वहीं दिलीप तिर्की ने बताया कि मेरा घर बस्ती से थोड़ा हट कर है। दो जंगली हाथियों ने रात 12 बजे गांव में प्रवेश किया। इसके बाद एक हाथी पेड़ पौधे को बर्बाद करता रहा। वहीं दर्जनों हाथी घर को ध्वस्त करने लगा। हम और परिवार जग गए और किसी तरह अपनी जान बचा कर गांव की ओर भागे तथा ग्रामीणों को आवाज देकर जगाया। ग्रामीण उठे और हाथी को गांव से बाहर भगाने में



जुट गए। बहुत मुश्किल के बाद हाथी मुट्टा जंगल की ओर भगाने में सफल रहे। वहीं खबर लिखे जाने तक हाथी मुट्टा जंगल में अपना अड्डा बनाए हुए थे। वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप घटना कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर सभी प्रभावित घरों के ग्रामीणों को सूखा राशन देते हुए कहा कि हाथी के जितना भी प्रभावित ग्रामीणों को सरकारी मुवआजा के साथ-साथ सभी सुविधाएं दी जाएगी। सभी को घर के बदले घर मिलेगा। वहीं अंचल अधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन ने मौके पर पहुंचकर सभी प्रभावित घरों को सूखा राशन दिया। और जो भी सरकारी मुवआजा होगा सबको दिया जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख रिजवान अंसारी,थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी,मोबिन अंसारी,पंचायत समिति सदस्य आमिर हमजा,मुखिया नाजरीन परवीन,समाजसेवी सुंदरलाल महतो, अगमलाल महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बच्चों को मिलेगा आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी की नई पहल से नासा जाने का मौका

रांची, : भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई पहल 'बिग फैंटेसीजः गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन' का शुभारंभ सोमवार को बंगलुरू के सेंट जोसेफ स्कूल में किया। इस दौरान एक फैटेंसी स्पेसशिप बस भी लाउंच किया गया, जो देश के विभिन्न राज्यों में जाकर बच्चों की स्पेस के प्रति जागरुकता को बढ़ाएगा। आईटीसी लिमिटेड के बिस्कुट और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन के सीओओ हैरिस शेरे ने कहा कि सनफीस्ट की यह नई पहल पूरे देश के उन बच्चों को मौका देगी जो स्पेस में रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि यह बस विभिन्न राज्यों के स्कूल में जाकर बच्चों की स्पेस के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। विज्ञान, कला और तकनीक की मदद से फैंटसी स्पेसशिप बस को बनाया गया है। इसमें 3डी स्क्रीन लगी है जो बच्चों द्वारा बनाए गए स्पेस मॉडल को तुरंत डिजिटली कंवर्ट कर भविष्य में इसके उपयोग को बढ़ावा देगा। इस पहल के तहत चुनिंदा बच्चों को नासा जाने का मौका दिया जाएगा, जहां वह अंतरिक्ष अन्वेषण का सपना पूरा कर पाएंगे। कार्यक्रम में इसरो के पूर्व निदेशक श्री प्रकाश राव ने रचनात्मकता और तकनीक के बीच तालमेल बैठाने और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में कल्पनाशक्ति की भूमिका के बारे में बात की। मौके पर "बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व" विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन भी किया गया, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। मुख्य वक्ता के रूप में मंदिरा बेदी, प्रकाश राव (इसरो के पूर्व निदेशक), डॉ. मेघा महाजन (डीएम-निमहंस) और रेवरेंड फादर रोहन डी,अल्मेडा (प्रिंसिपल, सेंट जोसेफ स्कूल) मौजूद थे। पैनल ने बताया कि कैसे कल्पनाशक्ति के जरिए एक बच्चे का समग्र विकास हो सकता है और क्रिएटिविटी से नए विचार जागृत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यही नए विचार चुनौतियों का सा|मना करने में सक्षम बनाते हैं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने अनगड़ा प्रखंड समिती को भंग किया

रांचीः झारखंड मुक्ति मोर्चा, रांची जिला समिति के जितने भी प्रखंड प्रभारी / सह प्रभारी एवं रांची महानगर प्रभारी / सह प्रभारी बनाए गए थे, उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त किया जाता है। रांची जिला अन्तर्गत जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कोई भी पार्टी पदाधिकारी/नेता/कार्यकर्त्ता प्रभारी पद का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही अनगड़ा प्रखण्ड के अध्यक्ष के लगातार अस्वस्थ रहने तथा शेष प्रखण्ड समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के निष्क्रिय रहने के कारण रांची जिला अन्तर्गत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा अनगड़ा प्रखंड समिती को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।

## पत्थर लघु खनिज के बाबत डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट से संबंधित समिति की बैठक

रांचीः उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 30 सितंबर 2024 को पत्थर लघु खजिन के बाबत अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) के अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा रांची जिला के पत्थर लघु खनिज (बालू छोडकर) के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को दिनांक 12.06.2024 को राँची जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया। 21 दिनों की अवधि के पश्चात आम जनता से आपत्ति/सुझाव के पश्चात ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को संशोधित भी किया गया।

## रेलवे ट्रैक पर फिर मिला सिलेंडर जैसा कुछ, मचा हड़कंप

कानपुर,। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर जैसी कोई चीज मिलने से हड़कंप मच गया। इसे देखते हुए गोविंदपुरी और भीमसेन स्टेशनों के बीच में इंमरजेंसी ब्रेक लगाकर यात्री ट्रेन को रोक दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि रविवार को एक यात्री ट्रेन के चालक ने गोविंदपुरी और भीमसेन स्टेशनों के बीच रेल पटरियों पर सिलेंडर जैसी वस्तु देखा तो ब्रेक लगा कर ट्रेन को रोक दिया। इस बारे में जानकारी दे रहे अतिरिक्त महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी ने कहा, कि यह घटना तब हुई जबकि यात्री ट्रेन सुबह चार बजे मुंबई से लखनऊ की ओर जा रही थी। ट्रेन गोविंदपुरी स्टेशन पहुंची इतने में ड्राइवर ने पटरी पर एक सिलेंडर जैसी कोई चीज देखी और उसने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन के इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। पटरी पर सिलेंडर देख लोको पायलट ने तुरंत ही कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद पता चला कि सिलेंडर रेलवे के अग्निशामक यंत्र था, जो किसी अन्य ट्रेन से गिर गया होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह आपराधिक संलिप्तता का मामला नहीं है, गलती या धोखे से गिर गया होगा। इस तरह की पूर्व में हुई घटनाओं से रेलवे अधिकारी और लोकापायलट अलर्ट पर हैं। एडीजी के अनुसार मामला दर्ज किया गया है और जांच कराई जा रही है। एडीजी ने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ मिलकर एक संयुक्त टीम बना जांच शुरू कर दी है और पाया गया है कि इस कार्य के पीछे कोई आपराधिक सोच नहीं थी। दावा किया जा रहा है कि इस मामले में कोई बाहरी या अन्य आपराधिक तत्वों की संलिप्तता नहीं है।

### महिलाओं में हार्ट अटैक का बढ़ता खतरा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। महिलाओं को हार्मोनल सुरक्षा के चलते युवा अवस्था में हार्ट अटैक का खतरा कम ही रहता है। यह अलग बात है कि मेनोपॉज के बाद यह खतरा पुरुषों के बराबर हो जाता है। यहां चिंता की बात यह है कि अब यंग महिलाओं में भी हार्ट अटैक के मामले तेजी से देखने को मिल रहे हैं, जिसका मुख्य कारण बदलती जीवनशैली, स्मोकिंग और बढ़ता स्ट्रेस है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वर्तमान में हार्ट डिजीज केवल पुरुषों की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि महिलाओं में भी यह तेजी से बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, हार्ट रोग महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बनता जा रहा है, खासकर भारत जैसे विकासशील देशों में। हृदय विशेषज्ञ बताते हैं कि महिलाओं को युवावस्था में हार्ट अटैक से बचाने वाला हार्मोनल प्रोटेक्शन मेनोपॉज के बाद कम हो जाता है। इसके साथ ही जीवनशैली में परिवर्तन, शारीरिक गतिविधियों की कमी, गलत खानपान, और धूम्रपान जैसी आदतें इस खतरे को और बढ़ा देती हैं।

## केक काटकर मनाई गई लता मंगेशकर का जन्मदिन

रांचीः रांची की मशहूर संगीत प्रेमी संस्था "मेरी आवाज मेरी पहचान" एवं "संगीत सरिता" के तत्वावधान में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी का जन्मदिन उत्सव संगीतमय श्रद्धाजंलि आयोजन कर एवं केक काटकर कचहरी रोड वेंडर मार्केट स्थित दी रॉयल हाइट बैंक्विट हाल में मनाई गई।इस कार्यक्रम के आयोजन में भगवा नारी,माँ सुभद्रा ग्रुप, आरोग्य विजन आदि संस्थाओं ने सहयोगी की भूमिका एवं वेन्यु पार्टनर द रॉयल हाइट बैंक्विट हॉल थे। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध गायक कुमार गहलोत एवं कविता होरो,टी-सीरीज आर्टिस्ट वीणा श्री सरकार,पिया बर्मन,गुलजार खान,विवेक पासवान,आफताब आलम,सुलोचना शहदेव थे। मौके पर मुख्यअतिथि झारखंड सरकार के मंत्री बैजनाथ राम की धर्मपत्नी सीमा राय एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में चेम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, बॉलीवुड एक्टर देवेश



खान, आनंद जालान,प्रभात कुमार राजन,बुलंद अख्तर,समाजसेवी गिरिजा शंकर पेड़ीवाल,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शर्मा आदि थे। अतिथियों एवं आयोजकों ने लता मंगेशकर जी के जीवन इतिहास को विस्तृत रूप से बतलाया।इस कार्यक्रम में चैताली राय,रीता सेन,उषा गोपी,नम्रता जी,स्वेता जी,सीमा जी सहित लगभग 100 से अधिक संगीत प्रेमी गायको ने दिल छू लेने वाली नृत्य गान प्रस्तुत की।

इस अवसर मुख्यरूप से मॉडल खुशी काकन,रोमी सेठी,प्रियंका जायसवाल,प्रिया सिन्हा,अमृता शर्मा,राजीव रंजन,रीना सिंह आदि अथितिगण उपस्थित थे।

## डॉ.मुकुंद को मिला - "झारखंडी कलाकार - साहित्यकार सम्मान"




धनबाद : डॉ.मुकुंद रविदास ' कोयला आर माटी ' खोरठा कविता संग्रह के कवि एवं सहायक प्राध्यापक बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद को झारखंड की कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए "झारखंडी कलाकार -साहित्यकार सम्मान" से समानित किया गया । यह सम्मान समारोह 29 सितंबर को माननीय तीर्थ नाथ आकाश खोरठा भाषा के आंदोलनकारी ,समाज सेवी ने अंबेडकर क्लब,पैंथर क्लब,एवं जय हिंद कला मंच तुपकाडीह के द्वारा आयोजित था । डॉ.मुकुंद रविदास को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । इस उपलब्धि के लिए नवल विहान के अध्यक्ष मनोज कुमार वर्णवाल , डॉ.डी.के.सिंह, डॉ.मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ.रीता सिंह, डॉ.जितेंद्र आर्यन,अशोक कुमार रजक,मुकेश कुमार महतो,पांडव महतो आदि ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है ।

## करणी सेना संगठन जल्द हीं बड़ा सम्मेलन करवाएगीः अमन सिंह



धनबाद : समाजसेवी पप्पू सिंह से मिलने उनके आवास पर करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह,युवा समाजसेवी दिलीप सिंह पहुंचे । अमन सिंह का स्वागत पप्पू सिंह ने अंगवस्त्र देकर किया। करणी सेना का कोयलांचल में विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई । पप्पू सिंह के जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स, धनबाद में जिला सचिव बनने पर अमन सिंह एवं दिलीप सिंह ने बधाई दिया । करणी सेना संगठन समाज के दबे एवं पिछड़े, गरीब लोगों के लिए कार्य करेगी तथा समाज में लड़कियों की शादी करवाएगी। पप्पू सिंह ने यथासंभव योगदान एवं सहयोग करने का अश्वाशन दिया। उनके साथ , बिशु सिंह, पवन सिंह, कुंदन सिंह,विक्रम सिंह आदि थे । संगठन जल्द हीं धनबाद में बड़ा सम्मेलन करवाएगी।

# 03 अक्टूबर से झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य रहेंगे हड़ताल पर, होगा ब्लैक आउट

रांचीः अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य 03 अक्टूबर से हड़ताल पर जा रहे है। इस बावत तैयारी को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय आज रामगढ़ सर्किल में बैठक कर तैयारी का जायजा लिया। बैठक की अध्यक्षता संघ के सर्कल अध्यक्ष परशुराम सिंह यादव ने की ।

इस अवसर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरे राज्य में आउटसोर्स अभिशाप के रूप में देखा जा सकता है । हर जगह लूट खसोट चरम पर है और सरकार कुंभकरनी निद्रा में सोए हुए हैं ऐसे में हड़ताल के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के विद्युत कर्मी आक्रोश में है और सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं इसी को लेकर आज रामगढ़ सर्किल की बैठक में हड़ताल की तैयारी का जायजा लिया। अजय राय ने दावा किया कि हड़ताल में लगभग 7000 विद्युत कर्मी शामिल हो रहे हैं और ऐसे में पूरे राज्य को ब्लैकआउट होने से कोई बचा नही सकता।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम के अंदर एक संगठित सिंडिकेट काम कर रहा है जिससे नियमित कर्मचारियों से लेकर मानव दिवस कमी परेशान है। एक ओर डीजनेशन मैपिंग के नाम पर अधिकारियों को तो प्रणति दे दी गई लेकिन कर्मचारियों को उनका अधिकार देने में भेदभाव किया जा रहा है जिसके कई उदाहरण है जिसका विरोध




हर स्तर पर श्रमिक संघ करने पर विवश है ।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी न्यूनतम मजदूरी की दर में बढ़ोतरी कर श्रमिक हित में फैसला लिया है जो स्वागत योग्य है, देखना अब झारखंड सरकार को है की वो कब इस संबंध में निर्णय लेता है ।

### श्रमिक संघ का निम्नलिखित मांग है टी______

आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर, पुरानी व्यवस्था लागू करे ,होमगार्ड के तर्ज पर विद्युत कर्मियों का भी मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो , नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो ,10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो,सभी सप्लाई एवम ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो। आज की बैठक में परशुराम यादव, राजकुमार महतो ,भीम कुमार रवि,विजय महतो, मेराज अंसारी,सुनील कुमार,अभिमन्यु महतो, अशोक कुमार रवि,अरुण महतो,मुनिलाल महतो, संजय पासवान,राजकुमार पासवान,किसून कुमार,जय प्रकाश,अजय कुमार राणा,जुगनू प्रसाद, ब्रजेश कुमार, विकास कुमार, संतोष महतो,हरिनाथ महतो,बैजू कुमार, कुंदन ओहदार, दिलीप कुमार,सुभाष बेदिया,मनोज यादव, प्रसादि महतो,रमेश महतो,लीलू कुमार,सुजीत कुमार,जागेश्वर मुंडा,डीवडिप महतो,महेंद्र महतो,इस्माइल अंसारी ,गुलाब कुमार, प्रताप कुमार,दीपचंद करमाली, टार्जन कुमार महतो,जगमोहन मुंडा, वॉसिस्ट कुमार,प्रमानंद मंडल,ब्रेजेस कुमार,मनोज महतो, नरेश महतो सहित अन्य शामिल हुए।

## रियाजुद्दीन के घर बड़कीतांड पर पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया

जोड़ापोखर। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र जेलगोड़ा के रहनेवाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ डरा-धमकाकर दो वर्षों से शारीरिक शोषण करने का फरार आरोपी रियाजुद्दीन के घर बड़कीतांड पर पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया है । इस मामले में जोड़ापोखर थाना में कांड संख्या 249/21 दर्ज किया है । भादवी की धारा 376/447/506 पॉस्को एक्ट लगा है। घटना 28 दिसम्बर 2021 का है । छात्रा



के पिता ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत की थी । शिकायत में कहा है कि जामाडोबा का रहने वाला रियाजुद्दीन नामक युवक उसकी पुत्री का पिछले दो वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा है। मुंह खोलने पर जान मारने की धमकी देता है। साथ ही युवक ने कई बार तेजाब फेंककर शरीर जला देने की भी धमकी दी थी । युवक की धमकी और समाज के लोक लाज के कारण पुत्री अब तक चुप रहती थी। लेकिन जब असहनीय दर्द हो गया तब पुत्री ने घर के लोगों को इसकी जानकारी दी थी । पिता ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई थी ।जिसके बाद जोड़ापोखर थाना तत्कालीन प्रभारी राजदेव सिंह ने छात्रा के पिता की शिकायत पर कांड संख्या 249/21 में पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। छात्रा को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया गया था । थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर पर ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया गया है

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### विदेश में भारतीय प्रवासियों की चुनौतियाँ और योगदान

अमेरिका में प्रवासी भारतीय समुदाय वहां की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में जिस तरह से क्रियाशील हैं। उसके बाद से वहां के राजनेताओं का झुकाव भारतीय समुदाय के साथ अपने रिश्ते को मजबूत बनाने मे हुआ है। पिछले कुछ वर्षों मे राष्ट्रपति चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव में भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण हुई है। हाल ही के राष्ट्रपति चुनाव मे कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही, भारतीय समुदाय के समर्थन के लिए एड़ी चोटी का पसीना बहा रहे हैं। वहीं अमेरिका के नस्लवाद और कट्टर धार्मिक चरमपंथियों के कारण प्रवासी भारतीयों को चुनौती का सामना भी करना पड़ रहा है। अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों की संख्या पिछले कुछ दशकों में तेजी से बढ़ी है। 2010 से 2020 के बीच की अवधि में प्रवासी भारतीयों की संख्या एरिजोना में 74% और जॉर्जिया में 67% तक बढ़ गई है। प्रवासी भारतीयों की व्यापक उपस्थिति, बढ़ती राजनीतिक एवं आर्थिक शक्ति को दर्शाती है। इस बदलाव के कारण अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को चुनौती भी मिलना शुरू हो गई है। इसका संतुलन किस तरह से बनेगा, इसको लेकर भारतीयों मे चिंता भी बढ़ गई है। भारतीय प्रवासियों का अमेरिका के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। 20वीं सदी के प्रारंभ से भारतीयों ने अमेरिका और अन्य देशों मे जाकर व्यापार और नौकरी करना शुरू कर दिया था। 1913 में पहला ग़दर आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बनकर, प्रवासियों की स्थिति को मजबूत बनाया है। समय के साथ, भारतीय प्रवासी न केवल आर्थिक रूप से विदेशों में सशक्त हुए। अमेरिका और अन्य देशों मैं भारतीय प्रवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान भी बनाई। वर्तमान में, भारतीय प्रवासी समाज कई देशों में वहां की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। भारत से बाहर रहकर भी वह अपनी मातृभूमि के साथ पारिवारिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों के कारण मजबूती के साथ जुड़े हुए हैं। विदेश में रहते हुए उन्होंने आर्थिक, शैक्षणिक, और तकनीकी क्षेत्र में वहां पर भागीदारी करते हुए, भारत के विकास में बड़ा योगदान दिया है। बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी अमेरिकी मे आईटी, उद्योग, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ा है। इन दिनों सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से नस्लवाद, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आधार पर संघर्ष, अप्रवासन नीतियों में आए बदलावों ने प्रवासियों के जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ट्रंप प्रशासन के दौरान कठोर अप्रवासन नीतियों ने भारतीय प्रवासियों के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी की थीं। विशेष रूप से, एच1-बी वीज़ा और ग्रीन कार्ड जैसी प्रक्रियाओं में कड़े नियम प्रवासी भारतीयों के लिए मुश्किल बन गये थे। इन सबके बावजूद, भारतीय प्रवासियों ने अमेरिका में हर चुनौती का सामना करते हुये नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। प्रवासी भारतीयों की सफलता केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है। प्रवासी भारतीयों ने दोनों देशों के बीच में संबंधों को बढ़ाने में भी विशेष योगदान दिया है। भारत और अमेरिका के बीच में प्रवासियों ने एक सेतु के रूप में काम करते हुए, वहां पर अपनी स्थिति को मजबूत बनाया है। अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासी भारत और अमेरिका की आर्थिक समृद्धि और विकास का प्रतीक बन गये हैं। उनकी भूमिका वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को मजबूती प्रदान करती है। हाल ही में अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जिस तरह से भारतीय समुदाय ने दोनों ही राजनीतिक दलों के साथ समन्वय बनाया। वह राजनीतिक तौर पर प्रवासी भारतीयों की स्थिति को मजबूत बनाते हुए, वहां की राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में योगदान सराहनीय है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा की थी। उन्होंने भी वहां की राजनीति में भारतीय समुदाय को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अमेरिका की यात्रा पर गए। उन्होंने भी भारतीय समुदाय की भूमिका को मजबूत बनाने का काम किया। उन्होंने दोनों ही पक्षों के साथ अपनी निकटता बनाते हुए चुनाव से दूरी बनाए रखी, इससे अमेरिका में भारतीय समुदाय की स्थिति मजबूत हुई है। भारतीय समुदाय वहां दोनों ही पक्षों के साथ खड़ा रहकर अपने हितों का संवर्धन करना सीख गया है। इसको लेकर अमेरिका में बसे प्रवासी भारतीयों की जितनी सराहना की जाए वह कम है।

## शाकाहार से पर्यावरण ही नहीं विश्व-व्यवस्था भी सुरक्षित

ललित गर्ग

### विश्व शाकाहार दिवस- 1 अक्टूबर

विश्व शाकाहार दिवस, प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह 1977 में उत्तरी अमेरिकी शाकाहारी समाज का स्थापना दिवस है और 1978 में अंतर्राष्ट्रीय शाकाहारी संघ द्वारा 'शाकाहार से खुशी, करुणा और जीवन-वृद्धि की संभावनाओं को बढ़ावा देने' के लिये इसका समर्थन किया था। यह दिवस शाकाहारी जीवन शैली के नैतिक, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और मानवीय लाभों के बारे में जागरूकता लाता है। दुनिया भर के कई देशों में विशेष रूप से यूरोप में, शाकाहारी जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए कई सार्वजनिक शैक्षिक और उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय अभियान है जो लोगों को अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण-स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मांस का सेवन बंद करने के लिए प्रोत्साहित करता है। शाकाहारी खानपान को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण और जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। फल, सब्जियों, दालों और पूर्ण अनाज वाली शाकाहरी डाइट से शरीर को अच्छी मात्रा में फाइबर मिलता है। इससे पाचन अच्छा रहता है और कब्ज जैसी दिक्कतें भी नहीं होती हैं। मांसाहारी डाइट में मीट होता है जिससे बैक्टीरिया के शरीर में प्रवेश करने की संभावना ज्यादा होती है। इससे उलट शाकाहारी डाइट में बैक्टीरिया का खतरा कम होता है। इससे इंसुलिन लेवल बैलेंस होता है और ग्लूकोज लेवल्स भी सामान्य रहते हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि जानवरों के प्रति हिंसा के बर्ताव के प्रति संवेदनशीलता लाना और शाकाहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना, जिससे एक सभ्य, अहिंसक और बेहतर समाज का निर्माण हो सके। भगवान महावीर, महात्मा बुद्ध और महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने जहां भारत को अहिंसा के जरिए विश्व में अपनी पहचान बनाई, वही उन्होंने अहिंसा एवं शाकाहार जीवन पद्धति के प्रति लोगों को जागरूक किया। विज्ञान भी यह कहता है कि शाकाहार सबसे बेहतर भोजन है जिससे तमाम प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है, वही मांसाहारी भोजन ग्रहण करने से जहां मानसिक विकार पनपते हैं। शाकाहार को सबसे निरापद, उपयुक्त एवं स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन स्वीकार किया गया है। इंसान के खुशहाल जीवन एवं निरोगता के लिये खानपान में बदलाव की स्वर दुनियाभर में सुनाई दे रहे हैं। मांसाहार को छोड़ने वालों की संख्या भारत ही नहीं, दुनिया में बढ़ती जा रही हैं। ग्लोबल रिसर्च कंपनी इप्सोस के हाल ही में कराये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार अब 63 प्रतिशत भारतीय अपने भोजन में मांसाहार के स्थान पर शाकाहार को अपना रहे हैं। एक अन्य समाचार के अनुसार अमरीका में डेढ़ करोड़ व्यक्ति शाकाहारी हैं। दस वर्ष पूर्व नीदरलैंड की डेढ़ प्रतिशत आबादी शाकाहारी थी जबकि वर्तमान में वहाँ पांच प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं। सुप्रसिद्ध गैलप मतगणना के अनुसार इंग्लैंड में प्रति सप्ताह तीन हजार व्यक्ति शाकाहारी बन रहे हैं। वहाँ अब पच्चीस लाख से अधिक व्यक्ति शाकाहारी हैं। बढ़ती बीमारियां के कारण जीवन की कम होती सांसों ने इंसान को शाकाहार अपनाने के लिये विवश किया है। विश्वभर के डॉक्टरों ने यह साबित कर दिया है कि शाकाहारी भोजन उत्तम स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ है। फल-फूल, सब्जी, विभिन्न प्रकार की दालें, बीज एवं दूध से बने पदार्थों आदि से मिलकर बना हुआ संतुलित आहार भोजन में कोई भी जहरीले तत्व नहीं पैदा करता। इसका प्रमुख कारण यह है कि जब कोई जानवर मारा जाता है तो वह मृत-पदार्थ बनता है। यह बात सब्जी के साथ लागू नहीं होती। यदि किसी सब्जी को आधा काट दिया जाए और आधा काटकर जमीन में गाड़ दिया जाए तो वह पुनः सब्जी के पेड़ के रूप में उत्पन्न हो जाएगी। क्यों कि वह एक जीवित पदार्थ है। लेकिन यह बात एक भेड़, मेमने या मुरगे के लिए नहीं कही जा सकती।

# दीर्घ जीवन यानी वार्धक्य दीर्घ अभिशाप न बने

ललित गर्ग

हम पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति की जरूरत है और इसी के लिये एक अक्टूबर को सम्पूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया जाता है। समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाने और मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देने के लिए इस आयोजन का फैसला संयुक्त राष्ट्र ने 1990 में लिया था। इस दिन पर वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है। वरिष्ठों के हित के लिए चिन्तन भी होता है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि हम पतन के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, उसकी आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है।

वृद्ध व्यक्तियों को सुखद एवं खुशहाल जीवन प्रदत्त करने के लिये हमें सर्वप्रथम तो उन्हें आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाने पर ध्यान देना होगा। बेसहारा वृद्ध व्यक्तियों के लिए सरकार की ओर से आवश्यक रूप से और सहज रूप मे मिल सकने वाली पर्याप्त पेंशन की व्यवस्था की जानी चाहिए। ऐसे वृद्ध व्यक्ति जो शारीरिक और मानसिक दृष्टि से स्वस्थ हैं, उनके लिए समाज को कम परिश्रम वाले हल्के-फुल्के रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए। वृद्धों के कल्याण के कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया जाना चाहिए, जो उनमें जीवन के प्रति उत्साह उत्पन्न करे। अधिकांश युवाओं की सोच इस रूप में पुख्ता हो जाती है कि संयुक्त परिवार व्यक्तिगत उन्नति में बाधक होते हैं। चीजों की ललक में स्वहित इतने हावी हो जाते हैं कि संवेदनहीनता मानवीय रिश्तों की महक को क्षण में काफूर कर देती है और तन्हा बुढ़ापा घुटनभरी सांसों के साथ जीने को बाध्य हो जाता है। हमें समझना होगा कि अगर समाज के इस अनुभवी स्तंभ को यूं ही नजरअंदाज किया जाता रहा तो हम उस अनुभव से भी दूर हो जाएंगे, जो इन लोगों के पास है। वृद्ध दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उन्हें परिवार में सम्मानजनक जीवन देंगे, उनके शुभ एवं मंगल की कामना करेंगे। आज का वृद्ध समाज-परिवार से कटा रहता है और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमितय न समझे जाने के कारण हमारा वृद्ध समाज दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। वृद्ध समाज को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है। आज हम बुजुर्गों एवं वृद्धों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के साथ-साथ समाज में उनको उचित स्थान देने की कोशिश करें ताकि उम्र के उस पड़ाव पर जब उन्हे प्यार और देखभाल की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वो जिंदगी का पूरा आनंद ले सके। वृद्धों को भी अपने स्वयं के प्रति जागरूक होना होगा, जैसाकि जेम्स गारफील्ड ने कहा भी है कि यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती है तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।'

प्रश्न है कि आज हमारा वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है? अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वह सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाने का निर्णय लिया। वृद्धों की समस्या पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में सर्वप्रथम अर्जेंटीना ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया था। तब से लेकर अब तक वृद्धों के संबंध में अनेक गोष्ठियां और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हो चुके हैं। वर्ष 1999 को अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग-वर्ष के रूप में भी मनाया गया। इससे पूर्व 1982 में 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा दिया और 'सबके लिए स्वास्थ्य' का अभियान प्रारम्भ किया गया।

एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता हैय यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो। आज के समाज में मध्यम वर्ग में भी वृद्धों के प्रति स्नेह की भावना कम हो गई है। डिजरायली का मार्मिक कथन है कि यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चाताप।' वृद्ध जीवन को पश्चाताप का पर्याय न बनने दे।

वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरुआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। इसीलिये सिसरो ने कामना करते हुए कहा था कि जैसे मैं वृद्धावस्था के कुछ गुणों को अपने अन्दर समाविष्ट रखने वाला युवक को चाहता हूं, उतनी ही प्रसन्नता मुझे युवाकाल के गुणों से युक्त वृद्ध को देखकर भी होती है, जो इस नियम का पालन करता है, शरीर से भले वृद्ध हो जाए, किन्तु दिमाग से कभी वृद्ध नहीं हो सकता।' वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं।

बड़े शहरों में परिवार से उपेक्षित होने पर बूढ़े-बुजुर्गों को 'ओल्ड होम्स' में शरण मिल भी जाती है, पर छोटे कस्बों और गांवों में तो ठुकराने, तरसाने, सताए जाने पर भी आजीवन घुट-घुट कर जीने की मजबूरी होती है। यद्यपि 'ओल्ड होम्स' की स्थिति भी ठीक नहीं है। पहले जहां वृद्धाश्रम में सेवा-भाव प्रधान था, पर आज व्यावसायिकता की चोट में यहां अमीरों को ही प्रवेश मिल पा रहा है। ऐसे में मध्यमवर्गीय परिवार के वृद्धों के लिए जीवन का उत्तरार्द्ध पहाड़ बन जाता है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं महिला वृद्ध एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। पर कौन सोचता है, किसे फर्सत है, वृद्धों की फिक्र किसे हैं? भौतिक जिंदगी की भागदौड़ में नई पीढ़ी नए-नए मुकाम ढूंढने में लगी है, आज वृद्धजन अपनो से दूर जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर कवीन्द्र-रवीन्द्र की पंक्तियां गुनगुनाने को क्यों विवश है-'दीर्घ जीवन एकटा दीर्घ अभिशाप', दीर्घ जीवन एक दीर्घ अभिशाप है।

# एसडी बर्मन संगीतकारों के संगीतकार

दिलीप कुमार पाठक

### जन्म जयंती विशेष

हरदिल अजीज संगीतकार सचिनदेव बर्मन का मधुर संगीत आज भी श्रोताओं को भाव-विभोर करता है. उनके जाने के बाद भी बर्मन दादा के प्रशंसकों के दिल से एक ही आवाज निकलती है- ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना.... यह बर्मन दादा के संगीत का अपना प्रभाव है. दरअसल उससे बाहर कोई संगीत प्रेमी निकलना चाहता भी नहीं है. बर्मन दादा के संगीत को सुनते हुए, ख़ासकर कालजयी फिल्म गाइड का उन्हीं के द्वारा गाया गया गीत वहाँ कौन है तेरा मुसाफ़िर जाएगा कहाँ यह गीत हर किसी को भी मंत्रमुग्ध तो करता ही है. ख़ासकर सुनने वाले को बुद्धत्व के मार्ग पर ले जाता है. जब तक गीत खत्म हो रहा होता है, तब तक तो आदमी डूब चुका होता है. सन 1944 में संगीतकार बनने का ख्वाब लेकर बर्मन दादा बंबई आ गए. जहां सबसे पहले उन्हें 1946 में फिल्मिस्तान की फिल्म एट डेज में बतौर संगीतकार काम करने का मौका मिला, लेकिन इस फिल्म के जरिए वे कुछ खास पहचान नहीं बना पाए. कहते हैं संघर्ष से ही प्रतिभा चमक बिखेरती है. वही मुकाम बर्मन दादा का हुआ. 1947 में उनके संगीत से सजी फिल्म दो भाई के पार्श्वगायिका गीता दत्त के गाए गीत मेरा सुंदर सपना बीत गया... की सफलता के बाद वे कुछ हद तक बतौर संगीतकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए. कुछ सालों बाद बर्मन दादा को मायानगरी बंबई की चकाचौंध कुछ ज़मी नहीं. वो बंबई की आबो हवा में घुटने लगे, शायद वो हसरत मचल रही थी, जो उनको हिन्दी सिनेमा का बर्मन दादा बनाने के लिए बेचैन थी. आखिरकार वे सबकुछ छोड़कर वापस कलकत्ता आ गए. हालांकि उनका मन वहां भी नहीं लगा. बर्मन दादा को बंबई में शोहरत की बुलन्दियों को छूना था. अंततः बर्मन दादा अपने आपको बंबई आने से रोक नहीं पाए.

बर्मन दादा ने ने करीब 3 दशक की अपनी सिनेमाई यात्रा में लगभग 90 फिल्मों के लिए कालजयी संगीत दिया. बर्मन दादा की सिनेमाई यात्रा पर रिसर्च करने पर पता चलता है कि, उन्होंने सबसे ज्यादा काम देव साहब एवं साहिर लुधियानवी साहब के साथ किया. बाद में साहिर साहब से उसूलों की आंच टकराई दोनों दिग्गजों का आत्मसम्मान मचल गया. अंततः दोनों की जोड़ी टूट गई.सन 1949 में फिल्म आजादी की राह पर के लिए उन्होंने पहली बार गीत लिखे, लेकिन प्रसिद्धि उन्हें फिल्म नौजवान, से मिली. नवजवान फिल्म में संगीतकार बर्मन दादा थे.

ठंडी हवाएँ, लहरा के आयें रुत है जवां तुमको यहाँ, कैसे बुलाएँ ठंडी हवाएँ...इस गीत को लिखने के बाद साहिर लुधियानवी नाम का जिक्र लिटरेचर की दुनिया से हटकर थोड़ा सिनेमा, संगीत पर होने लगा . इस गीत पर संगीतकार बर्मन दादा ने शास्त्रीय संगीत पद्धति थाट बिलावल के राग बिहाग एवं रबींद्र संगीत पर संगीत रचा, जो हिन्दी सिनेमा एवं संगीत में मील का पत्थर साबित हुआ. इस फिल्म के गानों की आपार सफलता के बाद बर्मन दादा एवं साहिर दोनों सफलता की गारंटी, के साथ ही दोनों एक दूसरे के पूरक बन गए. बाद में साहिर लुधियानवी ने बाजी, प्यासा, फिर सुबह होगी, कभी कभी जैसे लोकप्रिय फिल्मों के लिए गीत लिखे. विद्वान लोग कहते हैं कि बहुत ज़हीन लोग कम समझ आते हैं क्यों कि उनके अन्दर एक कोने में सिरहन पैदा करने वाली ख़ामोशी होती है, वहीं एक कोने में असंतुलित कर देने वाला शोर होता है. बर्मन दादा एवं साहिर लुधियानवी दोनों अपनी - अपनी प्रतिभा में पूरा का पूरा अध्याय थे. एक दौर में एस डी बर्मन दादा, साहिर साहब, देव साहब एवं गुरुदत्त साहब आदि के ग्रुप के तौर पर काम करते थे, कहते हैं कि बर्मन दादा एवं साहिर की प्रतिभा का फायदा सबसे ज्यादा देव साहब एवं गुरुदत्त साहब को अपने फ़िल्मों में यादगार संगीत के कारण हुआ. देव साहब एवं गुरुदत्त साहब ने बर्मन दादा की प्रतिभा को खूब सराहा, एवं खूब फायदा कमाया .

बर्मन दादा ने 1951 में फिल्म नौजवान के गीत ठंडी हवाएं, लहरा के आए... के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाई. 1951 में ही गुरुदत्त साहब की पहली निर्देशित फिल्म बाजी के गीत तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना दे... में बर्मन दादा और साहिर साहब की जोड़ी ने संगीतप्रेमियों का दिल जीत लिया. देव साहब की फिल्मों के लिए बर्मन दादा ने सदाबहार कालजयी संगीत दिया. उनकी फिल्मों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. बर्मन दादा के नाम के जिक्र के साथ सबसे पहले देव साहब का नाम याद आता है.

बर्मन दादा के पसंदीदा निर्माता-निर्देशकों में देव साहब के अलावा विमल राय, गुरुदत्त साहब, ऋषिकेश मुखर्जी, आदि प्रमुख रहे हैं. बर्मन दादा की फिल्म जगत के किसी कलाकार या गायक के साथ शायद ही अनबन हुई हो, लेकिन 1957 में प्रदर्शित फिल्म पेइंग गेस्ट के गाने चांद फिर निकला... के बाद लता मंगेशकर और उन्होंने एकसाथ काम करना बंद कर दिया. दोनों ने लगभग 5 वर्ष तक एक-दूसरे के साथ काम नहीं किया. बाद में बर्मन दादा के पुत्र आरडी बर्मन (पंचम दा) ने अपने पिता को मनाया, बाद में लता मंगेशकर ने बर्मन दा के संगीत को अपनी आवाज़ दी. महान बनने से पहले किसी भी शख्स को उसके भीतर की इंसानियत, उसूल, स्थायित्व, धैर्य, सब्र, ही उसे महानता की ओर ले जाती है. किसी भी शख्सियत में ठहराव एक आभूषण होता है.

बर्मन दादा हिन्दी सिनेमा के लिए ईश्वर का नायाब तोहफ़ा थे. सचिन देव बर्मन ने अपनी जिंदगी में जो शोहरत, इज्जत, मुहब्बत कमाई, उसका कोई सानी नहीं है. सचिन देव उर्फ़ बर्मन दादा का अंदाज़ अद्वितीय था. संगीतकार तो बहुत हुए, लेकिन रबींद्र संगीत, थाट बिलावल के राग विहाग को अपनी सिग्नेचर स्टाइल बनाया,



बाद में सभी संगीतकार लगभग इसी के अंतर्गत संगीत रचते थे. सिर्फ आपका मौलिक सृजन, चालीस इंच की सिल्वर स्क्रीन आपको सुपरस्टार नहीं बनाती, आपके अन्दर की अथाह प्रतिभा लगन आपको बर्मन दादा बनाती है. मगर सचिन देव बर्मन यूं ही महान नहीं बने. उनके अंदर का प्रेम, उनके भीतर की करुणा एक संवेदनशील मनुष्य के रुप में दिखाई पड़ते हैं. उनकी शख्सियत का अपना चार्म था. अपनी ज़िन्दगी में बेहद लोकप्रिय, संवेदनशील आदमी होने का पूरा कंप्लीट पैकेज थे.

देवानंद साहब अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म गाइड बना रहे थे. यह साठ के दशक के लगभग की बात होगी. देव साहब ने गीतकार कविराज शैलेंद्र को गीत लेखन एवं संगीत निर्देशन का कार्यभार बर्मन दादा को दे दिया. देव साहब की फ़िल्में संगीत प्रधानता पर टिकी होती थीं. उनकी फ़िल्मों में संगीत सर्वोत्तम होता था. उनके अभिनय में फिल्म का संगीत सहायक होता था. संगीत से ही देव साहब की फिल्मों का मूड सेट होता था. बर्मन दादा पूरे समर्पण से गाइड का संगीत बना रहे थे. लेकिन तभी एक दुर्घटना घट गई. बर्मन दादा अचानक अस्वस्थ हो गए. इलाज किया गया मगर बहुत समय तक बर्मन दादा के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ. निरंतर गिरावट हो रही थी. जैसे ही बर्मन दादा अस्वस्थ हुए, उधर देव साहब की फिल्म का काम रुक गया. बर्मन दादा इस बात से परिचित थे, कि देव साहब अपनी फिल्मों को लेकर जुनून की हद तक दीवानगी रखते थे. फिल्म में देरी का कैसा प्रभाव देव साहब पर पड़ रहा होगा, यह सोचकर बर्मन दादा को थोड़ा दुःख हुआ. जब बर्मन दादा को अपनी तबीयत में सुधार नहीं दिखाई दिया, तो उन्होंने देव साहब को बुलाकर कहा कि आप किसी और संगीतकार के साथ फ़िल्म शुरू कर दीजिए. देव साहब ने कहा आप निराश मत हों, पहले आप जल्दी से ठीक हो जाओ. काम जल्दी ही करना हैं, लेकिन आपके बिना नहीं. देव साहब बहुत ही सकारात्मक इंसान थे. किसी भी फ़िल्मकार के लिए यह उचित होता, कि उसका समय और पैसा बर्बाद हो रहा था, अतः वह बर्मन दादा को मान लेता, मगर देव साहब ने ऐसा करने से मना कर दिया. देव साहब संगीतकार बर्मन दादा के संगीत के जादू को जानते थे,इसलिए उन्होंने बर्मन दादा से कहा कि वह उनके ठीक होने का इंतज़ार करेंगे. जब तक आप पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं होंगे, गाइड का संगीत निर्माण नहीं होगा. इस बात से बर्मन दादा बेहद भावुक हो गए. खैर समय बीता और कुछ वक्त बाद बर्मन दादा स्वस्थ हो गये. तब उन्होंने पूरी ऊर्जा के साथ वापसी की और फ़िल्म का पहला गीत गाता रहे मेरा दिल रिकॉर्ड किया. संगीत निर्माण की प्रक्रिया में बर्मन दादा के साथ उनके पुत्र और महान संगीतकार आर.डी बर्मन ने दिया. इसी तरह फिल्म का गीत आज फिर जीने की तमन्ना है और तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं रिकॉर्ड किया गया. गीत बनते हुए ही बर्मन दादा और देव साहब को लग रहा था, कि फिल्म का संगीत जरूर बेशुमार ख्याति प्राप्त करेगा. दोनो का आंकलन सही साबित हुआ. फिल्म गाइड रिलीज हुई और इसका संगीत खूब पसंद किया गया. फ़िल्म के दो गीत वहां कौन है तेरा मुसाफ़िर और अल्लाह मेघ दे पानी दे बर्मन दादा और तरह देव साहब ने साबित किया कि रिश्ते और व्यवसाय दोनों अलग बातें हैं. प्रेम आपसी सम्बन्ध ज्यादा मायने रखता है. बर्मन दादा एवं देव साहब एक - दूसरे के दिल के बहुत करीब थे. बर्मन दादा एवं देव साहब परस्पर एक सिक्के के दो पहलू बने रहे. देव साहब ने अपनी आत्मकथा रोमांसिंग विथ लाइफ में बर्मन दादा का खूब जिक्र किया है.

आज के दौर में भले ही लोग संगीतकारों को जानते हों, भले ही संगीतकारों की भूमिका से परिचित न हों, लेकिन एक आदर्श दौर था, जब फिल्म स्टारों जैसे, गीतकारों, संगीतकारों को लोग खूब जानते थे, खूब लोकप्रियता मिलती थी. क्रिकेट के भगवान सचिन तेंडुलकर का नाम भी सचिन इसलिए रखा गया, क्योंकि तेंडुलकर के पिता रमेश तेंडुलकर सचिव देव बर्मन दादा के संगीत के जबरदस्त फैन थे. न सिर्फ रमेश तेंडुलकर बल्कि फिल्म संगीत को पसंद करने वाले असंख्य लोग महान संगीतकार बर्मन दा के मुरीद थे, हैं और हमेशा रहेंगे,आज के दौर में कितने लोग बर्मन दादा से परिचित हैं, बड़ा सवाल है.

किशोर दा ने एक इंटरव्यू में कहा था रफी साहब, , लता जी , मुकेश जी, मन्ना दा, मुझे,आदि के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बर्मन दादा जब भी गायकों से काम लेते थे, तो केवल संगीतकार की भूमिका में नहीं बल्कि एक पिता की तरह व्यवहार करते थे. किशोर दा कहते हैं कि बांकी तो सभी गायक अपनी गायकी, एवं आवाज़ के लिए खूब सजग रहते थे, लेकिन मैं बहुत बेपरवाह रहता था. बर्मन दादा मुझे बहुत डांटते, किशोर तुम इतने गैरजिम्मेदार क्यों हो? यह नहीं खाओगे वो नहीं खाओगे, मेरे घर कई बार फोन करते चुपके से पता करते की आज किशोर ने कुछ ऊटपटांग तो नहीं खा लिया?? सुनकर खूब डांटते, लेकिन बर्मन दादा की डांट हमेशा पिता की तरह महसूस होती. यह केवल मेरे साथ ही नहीं हर गायक के साथ उनके रूप यही होता था, लेकिन मुझे उनका स्नेह ज्यादा मिला. मैं गायक तो बन गया था, लेकिन बेपरवाह क्यों कि मेरी आवाज़ का ख्याल तो बर्मन दादा रखते थे, बर्मन ने मेरे कंठ को बहुत सम्भाला, किशोर कुमार बर्मन दादा के लिए हमेशा तत्पर एवं आभार मुद्रा में रहते थे.

फिल्म मिली के संगीत बड़ी सूनी-सूनी है... की रिकॉर्डिंग के दौरान एसडी बर्मन बीमार हो गए, किशोर दा ने एक बार इंटरव्यू में कहा था कि रेकॉर्डिंग होने ही वाली थी, मैंने देखा बर्मन दादा असहज हो रहे थे, मैं गया मैंने पूछा दादा क्या हुआ? दादा कहते हैं किशोर तुम गाओ, मुझे कुछ नहीं हुआ, किशोर ने खूब मनाया की दादा आज नहीं फ़िर रिकार्ड कर लेंगे, आज आप बीमार हैं, आप पहले डॉ. के पास चलिए. किशोर दा ने आरडी बर्मन (पंचम दा)को फोन किया कि बर्मन दादा को घर ले जाइए. बर्मन दादा घर चले गए आरडी बर्मन ने खूब मनाया, बर्मन दादा हस्पताल जाने के लिए नहीं मान रहे थे. पंचम दा ने फोन लगाया कहा किशोर बाबा को समझाओ, किशोर दा ने को बर्मन दादा हस्पताल जाने के लिए मनाया बाद में हस्पताल जाने के के लिए तैयार हुए. बर्मन दादा अपने संगीत की लगन के लिए कितने जुनूनी थे, उन्होंने जाते हुए किशोर दा को कहा किशोर ऐसे गाना रिकॉर्ड करना की गीत अमर हो जाए, और यह सोचना कि मैं तुम्हारे सामने ही बैठा हूं. आख़िरकार गाना रिकॉर्ड हो गया. अगले ही दिन किशोर दा बर्मन दादा को रिकॉर्डिंग सुनाने के लिए हस्पताल पहुंचे, गाना सुनने के बाद बर्मन दादा कोमा में चले गए, शायद वो उस गीत सुनने का ही इंतज़ार कर रहे थे. महीनों दुआओं का दौर चलता रहा, दुआएं काम भी आईं. बाद में उनके कान में किसी ने कहा कि दादा आपकी पसन्दीदा टीम ईस्ट बंगाल मैच जीत गई है, सुनते ही बर्मन दादा की आँखे खुली, और थोड़ी देर बाद हिन्दी सिनेमा को अपने बेमिसाल संगीत का पूरा सिलेबस लिखकर आज की पीढ़ी के लिए पूरी विरासत छोड़कर 31 अक्टूबर 1975 को इस दुनिया से रुख़सत कर गए.....

## संक्षिप्त खबरें

## सतर्कता जागरुकता के लिए सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



धनबाद। बीसीसीएल में अगस्त 2024 से तीन माह तक चलने वाले विशेष सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आज 30 सितंबर 2024 को निवारक सतर्कता जागरूकता के उद्देश्य से सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 40 से अधिक अधिकार्यों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के आरंभ में सभी ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली और अपने कर्तव्यों का सुचितापूर्वक निर्वहन करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। आयोजन मुख्यालय के सतर्कता विभाग की देखरेख में क्षेत्रीय कार्मिक विभाग द्वारा किया गया। मौके पर अपर महाप्रबंधक श्री के. के. सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री चंदन श्रीवास्तव, मुकेश कुमार उप प्रबंधक (कार्मिक), श्री कुंदन कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक सिविल, श्री वनिक उप प्रबंधक सिविल, श्रीमती आरती आदि के साथ ही क्षेत्र के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जागृत मंदिर मे भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी, नौ दिनों तक होगा भगवती का भव्य श्रृंगार







धनबाद, चीरागोरा स्थित जागृत मंदिर में भव्य दुर्गोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बात की जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष, बिल्लू गुप्ता ने बताया कि तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र मे मंदिर को रंग बिरंगी लाईटों से सजाया जाएगा। नौ दिनों तक लगातार भंडारा का आयोजन किया गया है। आचार्य सुबोध पांडे , सत्यनारायण पांडे के नेतृत्व में दस सदस्यीय ब्राह्मणों की टीम द्वारा समस्त पूजन कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। मुख्य यजमान अजय कुमार भट्ट होंगे। वहीं महासप्तमी से लेकर महानवमी तक संध्या मे भजन कीर्तन का आयोजन होगा। आठ अक्टूबर 24 को महिला समीति द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। नवरात्र के प्रथम दिवस से नित्य माता रानी का नए वस्त्र और आभूषण से श्रृंगार किया जाएगा। समिति के सचिव, राजेश सिन्हा ने हिंदी दैनिक अख़बार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार सह ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बताया कि जागृत मंदिर में नवरात्र के दौरान मां जगदम्बा की विशेष पूजा होगी ।चार प्रहर की आरती होगी।नवरात्र के दौरान मंदिर में बच्चों द्वारा दांडिया का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि महासप्तमी को खीर, महाअष्टमी को हलवा-चना, और महानवमी को खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा । आगे मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने भी बताया कि 15 जुलाई 24 को मंदिर में पांच प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई हैं। मंदिर परिसर में मां शीतला के मंदिर का निर्माण किया गया है । जहां रोजाना दर्जनो श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने आम लोगों से अपील की है की जागृत मंदिर ट्रस्ट में यथा संभव सहयोग करें। मौके संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता,अयोध्या प्रसाद, मुनमुन बाबू , अमरेंद्र कुमार सहाय,मनोज मालाकार , विजय तिवारी, अरूण दूबे, आशीष आनंद, कुणाल सिंह मनोरंजन कुमार दुबे अध्यक्ष, राजेश कुमार सिन्हा सचिव, कुमार अरविन्द कोषाध्यक्ष, रविन्द्र कुमार, प्रशांत सिन्हा, उपाध्यक्ष, बिल्लू कुमार गुप्ता, अनुप कुमार सहाय, नितिश कुमार, सह सचिव, राजमनी देवी सह कोषाध्यक्ष एवं अजय कुमार भट्ट मीडिया प्रभारी मौजूद थे।

## पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ चिपकाया इश्तिहार



धनबाद,(जोड़ापोखर), जोड़ापोखर थाना क्षेत्र जेलगोड़ा के रहनेवाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ डरा-धमकाकर दो वर्षों से शारीरिक शोषण करने का फरार आरोपी रियाजुद्दीन के घर बड़कीतांड पर पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया है । इस मामले में जोड़ापोखर थाना में कांड संख्या 249/21 दर्ज किया है । भादवी की धारा 376/447/506 पॉस्को एक्ट लगा है। घटना 28 दिसम्बर 2021 का है । इस संदर्भ में छात्रा के पिता ने जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत की थी । शिकायत में कहा है कि जामाडोबा का रहने वाला रियाजुद्दीन नामक युवक उसकी पुत्री का पिछले दो वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा है। मुंह खोलने पर जान मारने की धमकी देता है। साथ ही युवक ने कई बार तेजाब फेंककर शरीर जला देने की भी धमकी दी थी । युवक की धमकी और समाज के लोक लाज के कारण पुत्री अब तक चुप रहती थी। लेकिन जब असहनीय दर्द हो गया तब पुत्री ने घर के लोगों को इसकी जानकारी दी थी । पिता ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई ।जिसके बाद जोड़ापोखर थाना तत्कालीन प्रभारी राजदेव सिंह ने छात्रा के पिता की शिकायत पर कांड संख्या 249/21 में पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। छात्रा को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया गया । थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर पर ढोल नगाड़ों के साथ इस्तेहार चिपकाया गया है।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत धनबाद मंडल द्वारा बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया



धनबाद । स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत भारतीय रेल द्वारा आयोजित, स्वच्छता पखवाड़ा धनबाद मंडल के सभी कार्यालयों, संस्थागत भवनों, रेलवे स्कूलों, रेलवे ट्रैकों और स्टेशनों, ट्रेन जल निकायों, नदियों, झीलों, तालाबों, नालों और रेलवे परिसरों, धनबाद में पंपू तालाब में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया| इस अभियान में, स्वच्छता ही सेवा -2024 थीम के बैनर तले, सभी रेल कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया । रेलवे परिसरों की सफाई हेतु श्रमदान किया | इस श्रमदान अभियान में, पम्पू तालाब, धनबाद की भी सफाई की गयी | इसके अलावा धनबाद मंडल के सभी 150 स्टेशनों, रेलवे स्कूलों एवं विभिन्न रेल परिसरों में कर्मचारियों ने स्वच्छता को स्वभाव एवं संस्कार में शामिल करने की स्वच्छता शपथ भी ली । कार्यक्रम में, सर्वप्रथम विभिन्न रेलवे परिसरों के आसपास, आम तौर पर उपेक्षित कचरे एवं दूषण से भरे जगहों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चुना गया और उन स्थानों को स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में नामित किया गया । साथ ही इन कठिन एवं गंदे स्थानों की समयबद्ध सफाई की गयी | धनबाद मंडल में ऐसे 58 ब्लैक स्पॉट्स को चुना गया और उनकी सफाई की गयी।

# बीसीसीएल में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस





धनबाद। 30 सितंबर को विश्व अनुवाद दिवस के अवसर पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में एक संगोष्ठी के साथ कंपनी के अनुवादकों के लिए सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीसीसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (कार्मिक/ राजभाषा) श्री बिद्युत साहा ने की और संचालन प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिलीप कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बीसीसीएल मुख्यालय के साथ ही कंपनी के सभी क्षेत्रों में कार्यरत सभी 09 अनुवादकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाप्रबंधक श्री बिद्युत साहा ने कहा कि विभिन्न संस्कृतियों के विकास एवं तरक्की में अनुवादकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अनुवादक भौगोलिक और भाषायी बंधनों के परे संस्कृतियों को जोड़ने की एक कड़ी की भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कल्याण) श्री सरोज पाण्डेय, महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री सुनील कुमार, प्रबंधक (राजभाषा) एवं विभागाध्यक्ष श्री उदयवीर सिंह, श्री रंजीत कुमार, दयानंद पासवन, श्रीमती पूनम कुमारी, श्री प्रभात कुमार, श्रीमती किरन रानी नायक आदि के साथ ही काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सम्मानित होने वाले अनुवादकों की सूची:

निशीकांत मिश्रा, वाशरी डिवीजन,राजेन्द्र कुमार, सीवी क्षेत्र, अनिरुद्ध नोनिया, राजभाषा विभाग, मुख्यालय,बंदना देवी, राजभाषा विभाग, मुख्यालय, मनीष कुमार, राजभाषा विभाग, मुख्यालय. आशुतोष नंदी, जनसंपर्क विभाग, मुख्यालय
अभिषेक, कतरास क्षेत्र, रोशन, लोदना श्रेत्र
मुकेश, पूर्वी झरिया क्षेत्र

# सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने मनाया सी एस आई आर के 83वां स्थापना दिवस






धनबाद, बड़वा रोड स्थित सीएसआईआर-केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने सीएसआईआर के 83वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक श्रृंखला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक, डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया । साथ ही राष्ट्रीय विकास में सीएसआईआर के योगदान पर विशेष प्रकाश डाला । कार्यक्रम में विशेष रूप से खनन प्रौद्योगिकियों को उन्नत करने में संस्थान की भूमिका को रेखांकित किया गया ।समारोह में आईआईटी हैदराबाद के निदेशक, प्रोफेसर बुडाराजू श्रीनिवास मूर्ति मुख्य अतिथि बतौर मौजूद थे । जिसमें उन्होंने नवाचार, सहयोग और आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विचारों में स्वत्रंता , नवाचार के लिए एक सहायक वातावरण बनाने और वैश्विक साझेदारी के विस्तार की महत्ता पर भी चर्चा की ।कार्यक्रमों में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर और आईआईटी हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया । इस सहयोग का उद्देश्य शैक्षणिक आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देना है ताकि तकनीकी उन्नति को प्रोत्साहित किया जा सके । एनटीपीसी के निदेशक, ऑपरेशंस रवींद्र कुमार ने सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की विभिन्न परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। शोध परिषद के अध्यक्ष, प्रोफेसर डी.डी. मिश्रा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स में प्रगति का आह्वान किया, और नवाचार, अनुसंधान और विकास आरएंडडी, और अनुसंधान कार्यक्रमों के विस्तार में प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का समापन कुछ औपचारिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को घड़ियाँ ,अकादमिक उत्कृष्टता की पहचान में, 2024 की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं कक्षा में तीन या अधिक विज्ञान विषयों में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को एकमुश्त नकद पुरस्कार के रूप में 3,000 रुपये प्रदान किए गए । साथ ही सीएसआईआर-सीआईएमएफआर कर्मचारियों के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया ।

# राष्ट्रीय युवा कांग्रेस का महिला सशक्तिकरण को लेकर शक्ति सुपर सी एवं इंदिरा फैलोशिप अभियान



धनबाद। सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस मुख्यालय में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण को लेकर शक्ति सुपर सी एवं इंदिरा फेलोशिप अभियान को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष, कुमार गौरव ने कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज यह पहल महिला नेतृत्व के एक सशक्त कारवां में बदल चुकी है।राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़ - हिस्सेदारी, कांग्रेस पार्टी की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर ज़मीनी स्तर पर काम करने की चाहत रखने वाली महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और महिला केंद्रित राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूँ।शक्ति अभियान से जुड़कर महिलाएँ ब्लॉक स्तर पर सशक्त संगठनों का निर्माण कर रही हैं। उनको सीखने, आगे बढ़ने और बदलाव लाने का अवसर मिल रहा है। आप भी इस बदलाव का हिस्सा बनें और इंदिरा फेलोशिप के माध्यम से शक्ति अभियान से जुड़ेंने के लिए- www.shaktiabhiyan.in पर रजिस्टर करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर करुण नंदन पासवान, अभिनव तिवारी संगम, प्रदेश महासचिव,राजीव रंजन कुमार, शक्ति सुपर सी जिला संयोजक, आशा खातून, प्रवक्ता अभिषेक सौरव, जिला महासचिव, विक्की कुमार, सोनू यादव खुर्शीद अंसारी, विधानसभा उपाध्यक्ष सुरज पासवान, महासचिव तबरेज खान, सकीना खातून, किरण देवी, मीणा देवी, गीता देवी, तलब प्रवीण, सकीना खातून आदि मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना अति अल्पकालिन**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**ई–निविदा सूचना संख्या - (धनबाद) 10/2024-25 (2nd Call) तिथि – 30-09-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01-10-2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 08-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखंड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन का राशि ऑनलाईन जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय – | 08-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 09-10-2024 समय 04:00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक अंचल, दुमका। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 मयंक कुमार भगत, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 0326-2308988, 9939842423 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-480345 |

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Rural Water Supply Scheme Telmachho under D.W. & S. Mechanical Division Dhanbad | 76,64,976.00 | 1,53,300.00 | 10,000.00 | 04 माह |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोशित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखण्ड, में निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी प्रमंडलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 337651 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D — पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना अति अल्पकालिन**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**ई–निविदा सूचना संख्या - (धनबाद) 12/2024-25 (2nd Call) तिथि – 30-09-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01-10-2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 08-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखंड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन का राशि ऑनलाईन जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय | 08-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 09-10-2024 समय 04:00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक अंचल, दुमका। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 मयंक कुमार भगत, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 0326-2308988 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-480345 |

| | कार्य का नाम | ग्रुप | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Renovation of 33KV Electric Sub-Station at WTP Bhelatand of Dhanbad Urban Water Supply Scheme under D.W. & S. Mechanical Division Dhanbad | B | 28,47,104.00 | 57,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोशित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखण्ड, में निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी प्रमंडलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 337654 Drinking Water and Sanitation(24-25).D — पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल,धनबाद

# चावल निर्यात में छूट से सभी को होगा फायदा!

### केंद्र सरकार ने एक तीर से किए दो शिकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटाकर उसकी जगह 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य लगा दिया। कारोबारी सूत्रों के अनुसार इससे केंद्र ने एक तीर से दो शिकार किए। केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उपयोग होने वाले सस्ते चावल का भारत से निर्यात नहीं हो और दूसरे, चावल की प्रीमियम किस्मों 'सोना मसूरी' और 'गोविंद भोग' के निर्यात में कोई अड़चन भी न रहे। सरकार ने इसके एक दिन पहले गैर बासमती चावल निर्यात पर कर कम किया और फिर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया। गैर बासमती चावल की सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली किस्में 'गोविंद भोग' और 'सोना मसूरी' हैं और इनका वैश्विक बाजार में मूल्य 600 डॉलर प्रति टन से अधिक है। सरकार ने उसना चावल पर निर्यात शुल्क 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया। बाजार के सूत्रों के अनुसार इस फैसले से भारत की चावल की किस्में थाईलैंड को चुनौती दे सकेंगी। थाईलैंड के 100 फीसदी प्रीमियम उसना चावल का मूल्य 4 सितंबर के 604 डॉलर प्रति टन से गिरकर 25 सितंबर को 583 डॉलर प्रति टन आ गया। इस तरह चावल की इस किस्म के दाम में एक माह के दौरान करीब 4 फीसदी की गिरावट आ गई। भारत का उसना चावल 20 फीसदी निर्यात कर के साथ 570-600 डॉलर प्रति टन पर बेचा जा रहा था। अब निर्यात कर घटने से थाईलैंड के मूल्य के बराबर आ जाएगा। कारोबारियों के अनुसार गैर बासमती चावल की श्रेणियां टूटा चावल, उसना चावल और सफेद (अरवा) या कच्चा चावल हैं। वित्त वर्ष 23 में कई देश भारत से निर्यात किए जाने वाले चावल के लिए अच्छा रहा। भारत के चावल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी अलग पहचान है। भारत का कुल निर्यात करीब 2.23 करोड़ टन था। इसमें बासमती चावल 45.5 लाख टन और गैर बासमती चावल का निर्यात 177.8 लाख टन था। गैर बासमती श्रेणी में टुकड़ा चावल का निर्यात करीब 30-40 लाख टन था और शेष चावल में उसना व सफेद चावल का बराबर अनुपात था। हालांकि वित्त वर्ष 2023-24 में चावल का कुल निर्यात गिरकर 1.63 करोड़ टन रह गया और कुल चावल निर्यात में करीब 27 फीसदी की गिरावट आई। इस अवधि में सरकारी प्रतिबंधों के कारण गैर बासमती खंड अधिक प्रभावित हुआ था।

## त्योहारों से पहले सस्ता हो सकता है पेट्रोल और डीजल

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार त्योहारों से पहले पेट्रोल और डीजल के भाव में कटौती करने वाली है। तेल कंपनियां वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी का फायदा आम आदमी को पहुंचाने की तैयारी कर ली है। माना जा रहा है कि त्योहारों से पहले सरकार भी पेट्रोल और डीजल के दाम घटाने को हरी झंडी दे देगी। दुनिया के बड़े तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब की ओर से सप्लाई बढ़ने के बाद वैश्विक बाजार में क्रूड के भाव 24 से 33 फीसदी तक नीचे आ गए हैं। इससे कंपनियों को तेल खरीदने में काफी बचत भी हो रही है। ब्रेंट क्रूड भी 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है, जिसका फायदा अब आम आदमी को देने की तैयारी चल रही है। मामले से जुड़े तीन अधिकारियों का कहना है कि तेल कंपनियों ने अपनी ओर से दाम घटाने की पूरी तैयारी कर ली है, बस सरकार की हरी झंडी का इंतजार है। अनुमान है कि इस बार पेट्रोल और डीजल के दाम 3 रुपये प्रति लीटर तक घटाए जा सकते हैं। तेल सस्ता होने की उम्मीद इसलिए है, क्योंकि बीते एक साल में क्रूड के भाव काफी नीचे आ गए हैं। सितंबर, 2023 में जहां ब्रेंट क्रूड का भाव 96.5 डॉलर प्रति बैरल था, वहीं 2024 में यह 25.38 फीसदी टूटकर 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। इसी अनुपात में भारत का कच्चा तेल खरीदने का भाव भी पिछले साल के 93.54 डॉलर से 21.12 फीसदी टूटकर 73.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।

## टाटा ऑटोकॉम्प में 13 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी टाटा संस

### वर्तमान में टाटा संस के पास वाहन पुर्जा कंपनी टाको में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है

नई दिल्ली (ईएमएस)। टाटा समूह की नियंत्रक कंपनी टाटा संस टाटा कैपिटल से 2,122 करोड़ रुपये में टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स (टाको) में 12.65 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा खरीदने की योजना बना रही है। उसका कुल इक्विटी मूल्यांकन 16,800 करोड़ रुपये है। टाटा कैपिटल ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। वर्तमान में टाटा संस के पास वाहन पुर्जा कंपनी टाको में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि टाटा मोटर्स के पास 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा ऑटोकॉम्प में शेष हिस्सेदारी टाटा समूह की अन्य कंपनियों के पास है। यह सौदा चालू वित्त वर्ष के आखिर से पहले ही पूरा होने की उम्मीद है। टाटा कैपिटल ने कहा कि पर्याप्त पूंजी के दमदार अनुपात के साथ अपने कारोबार के विकास में मदद और सुचारू कारोबारी परिचालन के लिए उसने यह सौदा किया है और टाटा संस के साथ विभिन्न सौदे कर सकती है। इनमे निवेश की बिक्री, ब्रांड इक्विटी और कारोबार प्रोत्साहन योगदान, सेवाओं का लाभ उठाना, क्रियान्वयन तथा कर्ज देने और रकम जुटाने समेत कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अन्य सौदे शामिल हैं। टाटा कैपिटल ने सूचना में कहा कि कंपनी के पास टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स में इक्विटी निवेश है और उस निवेश का कुछ हिस्सा समय-समय पर टाटा संस को विभिन्न किस्तों में बेचा है। कंपनी के पास 1 अप्रैल 2024 तक टाको की 12.65 प्रतिशत इक्विटी शेयरधारिता थी। इस साल जून में कंपनी ने इस इक्विटी निवेश का 5.08 प्रतिशत हिस्सा टाटा संस को 850 करोड़ रुपये में बेचा था और अब टाको में शेष इक्विटी निवेश यानी 7.57 प्रतिशत हिस्सा 1,272 करोड़ रुपये में टीएसपीएल को बेचने का प्रस्ताव है। टाटा कैपिटल ने कहा कि इस लेनदेन के लिए टाको का स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया था और इस लेनदेन को निदेशक मंडल की ऑडिट समिति को भेजा गया था। वर्तमान में टाटा संस के पास टाटा कैपिटल में 93 प्रतिशत हिस्सेदारी है। चूंकि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान टीएसपीएल के साथ निवेश सौदे की बिक्री और अन्य सौदों का कुल मूल्य 2,500 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है।

# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 1272 अंक , निफ्टी 368 अंक नीचे आया

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के पहले ही कारोबार दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार टूटा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1272.07 अंक करीब 1.49 फीसदी नीचे आकर 84,299.78 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 368.10 अंक तकरीबन 1.41 फीसदी नीचे आकर 25,810.85 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप में 0.38 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 0.32 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। व्यापक सूचकांक भी गिरावट पर बंद हुए। जानकारों के अनुसार विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया है। एनालिस्ट्स का मानना है कि शेयर बाजार में गिरावट की मुख्य वजह विदेशी निवेशकों की तरफ से की गई जमकर बिकवाली थी। आज विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की। इसके अलावा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की नीतिगत ब्याज दरों के भाषण को लेकर भी निवेशक सतर्क रुख अपनाते आये हैं। आज कारोबार के दौरान सबसे बड़ी गिरावट ऑटो शेयरों में रही। निफ्टी ऑटो आज 2.11 फीसदी नीचे आया। इसके बाद निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.72 फीसदी गिरा, निफ्टी बैंक 1.59 फीसदी , निफ्टी प्राइवेट बैंक 1.70 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 1.42 फीसदी, निफ्टी रियल्टी




1.68 फीसदी, निफ्टी फार्मा 1.01 फीसदी में भी भारी गिरावट रही। इसके अलावा निफ्टी मीडिया के शेयर 1.12 फीसदी और निफ्टी मेटल के शेयर 1.33 फीसदी बढ़े। वहीं आज निफ्टी केवल 9 शेयर ही ऊपर आये। जेएसडब्यू स्टील का शेयर आज सबसे ज्यादा 2.93 फीसदी की तेजी में रहा। इसके अलावा, एनटीपीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बीपीसीए, ग्रासिम इंडस्ट्रीज,एशियन पेंट्स और ओएनजीसी के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं इसी तरह से सेंसेक्स में जेएसडब्लयू स्टील, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन और एशियन पेंट्स सेंसेक्स के लाभ वाले शेयर रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। सेंसेक्स 290 अंक की गिरावट के साथ 85,280 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 50 92 अंक की गिरावट के साथ 26,086 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशिया के शेयर बाजार में आज मिलाजुला रुख देखने को मिला। चीन ने अधिक प्रोत्साहन का एलान किया है पर जापान के नए प्रधान मंत्री द्वारा ब्याज दरों को सामान्य करने के पक्ष में चिंताओं के कारण निक्केई में गिरावट आई।

## टाटा टियागो ईवी ने भारतीय बाजारों में मचाई धूम

नई दिल्ली। हाल ही में टाटा टियागो ईवी ने इस क्षेत्र में धूम मचाई है। यह कार विशेष रूप से दैनिक यात्रा करने वालों के लिए एक किफायती विकल्प साबित हो रही है। टाटा टियागो ईवी की एक्स-शोरूम कीमत रुपए 7.99 लाख से लेकर रुपए 11.49 लाख तक है, और यह दो वैरिएंट में उपलब्ध है। इसके बेस मॉडल में फुल चार्ज पर 250 किमी और टॉप वैरिएंट में 315 किमी की रेंज मिलती है। टॉप वैरिएंट में 24केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जो औसतन पब्लिक चार्जिंग कॉस्ट रुपए 18 प्रति किलोवाट-घंटा के हिसाब से लगभग रुपए 450 में फुल चार्ज होती है। प्रति किलोमीटर का संचालन खर्च केवल रुपए 1.43 है, जो इसे पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में बेहद किफायती बनाता है। अगर आप महीने में 1500 किमी यात्रा करते हैं, तो आपका मासिक खर्च लगभग रुपए 2,145 होगा।

# हीरे को पछाड़कर नंबर वन पर पहुंचा स्मार्टफोन का निर्यात

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश से स्मार्टफोन का निर्यात गैर-औद्योगिक हीरे को पछाड़कर शीर्ष पायदान पर पहुंच गया। निर्यात पर वा णि ज्य विभाग के ताजा आंकड़ों के आधार पर वित्त वर्ष 2025 की जून तिमाही में स्मार्टफोन का निर्यात 2 अरब डॉलर तक पहुंच गया जो हीरे के मुकाबले काफी अधिक है। इस दौरान हीरे का निर्यात 1.44 अरब डॉलर रहा। स्मार्टफोन के कुल निर्यात में आईफोन का योगदान सर्वाधिक रहा। जहां तक स्मार्टफोन का सवाल है तो वह पहली बार शीर्ष पायदान पर वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में पहुंचा था। उस दौरान अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 1.42 अरब डॉलर पर हीरे के मुकाबले आगे निकल गया था। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में हीरे का निर्यात 1.3 अरब डॉलर रहा था। भारत से अमेरिका को निर्यात हुई वस्तुओं की सूची में स्मार्टफोन तेजी से शीर्ष पायदान पर पहुंचा है क्योंकि 2024 की सितंबर तिमाही में वह चौथे पायदान पर रहा था।

आईफोन के कारण स्मार्टफोन के निर्यात में तेजी कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह मोबाइल उपकरणों के लिए सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) की सफलता बताता है। पीएलआई योजना की घोषणा होने से पहले और वित्त वर्ष 2020 में ऐपल द्वारा आईफोन का निर्यात शुरू करने से पहले भारत से स्मार्टफोन का निर्यात केवल 1.6 अरब डॉलर का रहा था। इसमें से केवल 3 फीसदी यानी 50 लाख डॉलर के स्मार्टफोन ही वित्त वर्ष 2019 में अमेरिका को निर्यात किए गए थे। पीएलआई योजना के दूसरे साल यानी वित्त वर्ष 2023 तक भारत से स्मार्टफोन का कुल निर्यात 11.1 अरब डॉलर रहा जिसमें से ऐपल ने 5 अरब डॉलर से अधिक कीमत के आईफोन का निर्यात किया। इसमें से 20 फीसदी स्मार्टफोन अमेरिका को निर्यात किए गए और उसमें मुख्य तौर पर आईफोन शामिल था। 2024 तक आईफोन का निर्यात 10 अरब डॉलर तक पहुंच गया जो भारत से निर्यातित कुल 15.6 अरब डॉलर के स्मार्टफोन का 66 फीसदी था। इस दौरान भारत से अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 158 फीसदी बढ़कर 5.56 अरब डॉलर हो गया जो वित्त वर्ष 2024 में हीरे के बाद दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बन गया। भारत से ऐपल के कुल आईफोन निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी थी।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 10 पैसे गिरावट के साथ ही 83.79 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह दुनिया भर के बाजारों के नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे टूटकर 83.75 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और महीने के अंत में आयातकों की ओर से बढ़ी मांग के कारण प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.72 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.75 प्रति डॉलर पर फिसल गया। ये पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दिखा रहा है। वहीं रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.69 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़त के साथ 100.17 पर रहा।

## मनबा फाइनेंस का शेयर 25 प्रतिशत उछाल के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मनबा फाइनेंस लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 120 रुपये से 25 प्रतिशत उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 25 प्रतिशत उछाल के साथ 150 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 31.20 प्रतिशत चढ़कर 157.45 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी का शेयर 20.3 प्रतिशत के उछाल के साथ 145 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में शेयर 26.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 152.25 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 791.02 करोड़ रुपये रहा। मनबा फाइनेंस लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बोली के तीसरे व अंतिम दिन गत बुधवार तक 223.12 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 151 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 114-120 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। मनबा फाइनेंस का आईपीओ 1,25,70,000 करोड़ ताजा शेयर का निर्गम था।

## सोने-चांदी की कीमतों में आई तेजी

### सोना 75,200 रुपए, चांदी लगभग 91,600 रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा भाव में इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 75,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 516 रुपये की तेजी के साथ 75,374 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 329 रुपये की तेजी के साथ 75,187 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 121 रुपये की तेजी के साथ 91,519 रुपये पर खुला। इस समय यह 224 रुपये की तेजी के साथ 91,622 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में चांदी के भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,680.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,668.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,673.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.94 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.81 डॉलर था। इस समय यह 0.01 डॉलर की गिरावट के साथ 31.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# अडाणी की नई कंपनी सौर उपकरण बनाने शुरू करेगी विनिर्माण प्लांट

नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी न्यू इंड्स्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) सौर उपकरण बनाने के लिए सोलर ग्लास, एल्युमीनियम फ्रेम और बैकशीट का विनिर्माण प्लांट शुरू करने पर विचार कर रही है। ये सभी कंपनी के मौजूदा सोलर सेल एवं मॉड्यूल के लिए अहम पुर्जे हैं। एएनआईएल अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की हरित ऊर्जा उत्पाद विनिर्माण इकाई है। फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटाल एनर्जीज की एएनआईएल में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है और बहुलांश हिस्सा एईएल के पास है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि इस योजना का मकसद सोलर




सेल एवं मॉड्यूल विनिर्माण के लिए अपनी आपूर्ति व्यवस्था तैयार करना है। एएनआईएल इस समय पॉलिसिलिकन वेफर, सिल्ली, सेल एवं मॉड्यूल बना रही है जिनका इस्तेमाल सोलर मॉड्यूल और तैयार उत्पादों में होता है। इस बारे में कंपनी के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सौर ऊर्जा परियोजना में काम आने वाले कई पुर्जे ऐसे हैं जिनका हम आयात करते हैं। दो कंपनियां सोलर ग्लास जरूर बना रही है लेकिन इससे जरूरत पूरी नहीं हो रही है। इसे देखते हुए हम स्वयं इसे तैयार करना चाहते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने ई-मेल के जरिये इस योजना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कंपनी की यह पहल दीर्घ अवधि के लिए टिकाऊ आपूर्ति व्यवस्था खड़ा करने की उसकी योजना का हिस्सा है। अदाणी सोलर गुजरात के मुंद्रा में भारत का सबसे व्यापक एवं अत्याधुनिक सौर विनिर्माण तंत्र स्थापित कर रहा है।

## जियो का रिचार्ज प्लान, रोजाना 3 रुपए में अनलिमिटेड कॉलिंग और डेटा!

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के सबसे बड़े टेलीकॉम कंपनी जियो ने हाल ही में अपने कुछ प्लान में बढ़ोतरी कर यूजर्स को निराश किया था। लेकिन अब ऐसे रिचार्ज प्लान लेकर आया है जिसमें आपका प्रति दिन मात्र 3 रुपए खर्च होगा। जियो ने अपने यूजर्स के लिए 75 रुपए वाला प्लान लेकर आया है। इस प्लान में आपको अनलिमिटेड कॉलिंग, 50 एसएमएस और डेली 100 एमबी डेटा मिलता है। इसके साथ 200 एमबी अतिरिक्त डेटा और कुल 2.5 जीबी डेटा का लाभ मिलेगा। इस प्लान की वैधता 23 दिनों की होती है। यानी इस प्लान में आपको रोजना 3 रुपए खर्च आएगा। बता दें कि इस प्लान का लाभ सिर्फ जियो फोन यूजर्स ही उठा सकते हैं। दरअसल, कंपनी की ओर से अपने कई प्लान सिर्फ जियो फोन यूजर्स के लिए उपलब्ध किए जाते हैं, जिनमें से एक ये हैं।

## इस त्योहार बीएमडब्ल्यू भी दे रही विशेष छूट के साथ बेहतर सुविधाएं

मुंबई,(ईएमएस)। इस साल त्योहारी सीजन में, बीएमडब्ल्यू कार निर्माता कंपनी के साथ ही अनेक लग्जरी कार निर्माता कंपनियों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए अनेक आकर्षक ऑफर्स की घोषणा कर रहीं हैं। ये कंपनियां कम ब्याज दर के साथ ही साथ किफायती मासिक किस्तों और रोड टैक्स में छूट जैसे लाभ ग्राहकों को देने की बात कर रही हैं। अब देखना यह होगा कि कंपनियों के ये उपभोक्ता लुभाऊ वादे लग्जरी कारों की बिक्री पर क्या असर डालते हैं। इसी कड़ी में इस साल के त्यौहारी सीजन में जर्मनी की कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने बीएमडब्ल्यू जॉय डेज प्रस्तुत किया है। इसके जरिए ग्राहकों को अनेक वित्तीय लाभ प्रदान करने की बात कही जा रही है। कंपनी ने विभिन्न मॉडलों की लग्जरी कारों पर विशेष ब्याज दर घोषित की हैं, जो कि सामान्य ब्याज दर से करीब 40 प्रतिशत कम है। इस आधार पर कहा जा रहा है कि कार खरीदने पर ग्राहक को ईएमआई 49,999 रुपये से शुरू होगी। वहीं ऑडी इंडिया ने त्योहारों के मौके पर ग्राहकों के लिए विशेष योजना पेश कर रही है। इसमें सर्विस प्लान, एक्सेसरीज पर भी छूट और अन्य लाभ शामिल हैं। कंपनी ने 100 डेज ऑफ सेलिब्रेशन नाम से विशेष योजना का आगाज किया है। इसके तहत ग्राहकों को कम ब्याज पर वाहन ऋण और पुरानी कारों की बेहतर कीमत देने का वादा कर रही हैं। इसी तरह से मर्सिडीज बेंज इंडिया भी ड्रीम डेज कैम्पेन योजना के अंतर्गत ग्राहकों को किफायती ईएमआई, मुफ्त बीमा और कॉरपोरेट लाभ जैसे लाभ देने की बात करती है।

## एलएंडटी को दक्षिण भारत में मिला ठेका

नई दिल्ली। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को देश के दक्षिणी क्षेत्र में ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने और उसे लागू करने का ठेका मिला है। यह ऑर्डर लार्सन एंड टुब्रो के विद्युत पारेषण एवं वितरण खंड की डिजिटल ऊर्जा समाधान शाखा को मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे दक्षिण भारत में क्षेत्रीय तथा राज्य के लोड डिस्पैच सेंटर में ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों को विकसित करने और लागू करने का ठेका मिला है।

## डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर ने आईपीओ लाने सेबी के पास दाखिल किए दस्तावेज

नई दिल्ली (ईएमएस)। टेमासेक होल्डिंग्स तथा टीपीजी समर्थित नेत्र देखभाल सेवा प्रदाता डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये करीब 3,000-3,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और प्रतर्वतकों तथा अन्य शेयर विक्रेताओं द्वारा 6.95 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने आईपीओ का आकार 3,000-3,500 करोड़ रुपये बताया है। इसके अनुसार नए निर्गम से प्राप्त 195 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग कर्ज भुगतान करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा एक हिस्से का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों और अज्ञात अकार्बनिक अधिग्रहण के लिए किया जाएगा।

# आज होगा अनिल अंबानी की किस्मत का फैसला!

### रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में लिए जाएंगे कई फैसले

मुंबई (ईएमएस)। कभी कर्ज की वजह से चर्चा में रहने वाले कारोबारी अनिल अंबानी के दिन अब फिरने लगे हैं। बताय जा रहा है कि अनिल अंबानी की दो कंपनियों रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने अपना कर्ज कम कर दिया है। इससे इन दोनों कंपनियों के शेयर रॉकेट बन गए हैं। अनिल अंबानी के लिए एक अक्टूबर का दिन बेहद खास होने वाला है। इस दिन इनकी कंपनी को लेकर कई फैसले होंगे। ऐसे में एक अक्टूबर को अनिल अंबानी की किस्मत का फैसला होगा। एक अक्टूबर को अनिल अंबानी की



कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक होगी। इस बैठक में कंपनी से जुड़े कई फैसले लिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में बोर्ड लॉन्ग टर्म तक फाइनेंशियल रिसॉर्सेज जुटाने पर विचार करेगा और उन्हें मंजूरी देगा। ऐसा होता है तो यह कंपनी के लिए अच्छा कदम होगा। बता दें कि 19 सितंबर को हुई बोर्ड मीटिंग के बाद कंपनी अब डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मार्केट से पूंजी जुटाने पर फोकस कर रही है। बताया जा रहा है कंपनी बैठक में फंड जुटाने के लिए अलग-अलग रणनीति अपना सकती है। इसके लिए इक्विटी शेयरों, इक्विटी-लिंक्ड सिक्योरिटीज या इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय वारंट के माध्यम से फंड जुटा सकती है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने पिछले हफ्ते बताया था कि उनके बोर्ड ने लगभग 12.56 करोड़ इक्विटी शेयरों के तरजीही इश्यू के माध्यम से 3,014 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है। रिलायंस पावर ने स्टॉक एक्सचेंज में अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में 3872.04 करोड़ रुपये के बकाया कर्ज को चुकाने की जानकारी दी थी। अनिल अंबानी की दोनों कंपनियों रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा के शेयर तेजी से भाग रहे हैं। रिलायंस पावर ने पिछले एक महीने में करीब 52 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं रिलांयल इंफ्रा भी रिटर्न के मामले में पीछे नहीं रही है।

# अशनीर ग्रोवर भारत-पे से आउट, कंपनी की कोई शेयर होल्डिंग भी नहीं

### फंड हेराफेरी मामले में लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हुआ समझौता

नई दिल्ली,(ईएमएस)। फिनटेक कंपनी भारत-पे और उसके पूर्व सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के बीच 88.67 करोड़ रुपए की हेराफेरी के मामले में अब समझौता हो गया है। सोमवार को एक बयान में कंपनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समझौते के तहत ग्रोवर अब किसी भी तरह से भारत-पे से नहीं जुड़े हुए हैं और उनके पास कंपनी की कोई शेयर होल्डिंग भी नहीं है।

कंपनी प्रवक्ता ने बताया कि ग्रोवर के कुछ शेयर कंपनी के लाभ के लिए रेजिलिएंट ग्रोथ ट्रस्ट को दिए जाएंगे, जबकि उनके शेष शेयरों का प्रबंधन उनके पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। भारत-पे ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने दायर मामलों को



आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने यह भी कहा कि हम ग्रोवर के अच्छे होने की कामना करते हैं। भारत-पे मुनाफे के साथ ग्रोथ को जारी रखते हुए मर्चेंट्स और ग्राहकों को इंडस्ट्री के अग्रणी सॉल्यूशंस पेश करता रहेगा। इस मामले में ग्रोवर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह भारत-पे के साथ समझौते कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत-पे के बोर्ड और मैनेजमेंट में पूरा भरोसा रखता हूं, वे कंपनी को सही दिशा में आगे ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

ग्रोवर ने यह भी कहा किया कि वह अब भारत-पे के साथ किसी भी प्रकार से जुड़े नहीं रहेंगे, जिसमें शेयर होल्डिंग भी शामिल है। बता दें ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर को 88.67 करोड़ रुपए फंड की हेराफेरी के मामले में भारत-पे से निकाल दिया गया था। इसके बाद कंपनी ने पैसे की वापसी के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था। पिछले हफ्ते दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने मामले में दीपक गुप्ता को गिरफ्तार किया था जो ग्रोवर के परिवार से संबंधित है। इससे पहले, एक अन्य आरोपी अमित बंसल को भी ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया था। यह समझौता भारत-पे और ग्रोवर के लिए अहम कदम माना जा रहा है, जो कंपनी की स्थिरता और विकास को सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## हिजबुल्लाह का अगला प्रमुख होगा और खूंखार

गाजा,(ईएमएस)। इजराइल के हालिया हवाई हमले में हिजबुल्लाह के कई शीर्ष नेता मारे गए हैं, जिसमें संगठन के चीफ हसन नसरल्लाह का नाम भी शामिल है। इस घटना के बाद हिजबुल्लाह के नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि हिजबुल्लाह की कमान जिसको दी जाने की संभावना हे, वह और भी खूंखार है। सूत्रों की मानें तो हिजबुल्लाह की एग्जिक्यूटिव काउंसिल के प्रमुख हाशेम साफीद्दीन नसरल्लाह की जगह ले सकते हैं।हाशेम साफीद्दीन का जन्म 1964 में दक्षिणी लेबनान में हुआ था और वह एक प्रमुख शिया मौलवी के साथ-साथ हिजबुल्लाह के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। कहा जाता है कि वह खुद को पैगंबर मोहम्मद का वंशज बताते हैं। 2017 में, अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने उन्हें आतंकवादी घोषित किया था। साफीद्दीन ने इजरायल, अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ अपने बयानों में कड़ा रुख अपनाया है, और वह विशेष रूप से फिलिस्तीन के दुश्मनों को समाप्त करने की कोशिश में जुटे हैं।नए नेता की नियुक्ति और इजराइल के लगातार हमले क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को और अधिक जटिल बना सकते हैं। इस स्थिति में सभी की नजरें हिजबुल्लाह के अगले कदमों और इजराइल की संभावित सैन्य कार्रवाई पर टिकी रहने वाली है। आने वाले समय में यह देखना होगा कि यह घटनाक्रम क्षेत्रीय स्थिरता को किस प्रकार प्रभावित करता है।

## ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र बंद होने जा रहा

लंदन,(ईएमएस)। ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र, 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन', सोमवार को अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से बंद हो जाएगा। यह बंद होना देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था के अंत का प्रतीक है। मध्य इंग्लैंड स्थित इस संयंत्र के बंद होने की प्रक्रिया को ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स का कहना है, कि संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं। शैंक्स ने आगे कहा, कि कोयले का युग शायद खत्म हो रहा है, लेकिन हमारे देश के लिए अच्छी ऊर्जा वाली यूनिट का एक नया युग शुरू हो रहा है। यह बदलाव न केवल ब्रिटेन के ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति लाएगा, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


## रावलपिंडी में इमरान के खिलाफ तीन नए मामले दर्ज

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ तीन नए मामले दर्ज किए हैं। यह घटनाक्रम तब हुआ है जब इमरान खान पहले से ही अदियाला जेल में बंद हैं। जानकारी अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों में दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 का उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप शामिल हैं।आरोपों के मुताबिक, 71 वर्षीय इमरान खान ने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।पंजाब सरकार का आरोप है कि इमरान और उनके समर्थकों ने राष्ट्रीय संस्थाओं की आलोचना की, वहां तोड़फोड़ की, और पथराव सहित हिंसा भड़काई। शनिवार को पीटीआई समर्थकों की पुलिस के साथ झड़पें हुईं, जब उन्होंने लियाकत बाग पार्क में पहुंचने की कोशिश की। यहां इमरान ने पहले ही शांतिपूर्ण विरोध का आह्वान किया था, जिसके मद्देनजर प्रांतीय सरकार ने सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया था। झड़पों के बाद, किसी भी नुकसान से बचने के लिए पार्टी ने विरोध प्रदर्शन को वापस ले लिया। \इमरान खान को पिछले साल पांच अगस्त को पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा दायर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। तब से, वह विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं, और इस नए विवाद के साथ मामले दर्ज होने से उनका राजनीतिक जीवन और जटिल होता दिख रहा है।

## श्रीलंका ने 17 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो,(ईएमएस)।श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर ली हैं। यह जानकारी श्रीलंका ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए दी है।जानकारी अनुसार, 17 मछुआरों को पकड़ने के बाद उनकी दो नौकाओं को मन्नार के उत्तर में जब्त किया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को बताया कि इस वर्ष अब तक द्वीप राष्ट्र में ऐसे मामलों में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 413 हो गई है। नौसेना के बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया है।\इस वर्ष में अब तक 55 भारतीय नौकाओं को भी श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में पकड़ा गया है। भारतीय और श्रीलंकाई मछुआरों के बीच जलक्षेत्र में प्रवेश का मुद्दा दोनों देशों के बीच एक विवादास्पद विषय बना हुआ है। अक्सर भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण गिरफ्तार किया जाता है। श्रीलंका की नौसेना ने कहा है कि वे ऐसे विशेष अभियानों को जारी रखेंगे, ताकि अपने जलक्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

## नसरल्लाह के बाद कौन बनेगा हिजबुल्लाह चीफ? सैफिद्दीन का नाम चर्चा में



बेरूत,(ईएमएस)। हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हिजबुल्लाह के संगठन प्रमुख का पद खाली हो गया है। नसरल्लाह 1992 में संगठन का प्रमुख बना था। वो लेबनान में शिया आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक था। तीन दशक तक हिजबुल्लाह का सबसे अहम चेहरा रहे नसरल्लाह की मौत से संगठन को बड़ा झटका लगा है।नसरल्लाह और काराकी के अलावा हिजबुल्लाह का टॉप मिलिट्री कमांडर फुआद शुकर और एलीट कमांडो यूनिट का फाउंडर इब्राहिम अकील भी मारे जा चुके हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि हिजबुल्लाह का अगला चीफ कौन होगा...हिजबुल्लाह की टॉप लीडरशिप के ज्यादातर लोगों के मारे जाने के बाद इस रेस में सबसे ऊपर दो हैं। इनमें से पहला है हाशेम सैफिद्दीन और नईम कासिम का है।हाशेम सैफिद्दीन का नाम हिजबुल्लाह चीफ के अगले सेक्रेटरी जनरल यानी संगठन प्रमुख की रेस में सबसे आगे है। सैफिद्दीन हिजबुल्लाह की ऐग्जीक्यूटिव काउंसिल का सदस्य और हसन नसरल्लाह का चचेरा भाई है। उसका जन्म 1964 में लेबनान के डेर कानून अल-नहर शहर में हुआ था। सैफिद्दीन और नसरल्लाह दोनों ने एक साथ धार्मिक शिक्षा ली है। ये दोनों ईरान के कौम और इराक के नजफ जैसे प्रमुख शिया शिक्षा केंद्रों में एक साथ पढ़े हैं।नसरल्लाह और सैफिद्दीन दोनों ने ही हिजबुल्लाह के शुरुआती दिनों में संगठन से जुड़े। 1990 के दशक में दोनों को इस्लामी शिक्षा के दौरान ईरान से वापस बुला लिया गया था। 1992 में नसरल्लाह, हिजबुल्लाह का प्रमुख बन गया। पिछले तीन दशकों से सैफीद्दीन हिजबुल्लाह की फंडिंग और संगठन की शिक्षा जैसे मामलों को देख रहा है। वहीं नसरल्लाह संगठन के रणनीतिक मामलों को देखता था। इस वजह से अगला प्रमुख बनने के रेस में सैफीद्दीन सबसे आगे है।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से स्थिति बदतर

### जल, विद्युत संयंत्र क्षतिग्रस्त, इस आपदा से करीब 4.35 बिलियन का नुकसान



काठमांडू,(ईएमएस)। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में करीब 170 लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कई जिलों में आई आपदा की जानकारी देते हुए बताया कि 111 लोग घायल हुए हैं और करीब चार हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती के साथ-साथ बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाई गई है। नेपाली सेना के हेलीकॉप्टरों ने कावरे, सिंधुली और ललितपुर जिलों के कुछ हिस्सों में घायल और फंसे हुए 162 लोगों का रेस्क्यू किया है। राहत सामग्री जैसे खाद्य आपूर्ति भी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही है। घायलों का उपचार सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि बचाव और राहत प्रयासों को प्राथमिकता दी जा रही है। ब्लॉक सड़कों को साफ करने पुनर्निर्माण कार्य जारी है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि प्रांतीय सरकारें, जिला आपदा प्रबंधन समितियां और स्थानीय इकाइयां मिलकर कार्य कर रही हैं।बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन ने नेपाल के जलविद्युत संयंत्र और सिंचाई सुविधाओं को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस आपदा से करीब 4.35 बिलियन नेपाली रुपए का नुकसान हुआ है। विशेष रूप से, 27 और 28 सितंबर को हुई बारिश ने हाइड्रोपावर और ट्रांसमिशन परियोजनाओं को तीन बिलियन रुपये का नुकसान पहुंचाया, जबकि नदी नियंत्रण और सिंचाई परियोजनाओं को करीब 1.35 बिलियन रुपए का नुकसान हुआ है। कुल मिलाकर, 625.96 मेगावाट की संयुक्त उत्पादन क्षमता वाले 11 चालू जलविद्युत संयंत्रों को नुकसान हुआ है, जिससे 1100 मेगावाट की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई है, जो देश की कुल क्षमता का करीब एक तिहाई है। आगामी सर्दियों में देश के लिए पर्याप्त बिजली का प्रबंध करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि क्षतिग्रस्त बिजली संयंत्रों की मरम्मत में समय लगेगा।

### बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 192 हुई

नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार सुबह तक 192 हो गई। गृह मंत्रालय के ने बताया कि विनाशकारी आपदाओं में 30 लोग लापता हैं और 194 घायल हैं। अब तक 4,500 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। सुरक्षा बल बचाव अभियान में जुटे हैं। नेपाल सरकार ने शुक्रवार और शनिवार को लगातार बारिश के कारण आई आपदाओं में विस्थापित लोगों को भोजन सहित राहत सामग्री का वितरण तेज कर दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1,327 मकान नष्ट हो गए हैं और नेपाल भर में 19 प्रमुख राजमार्गों के कई हिस्से पानी में बह गए हैं। अवरुद्ध राजमार्गों को साफ करने के लिए सुरक्षा बलों काम में लगे हैं।

## ट्रम्प ने चुनावी सभा में की अप्रवासियों की निंदा महिला अपराध पर सख्त दिखे ट्रंप

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले और आपराधिक प्रवृत्ति वाले अप्रवासियों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने ऐसे अप्रवासियों के खिलाफ कठोर शब्दों का इस्तेमाल किया है और खासतौर पर उन लोगों की कड़ी आलोचना की है जो महिलाओं के साथ हुए अपराधों में शामिल थे। ट्रंप ने इसके साथ ही डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ भी निजी टिप्पणियां की है।चुनावी राज्य विस्कॉन्सिन में एक जनसभा में ट्रंप ने कमला हैरिस को मानसिक रूप से विकलांग और अस्थिर कहा है। हैरिस ने शुक्रवार को अपने 2024 के राष्ट्रपति अभियान के दौरान पहली बार अमेरिका-मेक्सिको सीमा का दौरा किया था। ट्रंप के भाषण अवैध प्रवासियों पर केंद्रित था। उन्होंने हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को राक्षस, पत्थर दिल हत्यारे और जानवर कहा।

# वेस्ट बैंक और गाजा, ग्रेटर इजरायल बनाने में जुटे नेतन्याहू

बेरूत (ईएमएस)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान दो नक्शे दिखाकर वैश्विक स्तर पर विवाद खड़ा कर दिया। इसमें से एक नक्शा 1948 की स्थिति को दिखाता है, इसमें इजरायल को मध्य पूर्व में अकेला दिखाया गया है, जबकि दूसरा नक्शा 2023 की वर्तमान स्थिति को दिखाता है, जिसमें इजरायल के साथ सात अन्य देशों को एक साथ दिखाया गया है, जिसमें सऊदी अरब भी शामिल है। भाषण के बाद कई आलोचकों ने नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने नक्शे में फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक और गाजा को इजरायल का हिस्सा दिखाकर पूरी दुनिया को गुमराह किया है।जर्मनी में फिलिस्तीनी अथॉरिटी के प्रतिनिधि लैथ अराफे ने कहा कि नेतन्याहू ने इस नक्शे के द्वारा फिलिस्तीन और उसके लोगों को नकार दिया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मूलभूत सिद्धांतों का अपमान करार दिया। इस मामले में अन्य कई नेताओं ने भी नेतन्याहू के नक्शे को भ्रामक बताकर आलोचना की है।ग्रेटर इजरायल की अवधारणा, इस जायनिज्म के पिता थियोडोर हर्जल द्वारा विकसित किया गया था, के अनुसार यह क्षेत्र मिस्र से फरात नदी तक फैला होगा। इसमें पूरा फिलिस्तीन, दक्षिणी लेबनान, सीरिया के गोलान हाइट्स, जॉर्डन और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। योजना का सीधा मतलब है कि इजरायल के क्षेत्र में फिलिस्तीनी क्षेत्रों को पूरी तरह से अपने अधीन करना। विश्लेषकों का मानना है कि नेतन्याहू इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए गाजा और लेबनान में सैन्य कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में हिजबुल्लाह के प्रमुख नसरल्लाह की हत्या का आदेश दिया, जिसके बाद इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमले किए हैं।इस स्थिति ने वैश्विक राजनीति में तनाव को बढ़ाया है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस तरह के प्रयासों पर प्रतिक्रिया देने के लिए तत्पर रहेगा। नेतन्याहू के इन कदमों के पीछे उनकी सरकार का उद्देश्य न केवल हिजबुल्लाह और हमास को कमजोर करना है, बल्कि पूरे क्षेत्र में इजरायल का प्रभाव बढ़ाना भी है। जैसे-जैसे घटनाएँ विकसित होती हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस विवाद का वैश्विक राजनीति पर क्या असर पड़ता है और किस प्रकार का प्रतिरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिलता है।

# नसरल्लाह की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव, रुसी पीएम पहुंचे ईरान

### इजराइल के खिलाफ कार्रवाई करने पर करेंगे चर्चा, ईरान के साथ रुस भी सक्रिय

तेहरान,(ईएमएस)। हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। इजरायल की इस कार्रवाई ने न केवल लेबनान और हिजबुल्लाह समर्थकों को आक्रोशित कर दिया है। नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान से इजरायल के खिलाफ सख्त कदम उठाने की आवाजें बुलंद हो रही हैं। इस घटना ने इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव को और भड़काने का काम किया है, और अब दोनों देशों के बीच संभावित संघर्ष की आशंका व्यक्त की जा रही है।इजरायल इससे पहले हमास चीफ इस्माइल हानिया की भी हत्या कर चुका है, जिसने ईरान समर्थित समूहों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। इस क्रम में नसरल्लाह की हत्या ने ईरान की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि हिजबुल्लाह को ईरान का प्रमुख सहयोगी माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस घटना से ईरान की प्रतिष्ठा को भी धक्का लगा है और अब वह चुप नहीं बैठेगा। रूस भी इस घटना के बाद सक्रिय हो गया है। रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन सोमवार को ईरान जा रहे हैं। जहां वे ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेस्किअन से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में इजरायल के खिलाफ संभावित जवाबी कार्रवाई पर चर्चा होगी। रूस ने नसरल्लाह की हत्या की कड़ी निंदा की है और खुलकर ईरान के समर्थन में खड़ा हो गया है।विश्लेषकों का कहना है कि अगर इजरायल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ता है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व में हिंसा भड़कने की संभावना है। इससे अमेरिका और रूस भी आमने-सामने आ सकते हैं, क्योंकि अमेरिका इजरायल का प्रमुख सहयोगी है, जबकि रूस ईरान के पक्ष में है। इस संभावित संघर्ष का असर वैश्विक स्तर पर पड़ सकता है, जहां ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर संकट पैदा हो सकता है। फिलहाल, क्षेत्र में सभी की नजरें ईरान पर टिकी हुई हैं। क्या ईरान इजरायल से बदला लेगा, और अगर लेगा तो यह कब और कैसे।

# फिलीपींस में तूफान क्रैथॉन ने मचाई तबाही, भारी नुकसान की आशंका

### ताइवान की ओर जाएगा आज



मनीला,(ईएमएस)। दक्षिण एशियाई देश फिलीपींस में ताकतवर तूफान क्रैथॉन के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस तूफान ने 215 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ अपना कहर बरपाया, जिससे हालात बिगड़ गए हैं।तूफान को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी के बाद, स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। समुद्र से नौकाओं को हटाने का काम किया गया। स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। तूफान क्रैथॉन के प्रभाव से कैगायन और बटानेस प्रांत के बालिंटैंग द्वीप के तटीय क्षेत्रों में 175 से 215 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि यह तूफान धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और मंगलवार को ताइवान की ओर मुड़ते ही यह एक सुपर टाइफून में तब्दील हो सकता है।मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में बटानेस के तटीय गांवों, बाबुयान द्वीप और कैगायन प्रांत में जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाले तूफानी लहरों के मध्यम से उच्च जोखिम की चेतावनी जारी की है। चेतावनी जारी करते हुए कहा गया कि तेज और भयानक हवाएं छतों को उड़ा सकती हैं, पेड़ों को गिराते हुए आगे बढ़ सकती हैं, खेती को नुकसान पहुंचा सकती हैं और समुद्र में ऊंची लहरें भी उठा सकती हैं।

### कगायन प्रांत में बिजली गुल

इस तूफान के कारण कगायन प्रांत में बिजली गुल हो गई है और सैकड़ों ग्रामीणों को समुद्री तटीय और बाढ़-ग्रस्त इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर निकाला गया। सुरक्षा के मद्देनजर, उत्तरी प्रांतों में सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने तूफान से प्रभावित उत्तरी शहरों में समुद्री यात्रा पर भी रोक लगा दी है।

### हर साल आते हैं यहां तूफान

फिलीपींस हर साल लगभग 20 तूफानों का सामना करता है। यह द्वीपसमूह पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित है, जो कि ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंपों का केंद्र है। यही वजह है कि यह देश दुनिया के सबसे ज्यादा आपदा प्रभावित देशों में से एक बना हुआ है। फिलहाल, तूफान क्रैथॉन के प्रभाव और उससे होने वाले संभावित नुकसान को लेकर स्थानीय लोग चिंतित हैं, और सरकार द्वारा सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

## थाईलैंड में महिला कर्मचारी की मौत, फिर शुरु हुई वर्क लाइफ बैलेंस पर बहास

बैंकाक (ईएमएस)। दुनिया भर में वर्क लाइफ बैलेंस का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। काम का अधिक दबाव और तनाव से जुड़ी आकस्मिक मौतों की खबरें आए दिन आती रहती हैं। इसके बाद कंपनियां अब अपने कर्मचारियों के वर्कलोड को कम करने, ऑफिस में आराम को बढ़ावा देने और छुट्टियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही हैं। कुछ कंपनियों ने अनहैप्पी लीव (यूएल) जैसी छुट्टियां भी शुरू कर दी हैं।लेकिन, थाईलैंड में घटी एक घटना ने इस बहस को और तेज कर दिया है। दरअसल थाईलैंड के समुत प्रकान प्रांत में एक इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्टरी में काम करने वाली 30 वर्षीय महिला, मे, की मौत तब हुई जब महिला को मेडिकल लीव न मिलने के कारण ऑफिस में ही अपनी जान गंवानी पड़ी। मे की बड़ी आंत में सूजन थी, इसकारण वे 5 से 9 सितंबर तक अस्पताल में भर्ती रही। हालांकि, हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद भी उसकी तबीयत बिगड़ी रही। मे ने अपने मैनेजर से फिर से मेडिकल लीव की मांग की, लेकिन मैनेजर को शक था कि मे बहाना बना रही है। मैनेजर ने मे को ऑफिस आकर लीव सर्टिफिकेट जमा करने का आदेश दिया। नौकरी खोने के डर से मे 13 सितंबर को ऑफिस पहुंची, लेकिन उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। 20 मिनट के अंदर बेहोश हो गई और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी इमरजेंसी सर्जरी की गई। दुर्भाग्य से, अगले दिन नेक्रोटाइजिंग एंटरोकोलाइटिस के कारण उसकी मौत हो गई।इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान फिर से वर्क लाइफ बैलेंस की ओर खींचा है। मे की मौत के बाद उसकी कंपनी, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स थाईलैंड, ने दुख जताकर कहा कि वह इस घटना की जांच करेगी और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और छुट्टियों से संबंधित नीतियों में सुधार करने का प्रयास करेगी। यह घटना स्पष्ट करती है कि वर्क लाइफ बैलेंस केवल एक चर्चा का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसकी अनदेखी गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है।

## अमेरिका में हेलेन तूफान ने मचाई तबाही, 50 की मौत, हजारों बेघर

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में चक्रवाती तूफान हेलेन ने 50 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं। वहीं, मेक्सिको में चक्रवाती तूफान जॉन ने तबाही मचा रखी है। दक्षिण-पश्चिम मेक्सिको में शनिवार को हजारों की संख्या में लोगों को घरों को छोड़ना पड़ा। करीब एक हफ्ते से इस तूफान का असर देखने को मिला है, जिसमें करीब 22 लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है।इस तूफान का सबसे ज्यादा असर मेक्सिको के सबसे गरीब इलाके ग्वेरिरो में देखने को मिला। जहां इसकी चपेट में आने से करीब 18 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से कई की मौत मिट्टी के धंसने से हुई। दक्षिण में ओक्साका में तीन मौतों की सूचना है और उत्तरी मिशोआकान राज्य में एक बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई। हालांकि, गनीमत ये है कि तूफान कमजोर पड़ने लगा और अब इसे सक्रिय तूफान नहीं माना जा रहा है।उधर, अमेरिका में तूफान हेलेन ने भारी तबाही मचाई है। तूफान की गति 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जब गुरुवार देर रात यह फ्लोरिडा के ग्रामीण बिग बेंड क्षेत्र में एक कम आबादी वाले क्षेत्र से टकराया तो इस तूफान में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

## राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप नहीं जीते तो यह अमेरिका का आखिरी चुनावः एलन मस्क

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गरमाने लगी है। खास बात यह है कि अब अमेरिकी सियासत में भारत की तरह चुनावी आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिल रहे हैं। टेस्ला के मालिक एलन मस्क खुलकर डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में हैं। उन्होंने दावा किया है कि अगर ट्रंप नहीं जीते तो यह अमेरिका का आखिरी चुनाव होगा और इसके बाद देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।सोशल मीडिया एक्स पर एक यूजर को जवाब देते हुए मस्क ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप को सत्ता में लाना ही लोकतंत्र को बचाने का एकमात्र तरीका है। मस्क ने आरोप लगाया कि जो बाइडेन की सरकार अवैध प्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता देकर स्विंग स्टेट्स में चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।

# अमेरिका में छात्रों को नहीं मिल रहा पर्याप्त भोजन

### अध्ययन से हुआ खुलासा, दशकों की समस्या अब हो रही गंभीर

वाशिंगटन ईएमएस)। हाल ही में गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस (जीएओ) द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह बात निकलकर सामने आई कि अमेरिका में कॉलेज के कई छात्रों को भरपेट भोजन ही नसीब नहीं हो रहा है। साल 2020 में, लगभग 38 लाख छात्रों ने भोजन कमी की जानकारी दी थी, जिनमें से आधे से अधिक का कहना था कि पैसे की कमी के चलते उन्हें भोजन की समस्या से दो-चार होना पड़ता है।छात्रों को अपर्याप्त भोजन की समस्या ने पिछले कुछ दशकों में गंभीर रूप ले लिया है। अध्ययन से हुए खुलासे के अनुसार कॉलेजों में कम आमदनी वाले परिवारों के छात्रों की संख्या बढ़ रही है। कॉलेज में एडमिशन, फीस, आवास और अन्य जीवन-यापन के खर्चों में बढ़ोतरी ने स्थिति को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया है। शोध से यह भी पता चला है कि भोजन की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनके कॉलेज पास करने की दर भी घट रही है।हालांकि, सरकारी सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन एसिस्टेंस प्रोग्राम (स्नैप) के तहत कम आय वाले परिवारों को भोजन के लिए सहायता प्रदान की जाती है। यहां गंभीर मामला यह है कि स्नैप सहायता के लिए 45 लाख छात्रों ने पात्रता मापदंड पूरा किया, लेकिन केवल 33 लाख छात्रों ने ही आवश्यक शर्तों को पूरा किया। इसके बावजूद, दो-तिहाई छात्रों ने बताया कि वे पात्र होने के बावजूद स्नैप की मदद से वंचित रह गए हैं।स्नैप के तहत औसतन 80 फीसदी पात्र परिवारों को मदद मिलनी चाहिए थी, लेकिन केवल 30 फीसदी छात्रों को यह सहायता प्राप्त हो सकी। इस प्रकार, कॉलेज के छात्रों को भोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, और यह स्थिति शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। यह समस्या एक गंभीर सामाजिक मुद्दा है, और इसे समाधान की आवश्यकता है, ताकि सभी छात्रों को उचित पोषण और संसाधनों का लाभ मिल सके।

## रात में गया वाशरुम, छात्र को मिली सजा



बीजिंग (ईएमएस)। दुनियाभर के बोर्डिंग स्कूल्स में बच्चों को अनुशासन सिखाया जाता है। लेकिन हाल में चीन का ऐसा ही एक बोर्डिंग स्कूल अपने अजीब नियम और बच्चों को सजा के चलते विवादों में आ गया। यहां एक बच्चे को देर रात टॉयलेट यूज करने को लेकर न सिर्फ सजा दी गई बल्कि बच्चे को पूरे स्कूल में शर्मिंदा किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक प्रशासकों ने देर रात वॉशरूम जाने के लिए लड़के को गहन आत्म-चिंतन लेटर लिखने और उसकी 1000 फोटोकॉपी कराकर पूरे स्कूल में बांटने को कहा था। इसके अलावा, स्कूल ने उसकी क्लास के मंथली डिसीप्लिन स्कोर से पांच अंक कम कर दिए।एक शिक्षक ने बताया कि छात्रों को रात 10:45 बजे के बाद होस्टल में घूमने पर प्रतिबंध है। इस दौरान वॉशरूम का यूज करने पर भी प्रतिबंध है। यदि किसी छात्र को रात 10:45 बजे के बाद वॉशरूम का इस्तेमाल करना है, तब उन्हें कथित तौर पर अनुमति के लिए हॉस्टल एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करना होगा।जैसा कि कहा गया, छात्र ने पत्र लिखा था कि मैंने स्कूल के नियमों का गंभीर उल्लंघन किया है और शाम को शौचालय जाने से न केवल अन्य छात्रों की नींद में खलल पड़ा, बल्कि मेरी कक्षा को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी। लड़के ने अपने सहपाठी और शिक्षकों से माफी भी मांगी और भविष्य में इस व्यवहार को नहीं करने का वादा किया।इस घटना ने सोशल मीडिया पर भी सुर्खियां बटोरीं, जिससे स्कूल की काफी आलोचना हुई। बवाल के बाद, हुआरेन के शिक्षा विभाग ने प्रतिक्रिया देकर संस्थान से अपने नियमों पर विचार करने को कहा। शिक्षा प्राधिकरण ने कहा, हमने स्कूल को घटना से सीखने और अपनी कमियों पर विचार करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, विभाग ने स्कूल को लड़के के साथ सावधानी से जुड़ने की सलाह दी और एस्से की फोटोकॉपी बनाने की लागत को कवर करने के लिए 100 युआन (लगभग 1,100 रुपये) का मुआवजा देने को भी कह दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक पदक विजेताओं का करेंगे सम्मान

भोपाल (ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अक्टूबर को ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक खेल-2024 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे। सम्मान समारोह दोपहर 12 बजे से तात्या टोपे खेल स्टेडियम के बेडमिंटन हॉल में होगा।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को कार्यक्रम के संबंध में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज घाटे और संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सारंग ने बताया कि कार्यक्रम में वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में विजेता और प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समारोह में विक्रम पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्ति-पत्र प्रदान किये जायेंगे।ओलम्पिक पदक हासिल करने वाले हॉकी खिलाड़ी विवेक प्रसाद सागर और पैरालम्पिक पदक प्राप्त जूडो खिलाड़ी कपिल परमार और शूटिंग खिलाड़ी सुश्री रूबीना फ्रांसिस सहित डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप के विजेता सक्षम चेतन को सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार ओलम्पिक प्रतिभागी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरालम्पिक प्रतिभागी सुश्री प्राची यादव और सुश्री पूजा ओझा सहित विश्व सिक्स रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के विश्व विजेता कमल चावला का भी सम्मान होगा।समारोह में वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक विक्रम पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जल संसाधन, लोक निर्माण, नगरीय विकास, ऊर्जा, चिकित्सा शिक्षा एवं वन विभाग में नियुक्ति-पत्र प्रदान किये जायेंगे।मंत्री सारंग ने बैठक के पहले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया।

### आरूष, हितार्थ, हर्षिता व दिवनिति प्री-क्वाटरफाइनल में

इन्दौर (ईएमएस)। ऑल इण्डिया टेनिस संघ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इन्दौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही ऑल इण्डिया चैम्पियनशपि सीरीज सब जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश आरूष जैन, हितार्थ सुराना, हर्षिता विष्वकर्मा, दिवनिति महेष्वरी ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ एसडीएम प्रदीप सोनी व म.प्र. टेनिस संघ के संयुक्त सचिव अर्जुन धूपर के आतिथ्य में हुआ। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया।स्पर्धा के मुख्य दौर में अंडर-14 बालक एकल के प्रथम चक्र में आरूष जैन (म.प्र.) ने पुर्नजय कुटवाल (महा.) को 9-3 से, हितार्थ सुराना (म.प्र.) ने अराध्य पाटिल (म.प्र.) को 9-1 से, ऋषव रावल (महा.) ने शविांश अग्रवाल (म.प्र.) को 9-4 से, नमन बोराह (असम) ने आदित्य वाडकर (महा.) को 9-2 से परास्त किया। अन्य मुकाबलों में विवान वाशरिया (गुज.) ने मनमोहन मल्होत्रा (म.प्र.) को 9-3 से, आरव जैन (महा.) ने रूहान तलरेजा (म.प्र.) को 9-3 से, अदविक गुरू (म.प्र.) ने अहान गनात्रा (म.प्र.) को 9-7 से तथा मीरेष गिरधानी (म.प्र.) ने कपिश अग्रवाल (म.प्र.) को 9-1 से शकिस्त दी।वहीं, अंडर-14 बालिका एकल के प्रथम चक्र के मुकाबलों में हर्षिता विश्वकर्मा (म.प्र.) ने आन्या फलजले (म.प्र.) को 9-0 से, दिवनिति महेश्वरी (म.प्र.) ने गीतिका बोथरा (म.प्र.) को 9-5 से, वनिका शाह (महा.) ने रीत अग्रवाल (महा.) को 9-0 से, श्रेयांषी अग्रवाल (म.प्र.) ने विभूति वानखड़े (महा.) को 9-6 से, प्रियांशी चटर्जी (प.बं.) ने अगन्या भदौरिया (म.प्र.) को 9-1 से, प्राप्ती तिवारी (गुज.) ने यहशा धनकानी (म.प्र.) को 9-3 से, प्रियमवदा यादव (म.प्र.) ने काव्या शाह (गुज.) को 9-2 से तथा आन्या राठी (म.प्र.) ने ध्रति शर्मा (म.प्र.) को 9-0 से हराया।

### नीता अंबानी ने ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान किया

मुंबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने यहां एक समारोह में ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नीता के घर पर आयोजित समारोह में करीब 140 एथलीटों के अलावा कोच और खेल जगत से जुड़ी कई अन्य हस्तियां भी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहली बार, 140 ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीट एक ही मंच पर एक एकसाथ नजर आये हैं जिसे देखकर खुशी हुई है।उन्होंने कहा, यह वास्तव में ऐतिहासिक है, पिछले दो महीनों में, हमारे ओलंपियन और पैरालिंपियन शानदार प्रदर्शन कर गर्व से तिरंगा लेकर दुनिया के सामने आए हैं। आज रात, पहली बार, वे सभी एक ही छत के नीचे एकसाथ बैठे हैं। ये जीत और सफलता में एकजुटता की भावना दिखाता है। उन्होंने भारत की महिला एथलीटों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा, उनकी सफलताएं और भी अहम हैं क्योंकि पेशेवर खेलों को आगे बढ़ाने में महिलाओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें केवल आर्थिक चुनौतियां ही नहीं, यहां तक कि अपने परिवारों से अनुमति प्राप्त करना, या प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं ढूंढ़ना, फिजियो और पुनर्वास केंद्रों तक पहुंचना, या बस कोच तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने गांवों से काफी दूर तक की यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में लड़कियों के लिए खेलों में पहचान बनाना एक लंबी और कठिन यात्रा है। इतनी बाधाओं के बाद भी हमारी महिला एथलीटों ने सफल होकर अपने को साबित किया है।

### जडेजा ने बनाया रिकार्ड

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय टीम के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कए अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। जडेजा मैच के चौथे दिन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले एशियाई क्रिकेटर बन गए। जडेजा ने जैसे ही बांग्लादेश के बल्लेबाज खालिद अहमद को अपनी ही गेंद पर कैच किया उनके 300 विकेट पूरे हो गये। इससे पहले उनके नाम 299 विकेट थे। जडेजा ने 73 मैचों में 299 विकेट लिए थे। उन्होंने 13 बार 5 विकेट भी लिए हैं जबकि दो बार मैच में 10 विकेट लिए थे। टेस्ट की एक पारी में उनके नाम 13 बार चार विकेट का रिकार्ड है। वहीं जडेजा कुल मिलाकर देखा जाये तो सबसे तेजी से ये आंकड़ा हासिल करने वाले विश्व के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउडर इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैचों में 300 विकेट और 3000 रन पूरे किए थे।

### पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाजों के पदक नहीं जीतने से निराशा हुई : मैरी कॉम

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों के पदक नहीं जीतने से उन्हें निराशा हुई है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता रही मैरी कॉम ने कहा कि मुक्केबाजों का प्रदर्शन इस बार उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा। ऐसे में एक पदक विजेता होने के कारण मुझे और भी दुख हुआ। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह मुक्केबाजों की टीम भेजी थी पर कोई भी सफल नहीं हो पाया। यहां तक कि गत विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन भी असफल रहीं।मैरी कॉम ने एक कार्यक्रम में कहा, ओलंपिक प्रदर्शन को देखकर दुख होता है कि हम 2024 ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सके। अब हमें यह देखना होगा कि आगे क्या सुधार करना है और किन गलतियों से बचना है। पेरिस ओलंपिक में लवलीना क्वार्टर फाइनल में हार गई थीं। वहीं पुरुष वर्ग में निशांत देव भी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाये। इसक अलावा दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन , कॉमनवेल्थ चैंपियन अमित पंघाल भी हार गये। मैरी कॉम ने कहा, अब हमें आगामी टूर्नामेंट के लिए अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत पर ध्यान देना होगा।

### हालातों के अनुसार खेलने से मिली एकदिवसीय सीरीज में जीत : मार्श

ब्रिस्टल (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हालातों का स्टीक आंकलन करने के कारण हमें जीत मिली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रैविस हेड की शानदार गेंदबाजी और मैथ्यू शॉर्ट के शानदार अर्धशतक की सहायता से मेजबान इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम एकदिवीसय में डकवर्थ लुईस नियम से 49 रन हरा दिया था।मार्श ने मैच के बाद कहा, इंग्लैंड टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी पर हमारे गेंदबाजों ने हालातों का अच्छे से आंकलन कर उन्हें रोका। साथ ही कहा कि उनकी टीम को बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्पों की आवश्यकता थी क्योंकि कुछ ही दिनों के अंदर पांच एकदिवसीय मैच खेलना आसान नहीं होता।

# कार्तिकेय व अनुषा को एकल खिताब

### राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा के ग्यारह खिताब इन्दौर के खाते में




इन्दौर (ईएमएस)। म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा खंडवा जिला टेबल टेनिस संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा का पुरूष एकल खिताब इन्दौर के कार्तिकेय कौशिक ने जीत लिया। इन्दौर की ही अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुषा कुटुम्बले महिला एकल वर्ग में विजयी रही। स्पर्धा के बारह में से 11 ग्यारह खिताब इन्दौर के खाते में गये। चैंम्पियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया।पुरूष एकल के खिताबी मुकाबले में कार्तिकेय ने भोपाल के शिवम सोलंकी को कड़े संघर्ष के बाद 4-3 से पराजित किया। ग्वालियर की हिमानी चतुर्वेदी इन्दौर की अनुषा के समक्ष ज्यादा चुनौती प्रस्तुत नहीं कर सकी। अनुषा ने अंतिम मुकाबला 4-0 से जीत लिया।चैंम्पियनशिप के एक को छोड़कर शेष सभी मुकाबले इन्दौर के खिलाड़ियों ने जीते। बालक वर्ग के अंतिम मुकाबलों में अंडर-19 आयु वर्ग में अनुज सोनी ने इन्दौर के ही अबु बकर शेख को, अंडर-17 आयु वर्ग में आराध्य वेद ने मृदुल जोशी को, अंडर-15 में मृदुल जोशी ने भोपाल के हर्शित बघेल को, अंडर-13 में वंश चौहान ने शौर्य भागिया को तथा अंडर-11 में साकार भार्गव ने पुण्यांश जैन को शिकस्त देकर खिताबी सफलता अर्जित की।बालिका वर्ग के अंडर-19 में भोपाल की परमी नागदवे ने इन्दौर की भाग्यश्री दवे को, अंडर-17 में भाग्यश्री दवे ने इन्दौर की ही भव्या राव को, अंडर-15 में भव्या राव ने इन्दौर की जाकिया सुल्तान को, अंडर-13 में जाकिया सुल्तान ने इन्दौर की ही आरवी जैन को तथा अंडर-11 आयु वर्ग में आरवी जैन ग्वालियर की नव्या चतुर्वेदी को हराकर टाईटल पर कब्जा किया।स्पर्धा का पुरस्कार वितरण खंडवा की महापौर अमृता यादव के मुख्य आतिथ्य तथा मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के चेयरमेन ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। स्पर्धा निदेशक जयेश आचार्य, रिंकु आचार्य तथा खंडवा जिला टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्पर्धा का संचालन इन्दौर के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक गगन चंद्रावत तथा नीलेश पदरेशी ने पन्द्रह अन्य निर्णायकों के दल के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन खंडवा जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव सुनील शर्मा ने किया।

### ऑस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिए चालाकी से गेंदबाजी करनी होगी : बुमराह

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपनी फिटनेस बनाये रखना बड़ी चुनौती होगी। साथ ही कहा कि इसके लिए काफी चालाकी से गेंदबाजी करनी होगी। बुमराह ने कहा कि वह अपना कार्यभार धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में काफी ज्यादा गेंदबाजी करनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना होगा।बुमराह ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिए चालाक बनाना बनना होगा। इसलिए यहां कुछ ओवर अधिक मिलना अच्छा है क्योंकि वहां काफी गेंदबाजी करनी होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। बुमराह का कहना है कि वह इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे।

## भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने मेहमान टीम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपना शिकंजा कसा दिया है। यशस्वी जायसवाल 72 और केएल राहुल 68 के अर्धशतकों से भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रनों पर घोषित कर दी। इस दौरान भारतीय टीम ने सबसे तेज 200 रन का रिकॉर्ड भी बनाया।वहीं इससे पहले मोमिनुल हक की शतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 233 रन बनाए थे। मोमिनुल ने 194 गेंदों पर 17 चौकों और एक छक्के की मदद से 107 रन की पारी खेली। वहीं भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, अश्विन और आकाशदीप ने 2-2 विकेट लिए जबकि एक विकेट रविंद्र जडेजा के नाम रहा। भारतीय टीम ने इस मैच में पहली पारी के आधार पर 52 रनों की बढ़त ले ली है। वहीं दिन का खेल समाप्त होने के समय तक बांग्लादेश ने अपनी दूसरी दूसरी पारी में 26 रन पर ही दो विकेट खो दिये थे। स्टंप्स के समय शादमान इस्लाम सात रन वहीं मोमिनुल शून्य पर खेल रहे थे। भारत के लिए दोनों विकेट आर अश्विन ने लिए। अब केवल एक दिन का खेल बचा है और भारतीय टीम की नजरें मेहमान टीम को जल्द से जल्द आउट करने पर रहेगी। दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश में धुलने के बाद लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ होना तय है पर जिस प्रकार भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने खेला उससे भारतीय टीम ने मैच पर पकड़ बना ली है।अश्विन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को दूसरी पारी में पहला झटका दिया। अश्विन ने जाकिर हसन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। जाकिर ने अपंयार के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया, लेकिन उनका रिव्यू बेकार गया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। जाकिर 10 रन बनाकर आउट हुए।भारत की ओर से पहली पारी में यशस्वी ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। उन्होंने 51 गेंद में 12 चौके और दो छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 23 रन बनाए जबकि शुभमन गिल ने 36 गेंद में 29 रन, ऋषभ पंत ने 11 गेंद में नौ रन, विराट कोहली ने 35 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए। केएल राहुल ने 43 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 68 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने आठ रन, रविचंद्रन अश्विन ने एक रन और आकाश दीप ने 12 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, हसन महमूद को एक विकेट मिला।

## ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें एकदिवसीय में इंग्लैंड को 49 रनों से हराकर 3-2 से सीरीज जीती




ब्रिस्टल (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने यहां वर्षा बाधित पांचवें और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में इंग्लैंड को 49 रनों से हराकर 3-2 से सीरीज जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती दो मैच जीते थे पर मेजबान इंग्लैंड ने तीसरे और चौथे मैच में जीत के साथ वापसी के प्रयास किये पर अंतिम एकदिवसीय में जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3-2 से सीरीज पर कब्जा कर लिया।इंग्लैंड की टीम ने पांचवे एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 309 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए जबकि हीं एरोन हार्डी, एडम जांपा और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले।इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 165 रन बना लिए थे तभी बारिश के कारण मैच रोक दिया गया। ऐसे में अंपायर्स ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया को विजयी घोषित कर दिया क्योंकि जब खेल रोका गया था तब तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 2 विकेट पर 116 रन होना चाहिए था पर वह 49 रनों से आगे थी। बारिश रूकने का अंपायर ने लगभग एक घंटे तक इंतजार किया पर जब बारिश और तेज हो गयी तो ऑस्ट्रेलियाई टीम को विजेता घोषित कर दिया।इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने आठवें ओवर में ही 78 रन बना दिये। हेड 31 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद शॉर्ट ने कप्तान स्टीवन स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और आगे बढ़ाया। दोनों ने स्कोर को 118 रन पर पहुंचाया। शॉर्ट ने 58 रन बनाये वहीं स्टीव स्मिथ 36 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोश इंग्लिस ने 28 रन बनाये। . इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने ओपनर बेन डकेट के 107, हैरी ब्रुक के 72 और फिल साल्ट के 45 रनों की सहायता से 309 रनों का अच्छा खासा स्केर बनाया।

## आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल और केरल ने सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में शुरुआती मुकाबले जीते




चंडीगढ़ (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल और केरल ने यहां जारी 14वें हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने-अपने मुकाबले जीत लिए हैं। सातवें दिन आंध्र प्रदेश ने पूल ए के मुकाबले में उत्तराखंड को 4-3 से हराया। आंध्र प्रदेश की ओर से कल्याण गांजा ने 12 वें मिनट , देवता यशवंत ने 41 वें मिनट , शेख इरफान ने 50 वें मिनट में गोल किये। इसके अलावा पूला बालाजी ने 58 वें मिनट में एक गोल किया। उत्तराखंड की ओर स आयुष कालूरा ने 15 वे गोविंद सिंह ने 22 और विशाल कुमार ने 48 वें मिनट में गोल दागे।।वहीं छत्तीसगढ़ ने पूल बी के एक और रोमांचक मुकाबले में राजस्थान को 6-3 से हराया। छत्तीसगढ़ की ओर से अभिषेक यादव ने हैट्रिक 7वें, 51 वें और 52 वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगायी। लियांश सारथी ने 6, कप्तान आनंद कुमार सूर्यवंशी ने 20 वें , और लवी माणिकपुरी ने 43 वें मिनट में गोल किया। राजस्थान की ओर से तनवीर सिंह ने 44 वें और 45 वें जबकि सचिन चौधरी ने 31 वें मिनट में गोल दागा। इसके अलावा एक अन्य मैच में बंगाल ने पूल सी में तेलंगाना को 2-1 से हराया। बंगाल की ओर से अमन कुमार ठाकुर ने 14वें और कप्तान करण शॉ ने 44वें मिनट में गोल किये। तेलंगाना की ओर से सुजीत राजभर ने 34 वें मिनट में एकमात्र गोल दागा।दिन के अंतिम मुकाबले में केरल ने असम को 9-2 से हराया। केरल की ओर से अशिन एमए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल 19 वें मिनअ , 21 वें मिनट , 24 वें मिनट , 49 वें मिनट जबकि कोलनाटी राम ने 11 वे और 16 वें मिनट में गोल किये। , एक्का जीवन ने तीसरे आदित्य लकड़ा ने 46 वें मिनट और निधिन टी ने 52 वे मिनट में गोल दागे। असम की ओर से सिद्दीक अहमद ने 13 वें और जेंसिंग बेय ने 38 वें मिनट में गोल दागे।

### खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए फ्रेंचाइजी को मिलेगा इतना वक्त सामने आई डेडलाइन

नई दिल्ली : आईपीएल 2025 सीजन से पहले होने वाली बड़ी नीलामी को देखते हुए रिटेंशन नियम पर फैसला हो गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि आईपीएल टीमों के पास नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए डेडलाइन तय कर दी गई है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, टीमों के पास खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए 31 अक्तूबर तक का समय है। नीलामी से पहले शीर्ष परिषद की बैठक शनिवार को बेंगलुरु में हुई थी। इस बैठक में रिटेंशन सहित कई अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया गया था।शीर्ष परिषद ने आईपीएल फ्रेंचाइजी को पिछली टीमों में से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी है। इसमें नीलामी में एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा। कोई भी फ्रेंचाइजी छह में से भारतीय और विदेशी मिलाकर अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन कर सकेगी। यानी अगर किसी टीम ने पांच कैप्ड खिलाड़ी लिया है तो उसे छठा खिलाड़ी अनकैप्ड रिटेन करना होगा।शीर्ष परिषद की बैठक में यह भी फैसला किया गया था कि यदि कोई भारतीय खिलाड़ी पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेला है तो उसे अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा। आईपीएल के अनुसार, अगर कोई कैप्ड भारतीय खिलाड़ी संबंधित सीजन के आयोजन से पहले के पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकदाश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई के साथ केंद्रीय अनुबंध नहीं है, तो वह अनकैप्ड हो जाएगा। यह नियम सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले कप्तान बने हैरी ब्रूक

ब्रिस्टल (ईएमएस)। इंग्लैंड की कप्तान कर रहे युवा हैरी ब्रूक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दूसरे मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। अब हैरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बना गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था। हैरी ने पांच मैचों में 78.00 की औसत से 312 रन बनाए जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है। इस सीरीज में हैरी का स्ट्राइक रेट 127.86 रहा। पांच मैचों की इस सीरीज के साथ ही अब हैरी ने 20 एकदिवसीय में 39.94 की औसत से 719 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और पांच अर्द्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 106.73 है।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक रन विराट ने साल 2019 में 62.00 की औसत से 310 रन बनाए थे जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 107.63 था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 123 रन था। इस सीरीज में विराट ने दो शतक भी थे।

# आराध्य, अशांक, वेदांत, लक्ष्य, मन, पराक्रम अवनीश, अरहम व अबीर तीसरे दौर में

### तीसरी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी खुली विद्यालयीन स्पर्धा शुरू




इन्दौर (ईएमएस)। लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इन्दौर महानगर और सरताज अकादमी द्वारा आयोजित तीसरी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति खुली विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा में आराध्य सागर, अशांक मिश्रा, पर्व उपाध्याय, अदवैत पाटीदार, वेदांत सिंह तोमर, आरव खंडेलवाल,अबीर चौधरी, तेजस झा, लक्ष्य पाल, कैवल्य अग्रवाल,आरुश माहेश्वरी, अर्पण गांधी, प्रणमय तारे, अयांश रघुवंशी, अर्णव गौर, खुश ओसवाल, कैवल्य अग्रवाल 11वर्ष बालक वर्ग के तीसरे दौर में पहुंच गए। अवनीश नेकिए,,अरहम जैन, चंद्रकांत विश्वकर्मा, लक्ष्य सिंह चौहान, मन बडजत्या, पराक्रम त्रिवेदी, सुयस बारस्कर,अध्यांश जैन, दिवेश दोशी, अक्षान कुलकर्णी, कनिष्क कदम, गौरांश सिंह तोमर, गुरमन सिंह गांधी, अबीर चौधरी और आराध्य सागर ने 13 वर्ष बालक वर्ग के तीसरे दौर में जगह बनाई।मल्हार क्रीड़ा मंडल में स्पर्धा का उद्घाटन मिलेनियम स्कूल की प्राचार्या संगीता उप्पल और लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के सेंकड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर धार के जयप्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा, डॉ. शैलबाला अग्रवाल, डॉ. जवाहर बिहानी, डॉ. साधना सोडानी, सुनीता बिहानी, निखिलेश जोशी भी मौजूद थे। प्रकाश जोशी, विनोद जोशी आदि ने स्वागत किया। डॉ. अमेय बिहानी ने बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता के संबंध में जानकारी दी। स्पर्धा मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने स्पर्धा संबंधित जानकारी दी,परविंदर सिंह भाटिया ने संचालन किया। चंद्र कुमार चौहान ने आभार व्यक्त किया।चार दिवसीय स्पर्धा में रित्वी दवे, अनुष्का चक्रवादित्य, ध्रुवी खंडेलवाल, गिरिजा जाधव, तान्या अग्रवाल, ओमिशा मेहता, मायरा भार्गव, पहल चढ़ोकर, ऐशानी गोयल, ध्यांशी गुरसहानी, तिविशा जैन 11 वर्ष बालिका के दूसरे दौर में आई। स्वस्ति शर्मा, यशस्वी सोनगरा 13 वर्ष बालिका, मनस्वी पटेल, अवधि गोयल, मनस्वी अरोरा 15 वर्ष बालिका वर्ग में पहले दौर के मैच जीते। मिस्का गुप्ता, रेनी अग्रवाल, मांडवी गांधी, तनवी दुबे, दिव्यांशी गांधी, तमन्ना सिंधा, दिव्या गुर्जर भी दूसरे दौर में आई। आरुष जैन, अर्नव पवार, वंश सिरवैया, प्रग्यान सलुजा, मन बडजत्या, मेहर आनंद, तीर्थ गोयल, विदित गुजराती, चंद्रकांत विश्वकर्मा 15 वर्ष बालक वर्ग के दूसरे दौर में पहुंचे,रुदांक्ष परमार, चैतन्य कलम्बकर, अर्णव पवार ने 17 वर्ष बालक वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की। 13 वर्ष बालक वर्ग के दूसरे दौर में पराक्रम त्रिवेदी ने अब्दुल कादिर उज्जैनवाला को 13-15, 15-6, 15-12 से, मन बड़जात्या ने अशांक मिश्रा को 15-12,15-2 से, आराध्य सागर ने प्रवर ओसवाल को 15-12, 15-13 से, अबीर चौधरी ने अनवित गुप्ता को 15-5,15-10 से, दिवेश दोशी ने तीर्थ गोयल को 15-12,15-9 से , गुरमन सिंह गांधी ने विहान बाफना को 15-8, 15-5 से हराया। 11 वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में वेदांत सिंह तोमर ने आरुष आर्य को 11-15,1512,15-9 से, लक्ष्य पाल ने आरव अग्रवाल को 15-12,14-15,15-4 से, अशांक मिश्रा ने व्योम सोतानी को 15-4, 15-7 से, अर्पण गांधी ने रुद्र सोमानी को 15-13, 15-9 से, आराध्य सागर ने सोम गौर को 15-11, 15-16 से और कैवल्य अग्रवाल ने आव्हान झांझरी को 15-3, 15-2 से पराजित किया। 13 वर्ष बालिका के पहले दौर में यशस्वी सोनगरा ने दिव्यांशी सिरोही को 15-6, 15-6 से और स्वस्ति शर्मा ने तनीशी पाल को 15-7, 15-2 से, 15 वर्ष बालिका में मनस्वी पटेल ने ऐशना जैन को 15-2,15-5 से हराया। 11 वर्ष बालिका वर्ग के पहले दौर में अनुष्का चक्रवादित्य ने आर्वी गुप्ता को और रित्वी दवे ने सृष्टि को पराजित किया। मुकाबले मल्हार क्रीड़ा मंडल के तीन कोर्टस पर हो रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नवी मुंबई के दौरे पर

नवी मुंबई, (ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री और राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह आज मंगलवार को नवी मुंबई का दौरा करेंगे। नवी मुंबई के सिडको एग्जीबिशन सेंटर में वे बीजेपी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में कोंकण ठाणे विभाग की वे समीक्षा करेंगे। इस बैठक में कोंकण और ठाणे प्रांत के 900 पदाधिकारियों के भाग लेने की बात कही जा रही है। गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे और आने वाले चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक सीट मिले इसके लिए दिशा निर्देश देंगे।

### खड़े ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत सभी एक ही परिवार के

सासाराम,(ईएमएस)। बिहार के रोहतास जिले में एक यात्री बस के खड़े ट्रक में टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। सभी यात्री राजस्थान से गया पिंडदान करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोमवार को चेनारी थाना क्षेत्र के सबराबाद के नजदीक हुई। यात्रियों की बस राजस्थान के झालावाड़ जिले से आई थी, अचानक सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान बालू सिंह, नरेंद्र सिंह और गोवर्धन सिंह के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को नींद की झपकी से यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### लड्डू विवादः मिलावट करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : एक्टर सुमन

अनंतपुर,(ईएमएस)। दक्षिण फिल्म अभिनेता सुमन ने सोमवार को तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिसने भी आस्था के साथ खिलवाड़ किया है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हिंदुओं की भावनाओं खिलवाड़ किया गया है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को फिर दोहराता हूं कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। सुमन अनंतपुर के गुंथकल्लू में एक दुकान का उद्घाटन कर रहे थे। जहां उन्होंने तिरुपति के लड्डू विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बता दें आंध्र के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के शासन में लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिली थी। सीएम ने इसे लेकर एसआईटी द्वारा जांच कराने के आदेश दिए थे। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू के दावों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने झूठे आरोप लगाकर तिरुमला मंदिर की प्रतिष्ठा को कम किया है और भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस मामले को लेकर आज यानी सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होना है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। सुब्रमण्यस्वामी, वाईवी सुब्बारेड्डी और विक्रम संपत ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित कर न्यायिक जांच की मांग उठाई है।

### खड़गे सौ साल जिएं, 100वें जन्मदिन पर पीएम मोदी बधाई दे : हुसैन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया, इस बयान में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था, जब तक मोदी को नहीं हटाएंगे, तब तक मैं जिंदा रहूंगा। दरअसल खड़गे की तबीयत 29 सितंबर को चुनावी सभा के दौरान खराब हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर यह विवादित बयान दिया। इस बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आपत्ति जाहिर की थी। भाजपा नेता हुसैन ने कहा, खड़गे की तबीयत अभी ठीक नहीं है, और हम उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली है। हम चाहते हैं कि उनकी उम्र 100 साल की हो और उनके 100वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी उन्हें जन्मदिन का गुलदस्ता भेंट करें।

दिल्ली की कानून व्यवस्था पर दिल्ली सरकार की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देकर हुसैन ने कहा, दिल्ली में कानून का राज है। जो भी घटनाएं हुई हैं, उन पर उचित कार्रवाई की गई है। आप जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी कर रही है और दिल्ली को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिलने पर शाहनवाज हुसैन ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, मिथुन दा हमारे देश के बहुत बड़े कलाकार हैं और मैं उन्हें इस सम्मान के लिए शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी प्रशंसा की है।

### कार में एयरबैग खुलने से बच्ची की मौत

मलप्पुरम (ईएमएस)। किसी दुर्घटना के समय यात्री और ड्राइवर की सुरक्षा के लिए कार में एयरबैग लगे होते है। लेकिन केरल से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें एयरबैग के खुलने की वजह से 2 साल की बच्ची की मौत हुई है। पुलिस ने बताया है कि केरल के मलप्पुरम में एक दुर्घटना के बाद कार का एयरबैग खुला। इससे दम घुटने से बच्ची की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना 27 सितंबर की शाम की है। लेकिन पुलिस ने 29 को इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि बच्ची अपने परिवार के सदस्यों के साथ कोट्टक्कल-पडापरम्बु इलाके से गुजरी रही थी। तभी कार एक टैंकर लॉरी से टकरा गई और टक्कर के बाद कार में अचानक एयरबैग खुल गया। आगे की सीट पर अपनी मां की गोद में बैठी बच्ची का चेहरा एयरबैग से दब गया था। इससे बच्ची का दम घुटने लगा और उसकी मौत हो गई। बच्ची की मां सहित बाकी के चार यात्री मामूली रूप से घायल हो गए हैं।

#### क्या होता है एयरबैग?

एयरबैग कार में लगा एक सेफ्टी फीचर होता है। जो कार में टक्कर होने के बाद खुल जाता है। यात्री या ड्राइवर के लिए ये कुशनिंग का काम करता है। ताकि उन्हें किसी गंभीर चोट से बच सके। मजबूती के लिए इस टेनेसिल स्ट्रेंथ' जैसे खास मटेरियल से तैयार किया जाता है। टक्कर के बाद इसमें नाइट्रोजन गैस भर जाता है और एयरबैग फुल जाता है। ये प्रक्रिया टक्कर के बाद बहुत ही कम समय में होती है। कार में लगे इस सिस्टम को सप्लीमेंटल रिस्ट्रेन्ट सिस्टम (एसआरएस) कहा जाता है।

### पशु चर्बी विवाद के बीच 14 लाख लड्डुओं की बिक्री हुई

अमरावती (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसाद यानी लड्डुओं को लेकर खड़े हुए विवाद के बाद भी खूब बिक्री हो रही है। पुश चर्बी होने के बाद खड़े हुए विवाद से भक्त विचलित नहीं हुए हैं। पिछले चार दिनों में 14 लाख लड्डुओं की बिक्री हुई है। यह पूरा विवाद तब सुर्खियों में आया था जब आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था, हालांकि वाईएसआरसीपी प्रमुख ने सभी आरोपों से इंकार किया था। इसके बाद लैब रिपोर्ट सामने आई थी। श्री वेंकटेश्वर मंदिर में इस प्रसाद की बिक्री बरकरार है। रिपोर्ट के अनुसार कथित तौर पर रोजाना 60,000 से अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने वाले मंदिर ने पिछले चार दिनों में 14 लाख से अधिक लड्डू बिके हैं। प्रसाद की बिक्री उनके औसत 3.50 लाख लड्डू प्रतिदिन के आंकड़े से मेल खाती है। एक भक्त ने बताया कि हमारी आस्था इतनी मजबूत है कि इस आस्था को हिलाया नहीं जा सकता। मंदिर में रोजाना तीन लाख से ज्यादा लड्डू तैयार किए जाते हैं और इस प्रक्रिया में कथित तौर पर 15,000 किलोग्राम गाय का घी इस्तेमाल होता है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू को आरोपों और लैब रिपोर्ट के बाद राजनीति गरमाई हुई है। वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने सभी आरोपों से इंकार किया है। इस बीच तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने कहा था कि भक्त मंदिर में लड्डुओं को लेकर अपनी आशंकाओं को दूर कर सकते हैं क्योंकि चार घंटे के शुद्धिकरण अनुष्ठान के साथ प्रसादम की पवित्रता बहाल कर दी गई है।

# केंद्र सरकार ने मिशन वात्सल्य योजना का अनुदान बंद किया

## मध्य प्रदेश की 4000 संस्थाएं बंद होने की कगार पर, 28000 बच्चे होंगे प्रभावित

भोपाल (ईएमएस)। केंद्र सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत दिए जाने वाला अनुदान बंद कर दिया है। केंद्र सरकार के अनुदान बंद हो जाने से मध्य प्रदेश की 3960 संस्थाएं बंद होने की कगार पर आ गई हैं। यह संस्थाएं केंद्र सरकार के अनुदान पर संचालित हो रही थी। इन संस्थाओं से 28000 बच्चों को लाभ मिल रहा था।

मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में बच्चों के लिए विभिन्न योजनाएं निजी संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही हैं । केंद्र सरकार के अनुदान बंद हो जाने से अब स्वयंसेवी संस्थाओं को स्वयं के खर्चे पर केंद्र सरकार की यह योजना संचालित करना संभव नहीं होगा। जिसके कारण अगले वित्त वर्ष से सभी स्वयंसेवी संस्थायें बाल योजनाएं स्वयं के खर्चे पर संचालित करना संभव नहीं होगा।

भारत सरकार के आदेश पर मध्य प्रदेश महिला और बाल विकास संचालनालय द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को 19 सितंबर को जो पत्र जारी किया गया है। उसके अनुसार अनुदान प्राप्त कर रही संस्थाओं की सूची और संस्थाओं की सहमति मांगी गई है। 2024-25 तक का बजट इन संस्थाओं का स्वीकृत किया गया था। अगले वित्त वर्ष से केंद्र सरकार यह राशि नहीं देगी। स्वयं के खर्चे पर जो संस्थाएं बाल योजनाओं को चलाना चाहती हैं। उन संस्थाओं की सहमति सरकार ने मांगी है। केंद्र सरकार की बाल योजनाएं बंद हो जाने के कारण बच्चों के पालन पोषण और चाइल्ड ट्रैफिकिंग का खतरा फिर बढ़ाने की संभावना है। संस्था अपने स्वयं के वित्तीय स्त्रोत से जो कार्य अभी संचालित कर रही थी। वह अर्थाभाव के कारण करना संभव नहीं होगा। संस्थाओं की एक सबसे बड़ी दिक्कत यह है। जेजे एक्ट के तहत इन्हें संस्थाओं का संचालन बिना सरकारी सहयोग के संभव ही नहीं है।



# निवेश के नाम पर ठग लिए 23 लाख नागपुर से दो महिला गिरफ्तार

## एक महिला का बेटा है मास्टरमाइंड, फिलिपींस में बैठकर करता है ठगी

देहरादून,(ईएमएस)। योजनाओं के नाम पर बायोमेट्रिक लेने व उस पर सिमकार्ड लेकर धोखाधड़ी करने वाली दो महिला ठगों को साइबर पुलिस ने नागपुर जाकर नोटिस तामिल कराया उन्हें हिरासत में लिया है। एसटीएफ ने बताया कि देहरादून के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने टेलीग्राम में एक आनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखा। लिंक पर क्लिक करने पर उनको एक अज्ञात वाट्सएप ग्रुप से जुड़ना बताया। चेटिंग करने के बाद उन्हें एक अन्य लिंक के जरिए से एक इन्वेस्टमेंट ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में पूर्व से जुड़े लोगों ने अपने मुनाफा की धनराशि के स्क्रीनशाट शेयर भेजे। झांसे में आकर उनसे 23 लाख रुपए ठग लिए। इस मामले में साइबर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शुरु की। जांच टीम ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों व वाट्सएप की जानकारी के लिए संबंधित बैंकों, सर्विस प्रदाता कंपनी, मेटा कंपनियों से डेटा हासिल किया। जांच में सामने आया कि साइबर ठगों ने घटना में पीड़ित से अन्य व्यक्तियों के खातों का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की धनराशि इन्हीं खातों में डाल दी। साइबर पुलिस टीम ने बैंक खातों, मोबाइल नंबरों का सत्यापन किया। इस दौरान पुष्पा बारापत्रे निवासी गीडोबा मंदिर थाना बाड्डोडा जिला नागपुर व यदम्मू निवासी गणेश अपार्टमेंट दिघोरी का नाम सामने आए। नागपुर पहुंची साइबर टीम ने दोनों को नोटिस तामिल कराया और उनसे भारी संख्या में सिम कार्ड बरामद किए। जांच में सामने आया कि दोनों महिलाएं भारत से बाहर विदेशी साइबर अपराधियों के संपर्क में हैं।

एक महिला यदम्मू का बेटा राजू फिलिपींस में रहता है, जोकि इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह फिलीपींस में बैठकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देता है।

एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि वह आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों के बायोमेट्रिक लेकर उससे सिम एक्टिवेट करवाकर राजू को कोरियर के जरिए से फिलीपींस भेजती हैं। इसके बदले में राजू उन्हें मोटी रकम देता है। आरोपी महिलाओं से घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन में कई बैंक खाते, बड़ी मात्रा में सिम कार्ड की फोटो व दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शन, भारत और कराची में सड़कों पर लोग

नई दिल्ली (ईएमएस)। हिजबुल्लाह चीफ की मौत के बाद दुनियाभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। भारत में भी कुछ जगहों पर नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शन होने की खबर है। लखनऊ में रविवार रात शिया समुदाय के 10 हजार लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने 1 किलोमीटर तक कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

प्रदर्शनकारियों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाकर नारेबाजी की। शिया समुदाय ने 3 दिन शोक मनाने का ऐलान किया है। शिया समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। हसन नसरल्लाह जिंदाबाद और आग लगा दो-अमेरिका को आग लगा दो जैसे नारे लगाए।

वहीं पाकिस्तान में कराची में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की हत्या के विरोध में प्रदर्शन हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक भीड़ अचानक हिंसक हो गई, इस तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। इससे नाराज होकर लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। इसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए।

रिपोर्ट के मुताबिक भीड़ कराची में अमेरिकी दूतावास के तरफ बढ़ने लगी थी, जिसे रोकने के लिए पुलिस ने सख्ती बरती। इस रैली को पाकिस्तान का शिया इस्लामी राजनीतिक संगठन मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) लीड कर रहा था। एमडब्ल्यूएम ने कहा कि उनकी भीड़ शांतिपूर्वक थी।

कश्मीर में भी प्रदर्शन

नसरल्लाह की हत्या के विरोध में कश्मीर घाटी और करगिल जिले में भी प्रदर्शन हो हुए। जम्मू-कश्मीर के कई राजनीतिक नेताओं ने हिजबुल्लाह चीफ के हत्या की निंदा की है।

## भारत से विदेशों में नौकरी के नाम पर लड़कियों की तस्करी

जालंधर (ईएमएस)। संत सीचेवाला ने पंजाब के लोगों से अपील की है। वह अपनी बेटियों को खाड़ी के देशों में भेजने से बचें। उन्होंने अरब देशों में फंसी लड़कियों का उल्लेख करते हुए, उनकी दुखद कहानी सुनाई। नौकरी और अच्छे भविष्य का लालच दिखाकर पंजाब की लड़कियों को खाड़ी के देशों में भेजा जा रहा है। वहां पर उन्हें कैद कर लिया जाता है। उनका यौन शोषण होता है। खाड़ी के देशों से जो 9 लड़कियां वापस आई हैं। उन्होंने अपनी दुखद गाथा सुनाई है। इन लड़कियों को पंजाब से 35 से 40000 की नौकरी का झांसा देकर खाड़ी देशों में ले जाया गया था। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनके पासपोर्ट




ले लिए गए थे। लड़कियों को कमरों में कैद कर दिया जाता था। खाड़ी के देशों में लड़कियों को भेजने का काम ट्रैवल एजेंट अवैध तरीके से करते हैं। खाड़ी के देशों में इन लड़कियों से 12 घंटे से अधिक लगातार काम करवाया जाता है। उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। उनका शारीरिक शोषण किया जाता है। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। सांसद संत बलबीर सिंह की कोशिशों के बाद इराक, अमन और कतर से 9 लड़कियों को बामुश्किल वापस लाया गया है। उन्होंने जब अपनी आप बीती सुनाई।

## क्या फिर बसोहली पर अपना कब्जा कायम रख पाएगी भाजपा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के मतदान को लेकर तैयारियां हैं। बता दें कि राज्य में 01 अक्तूबर को अंतिम चरण का मतदान होगा है। साल 2014 के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इन 10 सालों में घाटी के हालातो में काफी बदलाव आया है, मोदी सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया है, सूबे से आर्टिकल 370 हटा दिया गया है। कई पुरानी सीटों का अस्तित्व खत्म हो चुका है, तब कई नई सीटें बन गई हैं। इन सभी बदलाव के जम्मू-कश्मीर की बसोहली का मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।




बता दें कि जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर, दूसरे चरण का मतदान 25 सितंबर को चुका है। अब 01 अक्तूबर को तीसरे चरण का मतदान होना है। बसोहली सीट पर भी 01 अक्तूबर को मतदान होना है। इस सीट पर साल 2014 में लाल सिंह ने जीत हासिल की थी। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने चौधरी लाल सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं पीडीपी ने योगिंदर सिंह और भारतीय जनता पार्टी ने दर्शन सिंह पर दांव लगाया है।

साल 2014 में भाजपा ने बसोहली विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। तब इस सीट पर 73.84 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के उम्मीदवार लाल सिंह ने जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय पार्टी के दविंदर सिंह को 17,804 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। वहीं इस बार घाटी में भाजपा के खिलाफ लहर चल रही है और क्षेत्रीय पार्टियों को ज्यादा समर्थन मिल रहा है।

## विजय संकल्प यात्रा में राहुल गांधी ने जमकर बोला हमला, कहा

# हरियाणा को नहीं चाहिए अडाणी सरकार

नारायणगढ़ (ईएमएस)। राहुल गांधी की हरियाणा में दो दिन हरियाणा विजय संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। सोमवार को पहले दिन यह यात्रा नारायणगढ़ से शुरू हुई है और शाम 6 बजे थानेसर पहुंची। इस दौरान उन्होंने भाजपा और मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने नारायणगढ़ की जनसभा में कहा कि हरियाणा में मुकाबला भाजपा-कांग्रेस का है। बाकी छोटी-छोटी पार्टियां सब भाजपा की हैं। अग्निवीर स्कीम जवानों की पेंशन चोरी का तरीका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अडाणी की सरकार नहीं चाहिए। किसानों, मजदूरों की सरकार बनेगी। जब भी मेरी जरूरत है, भाषण देना हो। आपको सिर्फ ऑर्डर देना है, मैं हाजिर हो जाऊंगा। इस यात्रा में राहुल के साथ बहन प्रियंका गांधी भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 साल पुराने आरोप लगा रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा की सरकार आएगी, यहां पर बदलाव आएगा। फिर दिल्ली में सरकार




आएगी, तो गरीब लोगों की जेब में पैसा भेजूंगा। जहां भी मुझे मौका मिला, मैं इसे पूरा करके रहूंगा। राहुल गांधी ने कहा- आखरी बात जो सबसे जरूरी बात। जातिगत जनगणना। मुझे ये पता लगाना है कि कौन सी जाति के कितने लोग हैं। हिंदुस्तान की सरकार 90 अफसर चलाते हैं। इनमें तीन अफसर ओबीसी वर्ग के हैं, उनको बड़े मंत्रालय नहीं मिलते। बड़ी मिनिस्ट्री में वही लोग आठ प्रतिशत लोग ही हैं। दलित 15 प्रतिशत हैं, सौ रुपए में से एक रुपए का निर्णय दलित अफसर लेते हैं। इसीलिए कांग्रेस ने कहा हम ये जानना चाहते हैं कि कितने दलित, कितने आदिवासी और कितने पिछड़े वर्ग के हैं।

#### हिंदुस्तान के बड़े कॉर्पोरेट्स में कितने दलित-पिछड़े हैं

राहुल गांधी ने कहा कि छोटा सा उदाहरण देता हूं कि आपको। आप खेती करते हो, छोटा बिजनेस चलाते हो। आपको दबाया जाता है। अब मैं आपसे सवाल पूछता हूं, हिंदुस्तान के सबसे बड़े 250 कॉर्पोरेट्स हैं, उसमें कितने दलित, पिछड़े हैं। ये कॉर्पोरेट वाले ही कानून बनवाते हैं, उनमें कोई दलित पिछड़ा है ही नहीं। तो आपकी कौन सुनेगा।

#### किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे

राहुल गांधी ने कांग्रेस की सात गारंटियों का भी अपने भाषण में जिक्र किया। राहुल ने कहा- हर जाति को न्याय के साथ हरियाणा में 2 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। किसान को गारंटी के साथ एमएसपी देंगे। आपका जो धान अभी नहीं खरीदा जा रहा है, वह चुनाव खत्म होते ही खरीदी जाएगा। राहुल ने कहा कि अगर अडाणी जैसे लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ हो सकता है, तो आपका भी हो सकता है। मोदी जी कहते हैं कि किसान का कर्जा माफ नहीं होना चाहिए, मगर फिर अडाणी का भी एक पैसा माफ नहीं होना चाहिए। अगर आपको अरबपतियों को पैसा देंगे तो इनको भी पैसा देना होगा। इसलिए हरियाणा में हमने तीन चार कदम लिए हैं, इन चीजों का लक्ष्य एक ही है आपके बैंक अकाउंट में पैसा डालना।

#### अंबानी-अडाणी जितना पैसा लोगों की जेब में डालूंगा

राहुल ने कहा- सम्मान जरूरी है, लेकिन पैसे के बिना सम्मान नहीं हो सकता। जितना पैसा इन्होंने अडाणी और अंबानी को दिया है, उतना ही पैसा मैं आपकी जेब में डालूंगा। सिंपल सी बात है, आपकी जेब से कितना निकल रहा है, और कितना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में हमने बात कही, कि हम चाहते हैं कि हिंदुस्तान की हर गरीब महिला के अकाउंट में एक लाख रुपए डालना है। सारे एक्सपर्ट खड़े हो गए, ऐसा नहीं हो सकता। मैंने कहा आप जो भी कहो, हम ऐसा करके रहेंगे।

# बीसीसीएल में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन





धनबाद । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से सितम्बर-2024 माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 30.09.2024 को कोयला भवनमें सेवानिवृत्ति-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षतानिदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहायने की. समारोह मेंमहाप्रबंधक (कार्मिक) विद्युत साहा ने भी सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया. अपने अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहायने सभी कार्मिकों को सफ़लता पूर्वक कंपनी की सेवा करने के लिए बधाई एवं धन्यवाद तथाउन्होनें सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को कम्पनी से प्राप्त होने वाली धनराशी का समझदारी से उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर परमुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष/महाप्रबंधक विशेषकर सरोज कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार, अपूर्व कुमार मित्रा, सत्यप्रिय रॉय, तथा अधिकारीगणों में अभिषेक कुमार, मनीष चन्द्र साहू, प्रभात एवं मुख्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने वाले सभी कार्मिकों को निदेशक (वित्त) ने शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिह्न आदि देकर सम्मानित किया । इस विशेष अवसर पर सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। सम्मान समारोह में यूनियन प्रतिनिधी श्री कुश कुमार सिंह, आशीस कुमार सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क विभाग के प्रणव कुमार ओझा ने किया। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कार्मिकों की सूची में एम.एस.दूत,मो. जमातुल आलम, इंद्रनील मुखजी, बिजय प्रसाद साह, संदीप शर्मा,एस एस.लाल, अरुण कुमार, सिंह, भवतारण डे, गोपी हाड़ी,मो. हुसैन, श्रीमती लछमिन देवी,राजु रविदास शामिल है ।

## बीसीसीएल केंद्रीय अस्पताल में सफाई कर्मियों के बीच स्वच्छता सुरक्षा किट का वितरण

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डॉक्टरों ने की लगाया झाड़ू, सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन





धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में व्यापक स्तर पर चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज कंपनी के केंद्रीय अस्पताल जगजीवन नगर में कई आयोजन किए गए। प्रातः दस बजे सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ सदस्यों एवं कंपनी के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने चलाया गहन सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्यालय से महाप्रबंन्धक कार्मिक एवं सीएसआर श्री बिद्युत साहा, महाप्रबंन्धक कल्याण श्री सरोज पाण्डेय, केंद्रीय सप्ताल।की सीएमएस डॉ सुजाता होता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वंदना ठाकुर, सेफ्टी बोर्ड सदस्य श्री रामधारी सिंह आदि उपस्थित रहे।सफाई अभियान के बाद सेंट्रल हॉस्पिटल के 36 नियमित एवं 48 ठेका सफाई कर्मचारियों के बीच स्वच्छता सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस किट में सुरक्षा कर्मियों के उपयोग के लिए कुल 9 वस्तुएं (सुरक्षा एप्रॉन, रिफ्लेक्टर जैकेट, मास्क, सेनेटाइजर, ग्लव्स, गमबूट, कमर-बैग, पानी की बोतल एवं तौलिया) उपलब्ध करायीं गयीं। इसके साथ ही प्रबन्धन द्वारा सभी सुरक्षा कर्मियों को गुलाब के फूल देकर उनका अभिनंदन भी किया।कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में सीएचडी के चिकित्सकों द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों की खून, बीपी, शुगर आदि के साथ गहन स्वास्थ्य जांच की गई। आवश्यकतानुसार सभी कर्मचारियों को जरूरी दवाई और चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई गई। सम्पूर्ण आयोजन में अस्पताल के।प्रबंधक कार्मिक श्री विनीत सिंह, स्वेता सुभाषिणी आदि का विशेष योगदान रहा।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

### मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



धनबाद, झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन सोमवार को रांची से हेलिकॉप्टर द्वारा बलियापुर स्थित हवाई पट्टी पहुंचे। हैलिपैड पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री का कारकेड सभा स्थल की ओर रवाना हुआ। सभा स्थल पर पारंपरिक तरीके से उनका अभिवादन किया गया।वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री के कारकेड के साथ सभा स्थल से हैलिपैड तक गए और उन्हें विदाई दी।

## बच्चों का रहा अच्छा प्रदर्शन

### राजकमल के बच्चे हुए सम्मानित





धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल के द्वारा राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया गया । इस अवसर पर राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया । इन्हीं गतिविधियों के क्रम में बीसीसीएल द्वारा दिनांक 25 सितंबर, 2024 को 3:30 बजे अपराह्न के दौरान कक्षा छठी 6 से दसवीं 10 तक के विद्यार्थियों के लिए डी ए वी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ,जिसमें राजकमल के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, तृतीय और चतुर्थ स्थान राजकमल को मिला । बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में समारोह आयोजित कर विजेताओं को नगद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में, विनायक कुमार, आर्यन कांत शर्मा, सचिन कुमार, अंशु कुमारी ,बृजेश गौहर, अंकिता, जोया शेख, अंजली कुमारी, दिव्या अग्रवाल, शिवम पाठक ,निभा कुमारी ,श्रेयम कुमार, शिवम वर्मा, शौर्य साव, काव्य कुश कुंज और प्रणव मरांडी शामिल हैं। इन विजेताओं को विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया । मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार ने विजेताओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## झमाडा में नौकरी की मांग को लेकर आंदोलनकारियों ने कराया मुंडन



धनबाद। ज्ञात हो की झमाडा में नौकरी की मांग को लेकर 951 दिनों से लगातार धरना पर बैठने के बावजूद झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा पर बहाल नहीं किए जाने के विरोध में लगातार चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आंदोलनकारियों ने सार्वजनिक मुंडन कराया एवं हेमंत है तो दिक्क़त है, हेमंत हटाओ झारखण्ड बचाओ के नारे लगाए।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।